34 वां स्थापना वर्ष

समवेत शिखर

वर्ष-34 अंक-23 | रायपुर, शुक्रवार 09 जून 2023 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

फर्स्ट कालम

केदारनाथ मंदिर के पीछे एवलांच, श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मची

देहरादुन। स्थित केदारनाथ मंदिर के आसपास के पहाड़ों में गुरुवार सुबह एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। एवलांच चोराबाड़ी ताल की तरफ हुआ। घटना सुबह करीब सवा सात बजे की है। करीब चार से पांच मिनट तक बर्फ का धुंआ उठता रहा। इस दौरान श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर रहे थे। बर्फ का धुंआ उठता देख वहां अफरा-तफरी मच गई।

वानखेड़े को 23 जून तक गिरफ्तारी से राहत

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व हृष्ट्रक जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को 23 जून तक गिरफ्तारी से राहत दी है। दरअसल, सीबीआई ने कोर्ट से वानखेड़े की गिरफ्तारी पर लगी रोक हटाने की अपील की है। इसके खिलाफ वानखेड़े ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सीबीआई का कहना है कि वानखेड़े के खिलाफ रिश्वतखोरी के बेहद गंभीर और संवेदनशील आरोप हैं। ऐसे में उन्हें गिरफ्तार करने की परमिशन दी जाए। वहीं, वानखेड़े के वकील ने पिटीशन में बदलाव करने के लिए 2 हफ्ते का समय मांगा था।

कर्नाटक के बाद अब श्रीनगर के स्कूल में हिजाब विवाद

श्रीनगर। कर्नाटक के बाद अब हिजाब विवाद जम्मू-कश्मीर पहुंच गया है। श्रीनगर के रैनावाड़ी इलाके में स्थित विश्व भारती महिला कॉलेज की छात्राओं का आरोप है कि उन्हें हिजाब पहनने से रोका जा रहा है। उनका कहना है कि हिजाब हमारे धर्म का हिस्सा है और इसे हम बिल्कुल नहीं हटाएंगे। जब बाकी के स्कूलों में इसे लगाने की परमिशन है तो हमारे स्कूल में क्यों नहीं? छात्राओं ने स्कूल प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया।

लिव-इन पार्टनर की हत्या शव कुत्तों को खिलाया , बॉडी के टुकड़े कुकर में उबाले

मुंबई। मुंबई में श्रद्धा वालकर मर्डर केस जैसा मामला सामने आया है। यहां मीरा रोड इलाके में 56 साल के आरोपी ने अपनी 32 साल की लिव-इन पार्टनर का मर्डर कर आरी से शव के टुकड़े कर दिए। इसके बाद आरोपी ने शव के टुकड़े कुकर में उबाल दिए। पुलिस को शक है कि उसने उबला हुआ मांस कुत्तों को खिलाया। आरोपी का नाम मनोज साने है। वह पिछले 3 साल से सरस्वती वैद्य नाम की महिला के साथ मीरा रोड इलाके की आकाशगंगा बिल्डिंग के 7वें फ्लोर पर किराए के फ्लैट में रह रहा था।

मणिपुर में सेना ने चलाया सर्च ऑपरेशन, अब तक 900 हथियार बरामद

इम्फाल। मणिपुर में 3 मई से हो रही हिंसा को लेकर पहाड़ी और घाटी इलाके में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। बुधवार को एक जॉइंट कॉम्बिंग ऑपरेशन में सेना के जवानों और पुलिस बल ने 29 हथियार बरामद किए हैं। सेना की स्पीयर कोर विंग ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बरामद हथियारों में ज्यादातर ऑटोमैटिक हथियार हैं। वहीं कुछ मोर्टार, हैंडग्रेनेड और जंगी सामान भी बरामद किया गया है। इससे एक दिन पहले, मणिपुर सरकार के सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह ने बताया था कि पिछले 24 घंटों के दौरान इंफाल ईस्ट के पोरोमपत और काकचिंग जिले के सुगनू से कुल 57 हथियार, 318 गोला बारूद और पांच बम बरामद किए गए हैं।

केरल पहुंचा मानसून, पूरे राज्य में बारिश, अब कर्नाटक-तमिलनाडु में दस्तक देगा

उत्तर भारत में एक हफ्ते बाद आएगा

नई दिल्ली (ए)। केरल में गुरुवार को मानसून पहुंच गया। इसके प्रभाव से वहां जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के सीनियर साइंटिस्ट आरके जेनामणि ने बताया कि हवा की स्पीड और हालात सही रहे तो मानसून तेजी से आगे बढ़ेगा।

मानसून एक हफ्ते की देरी से केरल पहुंच गया है। राज्य के 95 फीसदी इलाके में बारिश हो रही है। अब इसके बाद मानसून कर्नाटक और तमिलनाडु पहुंच जाएगा। मौसम विभाग के सीनियर साइंटिस्ट आरके जेनामणि ने बताया कि हवा की स्पीड और हालात सही रहे तो यह बहुत तेजी से दक्षिण से उत्तर की तरफ बढ़ेगा। अगले हफ्ते तक उत्तर भारत पहुंच जाएगा। आमतौर पर केरल में 1 जून तक मानसून आ जाता है।

आईएमडी ने पहले 4 जून को मानसून के केरल पहुंचने की बात कही थी, लेकिन अरब सागर में उठे बिपरजॉय तूफान ने इसका रास्ता रोक लिया था। बिपरजॉय अब पाकिस्तान की ओर बढ़ गया है, जिससे केरल पहुंचने के लिए मानसून का रास्ता साफ हो गया।

मध्य प्रदेश : कहीं बारिश तो कहीं गर्मी, चक्रवात की वजह से मानसून की एंट्री लेट हुई मध्यप्रदेश में इन दिनों कहीं तेज बारिश हो रही है, तो कहीं भीषण गर्मी पड़ रही है। गुरुवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अरब सागर में चक्रवात बनने से प्रदेश में नमी तो आ रही है, लेकिन उसका असर कम है। खासकर दमोह, खजुराहो, छतरपुर समेत कई इलाकों में गर्मी का असर बढ़ा है।

राजस्थान : 8 दिन देरी से आएगा मानसून, बारिश-अंधड़ के बाद गर्मी और उमस का दौर शुरू? राजस्थान में आंधी-बारिश का दौर हल्का पड़ने के साथ अब गर्मी तेज होने लगी है। राज्य के कई शहरों में दिन का पारा अब 40 डिग्री या इससे ऊपर चला गया है। कुछ जिलों में तेज धूप के साथ उमस भी परेशान करने लगी है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ है।

छत्तीसगढ़ : छत्तीसगढ़ में हीट वेव की चेतावनी, अगले दो दिनों तक राहत की उम्मीद नहीं है। राज्य में लोग इस समय बढ़ते तापमान और झुलसाने वाली गर्मी के साथ लू के थपेड़ों से बेहाल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक राहत की कोई उम्मीद भी नहीं है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर प्रदेश के मध्य क्षेत्र में देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा तापमान जांजगीर जिले का रहा यहां 45.3 डिग्री टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया।

48 घंटे में और तेज होगा चक्रवाती तूफान 'बिपरजोय'

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि चक्रवात बिपारजॉय अगले 48 घंटों में एक गंभीर चक्रवाती तूफान में और तेज हो जाएगा और अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत की ओर बढ़ जाएगा। मौसम विभाग ने ट्वीट किया वीएससीएस बिपाजॉय पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर, 07 जून, 2023 को 2330 बजे आईएसटी पर 13.6ह्न और लंबे 66.0श्च के पास, गोवा के लगभग 870 किमी पश्चिम-दक्षिण पश्चिम, मुंबई के 930 किमी SW पर केंद्रित है। यह अगले 48 घंटों के दौरान धीरे-धीरे और तेज होगा और अगले 3 दिनों के दौरान लगभग उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ जाएगा।

'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने सरकार ने पांच और महत्वपूर्ण निर्णय लिए

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को खुदरा विक्रेता के रूप में प्रोत्साहित किया जाएगा

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार ने पांच और महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख एस मांडविया के साथ राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय किये गए। बैठक में सहकारिता मंत्रालय एवं उर्वरक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

देशभर में लगभग एक लाख प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियां मौजूद हैं। मैपिंग के आधार पर उर्वरक खुदरा विक्रेता के रूप में कार्य नहीं कर रहीं प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की पहचान की जाएगी और व्यवहार्यता के आधार पर उन्हें चरणबद्ध तरीके से खुदरा विक्रेता के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जैविक उर्वरकों, विशेष रूप से फर्मेंटेड जैविक खाद तरल फर्मेंटेड जैविक खाद और फॉस्फेट समृद्ध जैविक खाद के विपणन में पैक्स को जोड़ा जाएगा।

उर्वरक विभाग की मार्किट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजना के तहत उर्वरक कंपनियां छोटे बायो-ऑर्गेनिक उत्पादकों के लिए एक एग्रीगेटर के रूप में कार्य कर अंतिम उत्पाद का विपणन करेंगी, इस आपूर्ति और विपणन श्रृंखला में थोक/ खुदरा विक्रेताओं के रूप में पैक्स को भी शामिल किया जाएगा। उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए पैक्स को ड्रोन उद्यमियों के रूप में भी कार्यरत किया जा सकेगा, साथ ही, ड्रोन का उपयोग संपत्ति सर्वेक्षण के लिए भी किया जा सकता है।

इन महत्वपूर्ण निर्णयों से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कार्य क्षेत्रों में विस्तार होगा जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के भी अवसर बढ़ेंगे और किसानों को उर्वरक, कीटनाशक, बीज तथा कृषि मशीनरी आदि स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी।

मोदी नीत सरकार के कार्यकाल में देश की विकास गाथा गढ़ रही हैं महिलाएं: स्मृति

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार के कार्यकाल में महिलाएं सुरक्षित हैं और वे देश की प्रगति और विकास गाथा गढ़ रही हैं। सुश्री ईरानी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। पिछले नौ वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि एक समय था जब सरकार कहती थी कि महिलाओं का उत्थान होना चाहिए और अब समय है जब भारत कहता है कि देश के उत्थान के लिए महिलाओं का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बीते नौ साल के कार्यकाल में हमारे मंत्रालय ने राज्य सरकारों की अन्य परियोजनाओं के साथ निर्भया फंड के तहत 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को आगे बढ़ाया। मंत्रालय की अन्य पहलों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर देश के हर जिले में महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ऐसे 733 केंद्र कार्यरत हैं तथा केंद्र सरकार ने 300 और केंद्र खोलने के लिए बजट सुनिश्चित किया है। सुश्री ईरानी कहा कि आज हमारे देश में 34 से अधिक 'महिला हेल्पलाइन' काम कर रही हैं। हमारा संकल्प है कि हर थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की जाए, जिसके तहत अब तक विभिन्न थानों में 13,550 हेल्प डेस्क स्थापित किए जा चुके हैं। अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई जैसे आठ शहरों में 'सुरक्षित शहर परियोजना' के लिए धन उपलब्ध कराया गया है। वहीं करीब 800 वन स्टॉप सेंटर स्वीकृत किये गये हैं, जिनमें से कुल 733 केंद्र कार्य कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने फास्ट-ट्रैक अदालतों के संदर्भ में कहा कि देश में लगभग 1,023 फास्ट ट्रैक अदालत स्थापित किये गये हैं, जिनमें से 418 अदालतें विशेष रूप से पॉस्को अदालतें हैं।

भाजपा के 15 सालों में जितना धर्मांतरण हुआ उतना कभी नहीं हुआ, ना होगा: सीएम बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर दिए गए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर पलटवार किया है। सीएम श्री बघेल ने कहा कि जितना धर्मांतरण भाजपा के 15 सालों में हुआ, इससे पहले ना कभी हुआ और ना अब हो रहा है। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश के समय से धर्मांतरण पर कानून बना हुआ है और उसको यहां साल 2000 से जैसे का तैसा अडॉप्ट किया गया है।

सीएम श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में जिस जगह से भी धर्मांतरण की शिकायतें आ रही हैं, उस पर कार्रवाई हो रही है। कुछ फर्जी शिकायतें सामने आई हैं। इनमें कुछ शिकायतें सही भी थी और उस पर कार्रवाई की गई है और जहां तक बात गिरिराज सिंह की है तो वे इससे पहले एक आध बार ही छत्तीसगढ़ आए होंगे। मगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल के15 सालों में जितने चर्च बने हैं, उससे ना पहले बने हैं ना उसके बाद में।

सीएम ने चुनौती देते हुए कहा कि बीजेपी उनके इस दावे का खंडन न करे। चर्च तभी बनेगा या पूजा स्थल तभी बनेगा, जब वहां के मानने वाले लोग रहेंगे, तब इसका मतलब यह है कि जितना धर्मांतरण 15 सालों में हुआ है, उसके पहले कभी नहीं हुआ।

बता दें किस मंच पर आना है : एमएसपी के मुद्दे पर बात करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीधे कांग्रेस को चुनौती दी है, जिसे स्वीकार करते हुए सीएम ने कहा कि उनकी चुनौती स्वीकार है, वे बता दें किस मंच पर आना है। यूपीए सरकार में कितना धान का भाव बढ़ा और एनडीए सरकार में कितना भाव बढ़ा, 10 साल उनके भी हो रहे हैं और 10 साल हमारे भी थे। उसमें कितना प्रतिशत एमएसपी बढ़ा और अभी कितना प्रतिशत बढ़ा है, हम बहस करने के लिए तैयार हैं।

सीएम ने कहा कि उस समय डीजल पेट्रोल के भाव क्या थे और अभी क्या हैं, वे जिस मंच में आना चाहें, कोई भी कार्यकर्ता बैठकर उनसे बहस कर लेगा, कोई भी किसान बात कर लेगा, जो स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट है, उतनी एमएसपी बढ़नी चाहिए। जब 1800 रू. एमएसपी थी, तब हमने 2500 रुपए में खरीदने का फैसला किया था तो यह स्पष्ट होता है कि स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट से हम थोड़ा बढ़ा कर ही दिए थे किसानों को और अब राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू कर दी है, तो जितना समर्थन मूल्य बढ़ेगा उतनी राशि भी हमारे किसानों के लिए बढ़ जाएगी। 3 सालों से यही चल रहा है।

विधायकों के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं

सीएम ने इस मुद्दे पर कहा कि मंत्रियों के साथ मीटिंग हो गई है। विधायकों के साथ मीटिंग हो रही है, मुझसे भी कई बार कुमारी सैलजा की मीटिंग हुई है। वे प्रभारी हैं उनका काम ही है कि सब के कार्यों की समीक्षा करते रहना तो उनकी समीक्षा नहीं करेंगे तो निर्णय कैसे लेंगे, इसलिए जरूरी है सभी के कार्यों की समीक्षा करें।

थर्ड फ्रंट की चुनौती को लेकर कहा

जब अजीत जोगी जी कांग्रेस के भीतर थे तब हम सत्ता से बाहर थे, जैसे ही जोगी कांग्रेस से बाहर हुए, हम सत्ता में आ गए। नतीजों में कांग्रेस को 68 सीट मिली, जबकि भारतीय जनता पार्टी में 3 बार के शासन में रहे चाउंर वाले बाबा कभी 60 का आंकडा छू नहीं पाए। हम तो 68 सीट जीते और जब उप चुनाव हुए तो उसमें 71 हो गए और अभी किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं का समर्थन और आशीर्वाद हमको मिल रहा है। किसान मजदूर सब का आशीर्वाद मिलेगा। ये आंकड़ा 71 से और आगे बढ़ेगा।

जिंदगी की जंग हारी बोरवेल में गिरी सृष्टि

रोबोटिक टेक्निक से खींचा बाहर, करीब 50 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

भोपाल (ए)। मध्यप्रदेश के सीहोर के मुंगावली गांव में 300 फीट गहरे बोरवेल में गिरी बच्ची जिंदगी की जंग हार गई। 3 साल की मासूम सृष्टि को करीब 52 घंटे बाद बोरवेल से बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीम ने उसे रोबोटिक टेक्निक से बाहर खींचा। बच्ची कोई रिस्पॉन्स नहीं कर रही थी। उसे एंबुलेंस से सीधे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

बच्ची 150 फीट की गहराई पर फंसी थी।

रोबोट टीम के प्रभारी महेश आहीर ने बताया कि जब बच्ची को बाहर निकाला गया, तब वह बेहोश थी। वह किसी प्रकार से रिस्पॉन्स नहीं कर रही थी। हमने रोबोट के डेटा के साथ सेना, एनडीआरएफ की मदद से पूरा रेस्क्यू किया है। बच्ची के बाहर आते ही डॉक्टर ने बच्ची को लिया और एंबुलेंस में लेकर उसे अस्पताल लेकर रवाना हो गए। सृष्टि नाम की 3 साल की ये बच्ची मंगलवार दोपहर करीब एक बजे खेलते-खेलते खेत में बने बोर में गिर गई थी।

पुल के पिलर से रेस्क्यू किए गए बच्चे की मौत

सासाराम। बिहार में रोहतास जिले में सोन नदी पर बने पुल के दो पिलर के बीच फंसे 11 साल के बच्चे की रेस्क्यू के बाद मौत हो गई है। 25 घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे बाहर निकाला गया। बच्चे को गंभीर हालत में सासाराम सदर अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे पहले एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के 3 अफसर और 35 जवानों ने 25 घंटे तक रेस्क्यू चलाया।

बीजेपी के तीन सांसदों ने राहुल गांधी को लेटर लिखा, कहा- कांग्रेस और गांधी परिवार को नफरत फैलाने में महारत हासिल

नई दिल्ली। भाजपा के तीन सांसदों ने गुरुवार को राहुल गांधी को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने राहुल पर अमेरिका यात्रा के दौरान भारत के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह लेटर भाजपा सांसद राज्यवर्धन राठौर, परवेश साहिब सिंह और पूनम महाजन ने लिखा है। लेटर में कहा गया है कि राहुल गांधी के 'मोहब्बत की दुकान' के बारे में सुनकर बहुत अच्छा लगता है। अगर उनकी पार्टी सच में इस रास्ते में चले तो कितना बेहतर होता, लेकिन अफसोस कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। भाजपा ने लेटर में कहा कि कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के लिए नफरत फैलाना कोई नई बात नहीं है। इसमें उनको महारत हासिल है। अगर गांधी परिवार के इतिहास के पन्ने पलटे जाएं तो कई नफरत के किस्से मिलेंगे। इस परिवार ने देश में नफरत का मेगा मॉल खोल रखा है।

120 घंटे बाद भी 91 शवों की पहचान नहीं

ओडिशा रेल हादसे के लिए कांग्रेस ने पीएम और रेलमंत्री को जिम्मेदार बताया, कहा- एफआईआर हो

भुवनेश्वर (ए)। ओडिशा रेल हादसे को 120 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। अभी भी 91 शवों की पहचान नहीं हो सकी है। ऐसी ढेरों डेड बॉडीज हैं, जिन पर कई परिवार दावा कर रहे हैं। कई लोग हादसे के बाद से लापता हैं, जिनकी तलाश में उनके परिजन अस्पताल और पुलिस स्टेशन के चक्कर काट रहे हैं।

उधर, कांग्रेस के स्पोकपर्सन अजय कुमार ने पूरी घटना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को जिम्मेदार बताया है। अजय का कहना है कि रेल मंत्री की ओर से यह एक साजिश थी, जिसकी वजह से बालासोर रेल हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए। सीबीआई को पीएम और रेलमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। अजय कुमार ने आगे कहा कि रेल मंत्री ने हादसे के बाद से जिस तरह से नाटक किया है, ऐसे में उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड दिया जाना चाहिए। बालासोर रेल हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए। बालासोर रेल हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए।

दो टूक | कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने इंदिरा गांधी हत्याकांड की झांकी निकाली

भारत का एतराज, यह हमारे रिश्तों के लिए ठीक नहीं: एस. जयशंकर

नई दिल्ली (ए)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा में इंदिरा गांधी के हत्याकांड पर निकाली गई खालिस्तानियों की झांकी पर भी एतराज जताया। जयशंकर ने कहा- ये दोनों देशों के रिश्तों के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा- हमें समझ नहीं आ रहा है वहां ऐसा क्यों होने दिया जा रहा है। वोट बैंक की राजनीति के अलावा इसके पीछे कोई दूसरी वजह नहीं दिख रही। इन अलगाववादियों को छूट देना सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कनाडा के लिए भी अच्छा नहीं होगा।

हाल ही में कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली थी। इसमें दो सिख गनमैन (सतवंत सिंह और बेअंत सिंह) को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री को गोली मारते दिखाया गया। झांकी में ऑपरेशन ब्लू स्टार और 1984 के सिख विरोधी दंगों के बैनर भी थे। जयशंकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 9 साल की

फॉरेन पॉलिसी की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा- आज लोग भारत को सुनना चाहते हैं और उन्हें लगता है कि भारत के साथ काम करने से उनका प्रभाव बढ़ेगा। जयशंकर ने कहा- दुनिया, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ, भारत को विकास के एक भागीदार के रूप में देखता है। जयशंकर ने विदेशों में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र पर दिए बयानों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- दुनिया देख रही है कि इस देश में चुनाव होते हैं और चुनाव में कभी एक पार्टी जीतती है, कभी दूसरी पार्टी। अगर देश में लोकतंत्र नहीं है तो ऐसा परिवर्तन नहीं आता। ये कहने के बाद जयशंकर ने मुस्कुराते हुए कहा- हमें पता है कि 2024 के चुनाव का नतीजा तो वही होगा। ब एक पत्रकार ने उनसे राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल किया तो जयशंकर ने कहा- जब उनकी बुनी हुई कहानियां देश में नहीं चल पातीं तो वो समर्थन के लिए विदेश चले जाते हैं। उनकी (राहुल गांधी) आदत है कि जब वो बाहर जाते हैं तो देश की आलोचना करते हैं, हमारी राजनीति के बारे में टिप्पणी करते हैं।

नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण

दो हजार किलोमीटर रेंज, एक साथ कई टारगेट को तबाह कर सकती है

नई दिल्ली (ए)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि मिसाइल का टेस्ट अपने पूरी तरह सफल रहा। यह मिसाइल एक साथ कई टारगेट को तबाह कर सकती है। इस मिसाइल की रेंज 2000 किलोमीटर तक है।

मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल के तीन सफल डिवेलपमेंट टेस्ट के बाद यह पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था। इस तरह का लॉन्च सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता की पुष्टि करता है।

उड़ान डेटा लिया : मंत्रालय ने कहा, यह टेस्ट 7 जून की रात में किया गया। रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे उपकरणों को जहाजों में लगाकर विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था, ताकि उड़ान डेटा को कैप्चर किया जा सके। DRDO और सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस टेस्ट को देखा।

►► न्यूज ब्रीफ

किराएदारी-बेघर परिवार आवास प्राप्त करने के लिए निगम तुंहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के शिविर में ले सकते हैं आवेदन फार्म

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत स्लम क्षेत्र में किराएदारी के रूप में निवासरत किराएदार/बेघर परिवारों को आवास आबंटन के लिए मुख्य कार्यालय के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर से आवेदन पत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि 31 मई 2023 तक थी। मुख्य कार्यालय से आवेदन पत्र विक्रय करना बंद कर दिया गया है। लेकिन निगम तुहर द्वार के अंतर्गत महापौर संग गोठ कार्यक्रम के शिविरों में वार्डों में निवासरत किराएदार/बेघर परिवारों को आवास उपलब्ध कराने आवेदन पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्य कार्यालय में आवेदन पत्र विक्रय नहीं किया जा रहा है। वार्डों में लगने वाले शिविरों में आवेदन का शुल्क 100 रुपए भुगतान कर आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्णतः भरे हुए दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 15 जून 2023 है। इस तिथि तक आवेदन पत्र निगम मुख्य कार्यालय में जमा लिए जाएंगे।

8वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या सोकर उठा भाई तो फंदे पर लटकी मिली बहन

भिलाईनगर। इस्पात नगरी में एक 14 साल की नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है।सुपेला नेहरू भवन के पास रहने वाली संतोषी निर्मलकर 8वीं की छात्रा थी। बुधवार दोपहर वो अपने छोटे भाई बिट्टू के साथ सोई हुई थी। माता पिता काम पर बाहर गए हुए थे। शाम को जब भाई की नींद टूटी तो उसने देखा संतोषी फंदे पर झूल रही है। जिसके बाद वह घबराया हुआ अपनी मां के पास पहुंचा और घटना के बारे में जानकरी दी।परिजन जब घर पहुंचे तो देखा उनकी बेटी फंदे पर झूल रही थी। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची शव को फंदे से नीचे उतारा। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि संतोषी मानसिक रूप से बीमार भी थी। उसका इलाज चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीएम के गृह निवास भिलाई-3 से लगी रेल कालोनी में सजती है जुआ की महफिल

भिलाईनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास भिलाई-3 के समीप स्थित रेल कालोनी में जमकर जुआ की महफ्ल सजाई जा रही है। हर रोज सजने वाली इस महफ्ल का विडियो बना वायरल किए जाने से मामला काफी गरमा गया है।यह एरिया जीआरपी के अधीन है। पुरानी भिलाई पुलिस कार्रवाई न करने की बाध्यता बता रही है वहीं विडियो सामने आने के बाद हरकत में आई जीआरपी अब जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लेने का दावा कर रहीहैं ।पुरानी भिलाई में जुआ सट्टा का अवैध कारोबार जोरों पर चलने की सूचना मिलती रही है। दुर्ग पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि यह एरिया जीआरपी के अंडर में आता है, इसलिए वहां कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। यह पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेल नगर क्षेत्र है जहां भिलाई तीन रेलवे स्टेशन से लगी कॉलोनी में जुआ, सट्टा पट्टी, ऑन लाइन बेटिंग की शिकायत मिल रही है, अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें जयराम नामक शख्स के जुआ खिलवाने का दावा किया गया है। जीआरपी डीएसपी अख्तर अली ने कड़ी कार्रवाई करवाने की बात कही है।

तार फैंसिंग का कार्य बना ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का आधार

बालोद। छत्तीसगढ़ शासन की विशेष प्राथमिकता वाले नरूवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजना के अंतर्गत निर्मित गौठान आज ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं विभिन्न रोजगारमूलक गतिविधियों के संचालन हेतु महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है। इसके परिणाम स्वरूप जिले के गुरूर विकासखंड के चिटौद गौठान में शुरू की गई तार फैंसिंग का कार्य आमदनी का स्थायी स्त्रोत बनकर आज उनकी आजीविका का आधार बन गया है। उल्लेखनीय है कि चिटौद गौठान में माँ वैष्णवी स्वसहायता समूह की 08 महिलाएं तार फैसिंग बनाने का कार्य कर रही हैं। तार फैंसिंग निर्माण के कार्य तथा इसकी बिक्री से नियमित रूप से आमदनी प्राप्त होने के कारण महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त हो रही हैं। माँ वैष्णवी स्वसहायता समूह की महिलाओं को अब तक 06 लाख 74 हजार 504 रुपए की तार फैंसिंग बिक्री से 01 लाख 33 हजार 706 रुपए का शुद्ध आमदनी प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री बघेल आज आएंगे कवर्धा अनेक कार्यक्रमों में होंगे शामिल

कैबिनेट मंत्री अकबर ने तैयारियों का जायजा लिया

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 9 जून को कबीरधाम जिले में एक दिवसीय प्रवास का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री बघेल कवर्धा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल कवर्धा के गांधी मैदान में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होगे। मुख्यमंत्री के एक दिवसीय प्रवास की तैयारियों एवं सामाजिक अधिवेशन स्थल गांधी मैदान का कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने अवलोकन किया और अधिकारियों को आयोजन की तैयारियों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

वही दूसरी ओर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने मुख्यमंत्री के प्रवास एवं उनके द्वारा किए जाने वाले भूमिपूजन, लोकार्पण सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारी के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल कबीरधाम जिले के विकास को आगे बढ़ाते हुए लगभग 141 करोड़ रूपए के विभिन्न नए कार्यों की सौगात देंगे। शिलान्यास कार्यक्रमों में जिले में सिचाई क्षमता को बढ़ाने वाले एवं क्रांति जलाशय के नहर विस्तारीकरण सहित कुल 24 कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन शामिल है। यहां बताया गया कि मुख्यमंत्री श्री बघेल 9 जून को कवर्धा के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे और जिले के विकास की श्रृंखला को बढ़ाते हुए लगभग 141 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। वहीं कबीरधाम जिले वासियों के लिए बनी हाईटेक बस स्टेण्ड का लोकार्पण भी करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रमों में नगरीय निकाय कवर्धा के तीन बड़े काम, लोक निर्माण विभाग के दो बड़े काम, आदिमजाति विकास विभाग के एक बड़े काम इसी प्रकार भूमिपूजन के कार्यों में लोक निर्माण विभाग सेतू के तीन काम, जल संसाधन विभाग के छहः काम, लोक निर्माण विभाग के छःकाम शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल इसके अलावा कलेक्टोरेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण और चन्द्रवंशी समाज के समाजिक छात्रावास का भी लोकार्पण करेंगे।

घर से मोबाइल चोरी कर भाग रहा महाराष्ट्र का चोर पकड़ाया

समवेत शिखर संवाददाता

डोंगरगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में लगातार अपराधिक तत्वो पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति जो घर में घुसकर चोरी कर भाग रहा था कि सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचकर आरोपी को पकड़ा गया । दिनांक 08.06.23 को प्रार्थी राजेश उजवने पिता स्व0 सत्यनारायण उजवने उम्र 52 साल साकिन भगतसिंह चौक वार्ड नं. 19 डोंगरगढ द्वारा दिनांक 08.06.23 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, दिनांक 08.06.23 को प्रातः उठकर सामने का दरवाजे का सांकल को काम करने वाली बाई आयेगी कहकर खोलकर, नहाने बाथरूम चला गया था, सुबह 07/30 बजे पूजा करने, पूजा कमरे में जा रहा था तभी एक व्यक्ति कमरे में रखे विवो कंपनी वाय 12 मोबाईल को चोरी कर भाग रहा था जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 352/23 धारा 454, 380 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण के गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रार्थी व आसपास के लोगो के मदद से आरोपी मगेश पेन्दाम पिता विजय पेन्दाम उम्र 22 साल साकिन चोपा थाना गोरेगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र को हाई स्कुल डोंगरगढ़ के सामने से पकड़ा गया।

कैबिनेट मंत्री अकबर ने पांच विपत्तिग्रस्त परिवार को 20 लाख रुपए का चेक वितरण किया

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान 05 विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए कुल 20 लाख रूपए का चेक वितरण किया। वन मंत्री ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते हैं। चेक वितरण करते समय मंत्री श्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की।

मंत्री श्री अकबर द्वारा आबीसी-6-4 के तहत विकासखंड बोड़ला के ग्राम जीताटोला के श्रीमती कचरा बाई को, ग्राम धनडबरा श्रीमती गुन्ती बैगा को, ग्राम थुहापानी के श्री सरजु को, ग्राम मानिकपुर के श्री परदेशी और ग्राम गंडईखुर्द के जेठिया बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आबीसी-6-4) के तहत 4 लाख रूपए

का चेक प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने शोक संतप्त परिवार से भेंट-मुलाकात करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के लिए हर सदस्य का एक महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

परिवार का चाहे वह छोटा या बड़ा या घर का मुखिया हो अकास्मात रूप से परिवार को छोड़कर चले जाना उस परिवार के लिए एक अपूर्णिय क्षति होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार की अपूर्णिय क्षति को पूर्ति तो नहीं कर पाएंगे, लेकिन इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते उन घर परिवारों के अभिभावक के रूप में हर परिस्थितियों में उनका साथ देने सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर इस अवसर पर श्री कलीम खान, श्री गणेश योगी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, चोवा साहू, सहित संबंधित ग्राम पंचायत के पंच-सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे।

भेंट-मुलाकात में विधायक ने की घोषणाएं, ले रही मूर्त रूप

श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा, घोषणा के बाद से सभी विकास कार्यों का टेंडर करके काम शुरू करा रहे

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। मशहरवासियों के लिए बहुत ही हर्ष और उत्साहकीखबर है। श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार जल्द ही किया जाएगा।इसकीतैयारी पूरी हो गई है।और जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। यह कार्य भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से हो रहा है। विधायक के प्रयास से बजट की स्वीकृति हो गई है और जल्द ही काम पूरा हो जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव लगातार लोगों से भेंट मुलाकात कर रहे हैं। लोगों से मिल रहे हैं और उनका हालचाल पूछ रहे हैं। कुशल क्षेम जानने के साथ ही विधायक वार्ड के विकास कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। लोगों से विकास पर चर्चा कर रहे हैं और लोगों की समस्याएं भी पूछ रहे हैं। साथ ही समस्याओं का समाधान भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में जनता की मांग पर भेंट मुलाकात के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा भी किए है। अब वे घोषणाएं जल्द ही मूर्त रूप लेगी। सभी विकास कार्यों का बारी-बारी से टेंडर जारी किया जा रहा है। 10 लाख की लागत से वार्ड 40 छावनी लक्ष्मण एवं बिजली नगर में नाली निर्माण किया जाएगा। 9.97 लाख की लागत से वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी बीईसी, गणेश चौक व नहर किनारे नाली निर्माण किया जाएगा। 4 लाख की लागत से वार्ड 41 राजीव नगर छावनी में नाली निर्माण किया जाएगा। 6 लाख की लागत से वार्ड 41 आदिवासी नगर नंदिनी रोड के पास छोटा उद्धान बनाया जाएगा। 5 लाख की लागत से वार्ड 44 लक्ष्मीनारायण नगर में उड़िया बस्ती, यादव पारा में नाली निर्माण। 5 लाख की लागत से वार्ड 44 में ही शासकीय स्कूल के पास मंच का निर्माण किया जाएगा। 3 लाख की लागत से वार्ड 50 सड़क नंबर 38 में बोर खनन कर पाइप लाइन बिछाया जाएगा।4 लाख की लागत से एमपीआर रोड शा प्रा शाला के समीप पझप लाइन विस्तारीकरण किया जाएगा। 7 लाख की लागत से वार्ड 40 दुर्गा मंदिर के पास सामुदायिक नई सुविधा व विद्धुत संधारण किया जाएगा।

सो रहे पति की पत्नी ने गला घोंटकर की हत्या

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। सुपेला थाना अंतर्गत बजरंग चौक में बीती रात पत्नी ने अपने पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। पत्नी ने सो रहे पति का गला अपने दुपट्टे से घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जिस समय यह घटना घटी उस समय महिला के बच्चे भी साथ थे। पिता की छटपटाहट देख वे चीखने लगे। चीख पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला उसका भाई पहुंचा और बिस्तर पर पड़े अपने भाई को अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि बजरंग चौक क्षेत्र में महिला ने अपने पति की हत्या कर दी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची तो देखा कि यहां रहने वाली संगीता सोनी (39) ने अपने पति दिलीप सोनी (45) की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी है। पूछताछ में पता चला कि संगीता सोनी पिछले कुछ दिनों से बीमार रह रही थी। और आस पड़ोस वालों ने बताया कि उस पर भूत-प्रेत का साया है। घर वाले भी उसका तंत्रमंत्र से इलाज कराने का प्रयास किया जा रहा था।पुलिस ने बताया बुधवार की रात को दिलीप सोनी अपने बच्चों व पत्नी के साथ घर पर सोया था। जब सभी सो गए तो आधी रात के बाद दिलीप सोनी की पत्नी संगीता सोनी उठी और अपने दुपट्टे से पति दिलीप सोनी का गला घोंट दिया। दिलीप सोनी के घर के बगल में उसका भाई जितेन्द्र सोनी भी अपने परिवार के साथ रहता है। चीख पुकार सुनकर वह घर पहुंचा तो दिलीप सोनी बिस्तर पर पड़ा था। इसके बाद 112 को सूचना दी गई और दिलीप सोनी को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुपेला पुलिस घटना स्थल पहुंची तो आरोपी महिला काफी बदहवास थी। वह किसी के काबू में नहीं आ रही थी। पुलिस को उसे पकड़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

दिव्या साहू, कांता साहू व मीना जोशी बनी भाजपा प्रत्याशी

आज प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में होगा तीनों प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल

नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी तय

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। आसन्न नगरीय निकाय एवं पंचायत उपचुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों का चयन कर लिया है। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा इस हेतु अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों के लिए वरिष्ठ नेताओं को शामिल करके चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया था, जिसके बाद चुनाव संचालन समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रत्याशियों के नामों की अनुशंसा करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को नाम सौंपा। जिसके बाद जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के संयोजकत्व में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई।

जिला समन्वय समिति द्वारा चुनाव संचालन समिति से अनुशंसित नामों का अनुमोदन किया गया। जिला समन्वय समिति द्वारा प्रत्याशियों के नामों का अनुमोदन किए जाने के पश्चात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल ने प्रत्याशियों के नामों पर अपनी सहमति प्रदान की, इसके बाद जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत उपचुनाव हेतु प्रत्याशियों की घोषणा की गई। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के सदस्य पद के उपचुनाव हेतु श्रीमती दिव्या साहू (पूर्व सरपंच कोटनी) को भारतीय जनता पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया। इसी प्रकार दुर्ग नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद पद के लिए श्रीमती कांता साहू (पूर्व पार्षद) को एवं अहिवारा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पद हेतु अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती मीना जोशी (पूर्व पार्षद) को भाजपा का घोषित किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने नगरीय निकाय चुनाव के बी फार्म जारी किए जाने हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को अधिकार प्रदत्त किया है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार 9 जून को तीनों प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराया जाएगा। सर्वप्रथम प्रातः 10:30 बजे अहिवारा में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मीना जोशी का नामांकन दाखिल कराया जाएगा तत्पश्चात 12 बजे जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी श्रीमती दिव्या साहू का नामांकन दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में प्रस्तुत किया जाएगा एवं दोपहर 1 दुर्ग नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कांता साहू का नामांकन दुर्ग शहर के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में होगा।

जिले के ग्रामीण अंचलों में चल रहा घर-घर शौचालय अभियान

विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वयं बनाएंगे शौचालय और प्रोत्साहन स्वरूप मिलेगा 12 हजार रुपए

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत राष्ट्रीय सैंपल सर्वे के 78 वे राउंड में जिले के प्रत्येक जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों के लिए योजना यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। योजना के ध्येयानुरुप ग्राम पंचायतो में खुले में शौच मुक्त समुदायों का निर्माण एवं उनका स्थायित्व बनाए रखना प्रमुख लक्ष्य है। इसी क्रम में स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए खुले में शौच की समस्या को दूर किए जाने के लिए 1 जून से 15 अगस्त 2023 तक जिले में घर-घर शौचालय अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए समय सारणी तैयार किया गया है जिसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि घर-घर शौचालय अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश जारी किए गए हैं। यह कार्यक्रम 1 जून से प्रारंभ हो गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे ग्रामीण परिवार जिनके घरों में शौचालय नहीं है वे अपना आवेदन या तो भारत सरकार की वेबसाइट में ऑनलाइन कर सकते है या फिर ग्राम पंचायत में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अभियान के अंतर्गत आवेदन प्राप्त होते ही शौचालय निर्माण स्वीकृत किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी करना, ग्राम पंचायत के सार्वजनिक क्षेत्रों में दीवार लेखन, ग्राम अथवा वार्ड स्तरीय बैठकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

शौचालय का निर्माण और उसके उपयोग करने पर मिलेगा

प्रोत्साहन राशि - सीईओ जिला पंचायत : जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि घर-घर शौचालय अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार का अपना शौचालय हो। साथ ही शौचालय निर्माण हितग्राही द्वारा स्वयं किया जाएगा जिसके एवज में 12 हजार रुपए की राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शौचालय का निर्माण करने और उसका उपयोग करने के आधार पर ही 12 हजार रुपए प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिला पूर्व से ही खुले में शौच मुक्त घोषित है इस समय समय पर परिवारों की संख्या बढ़ती जाती है जिसके लिए घर-घर शौचालय अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान की समय सारणी पर एक नजर

1) 1 से 15 जून तक ग्राम पंचायतों के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता अंतर्गत शौचालय विहीन परिवारों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। अभियान के समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए शौचालय निर्माण के लिए आवेदनों के साथ आवेदकों के समय सीमा में शौचालय निर्माण पूर्ण करने के लिए सहमति पत्र लिए जा रहा है। ग्रामीण अपना आवेदन ग्राम पंचायत में दे सकते हैं।

2) 15 से 30 जून तक ग्राम पंचायतो से प्राप्त आवेदनों तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पोर्टल में हितग्राही द्वारा सीधे दर्ज आवेदनों का शौचालय निर्माण के लिए राज्य स्तरीय मार्गदर्शिका अनुसार सत्यापन कराते हुए आवेदनों की प्रशासकीय एवं ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

3) 1 से 31 जुलाई तक हितग्राहियों द्वारा स्वयं से शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाएगा तथा इस संबंध में प्रमाण पत्र अपने ग्राम पंचायत में देना होगा।

4) 1 से 10 अगस्त तक निर्मित शौचालय का जियो टैगिंग डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि जारी किया जाएगा साथ मे ऑनलाइन प्रविष्टि विभाग द्वारा किया जाएगा।

5) 15 अगस्त तक शौचालय निर्माण का कार्य राशि जारी करने की कार्यवाही पूर्ण करते हुए स्वतंत्रता दिवस में ग्राम पंचायत द्वारा अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के समस्त घरों में शौचालय होने की घोषणा करना एवं प्रमाण पत्र जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

कुंभकर्णी नींद में सोए हुए रेलवे के अधिकारियों को जगाने का प्रयास किया गया: नवीन अग्रवाल

समवेत शिखर संवाददाता

राजनांदगांव। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के तत्वाधान में डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर से लगातार चोरी हो रही मोटर साईकिल पार्किंग को दोबारा खुलवाने व प्लेटफार्म में हो रही असुविधा को ठीक करने की मांग की गई। प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य व प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष डूमेंद्र लोधी, प्रदेश सचिव अनिल सिन्हा, जिला सचिव बिदेश सिन्हा, देवशरण साहू, अमित पांडे, वर्तिका पांडे, पूजा पांडे, मनशित भाटिया, पी. वेंकटेश, एस अदित्या ने सुमित वासनिक डीआरएम (नागपुर) के नाम एईएन के माध्यम से ज्ञापन भेजना चाह रहे थे, लेकिन ज्ञापन लेने के लिए कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सामने नहीं आए। नवीन अग्रवाल ने बताया कि डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर से लगातार यात्रियों की मोटर साईकिल चोरी हो रही है। पिछले तीन से चार दिनों में चार बाइक स्टेशन से चोरी हुई है। कोरोना काल के बाद स्थिति सामान्य हुई और बंद ट्रेनें फिर से चलने लगी है, इससे दैनिक यात्री फिर से ट्रेनों से आवाजाही कर रहे है। साथ ही अन्य यात्री भी अपनी मोटर साईकिल स्टेशन परिसर में खड़ी करके सफर कर रहे है। वर्तमान में यात्री बंद पड़े पार्किंग में अपनी मोटर साईकिल पार्क कर रहे है। जहां से आएं दिन चोरी की

शिकायतें मिल रही है। पार्किंग का ठेका नहीं होने की वजह से गाड़ियां बिना सुरक्षा के लावारिस हालत में खड़ी रहती है। कोरोना काल से पार्किंग बंद हुई थी जिसके बाद दोबारा शुरु ही नहीं हो सका। रेलवे ने अब तक नया टेंडर भी नहीं निकाला है। इस वजह से यात्रियों की बाइक बिना सुरक्षा के ही पार्किंग परिसर में खड़ी रहती है, यदि पार्किंग का फिर से टेंडर निकालकर दोबारा शुरु कर दिया जाता है तो चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग सकता है, क्योंकि शुल्क देने के बाद सुरक्षा की जवाबदारी पार्किंग ठेकेदार पर रहती है। नवीन अग्रवाल ने आगे कहा कि नागपुर की और जाने वाली गाड़ी को प्लेटफार्म नंबर एक में आती थी अब वो सभी गाड़ियाँ प्लेटफार्म नंबर चार पर आती है, जहां आम आदमी के लिए किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। गरमी और बरसात से बचने के लिए वह शेड भी लगे नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

भजन गायक हंसराज रघुवंशी 11 जून को रायपुर में देंगे शिव भक्ति गीतों की प्रस्तुति

रायपुर। भजन गायक हंसराज रघुवंशी राजधानी वासियों को शिव जी की भक्ति में डुबोने 11 जून को

रायपुर आएंगे। वे शिव भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। लाइव म्यूजिक कार्यक्रम का आयोजन शाम आठ बजे से इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में होगा। आयोजक प्रगति पांडे ने बताया कि इस दिन और भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुबह शिव मंदिर में रुद्राभिषेक और शाम को राक अंदाज में भक्ति गीतों का जादू बिखेरकर दर्शकों को झूमने पर विवश करने वाले बाबा हंसराज रघुवंशी शिव भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन में हिस्सा लेने के लिए टिकिट की शुरुआती कीमत 499 रुपये है। सिल्वर 999 और गोल्ड 1499 रुपये है। पास के लिये संपर्क फ़ेन नंबर 78800-71420, 79997-13127 उपलब्ध किया गया है।

रायपुर नगर निगम में प्रशासनिक फेरबदल, 3 जोन कमिश्नर समेत 14 इंजीनियरों का तबादला

रायपुर। प्रदेश में चुनाव से पहले प्रशासनिक फेरबदल का दौर जारी है, इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम

के तीन जोन कमिश्नर समेत 14 इंजीनियरों का तबादला हुआ है। रायपुर जोन 5 के कमिश्नर राजेश गुप्ता को उपायुक्त मुख्यालय के साथ मुख्यमंत्री घोषणा के सभी निर्माण कार्य, एनयूएएम समेत अन्य जिम्मेदारियां दी गयी है। इसी तरह तरह राकेश शर्मा को जोन 3 से जोन क्रमांक 4 का कमिश्नर बनाया गया है। सुशील चौधरी की पदस्थापना मुख्यालय से कमिश्नर जोन 5 की गई है। जसदेव बाबरा को जोन 7 का कमिश्नर बनाया गया है। लोकेश चंद्रवंशी को जोन 4 के प्रभारी आयुक्त का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा ईई, सब इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियरों का भी प्रभार बदला गया है।

10वीं-12वीं पूरक परीक्षा की तारीख घोषित

रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने 10वीं-12वीं बोर्ड कक्षाओं के पूरक परीक्षा की तिथि घोषित कर

दी है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा 6 से 14 जुलाई व 12वीं बोर्ड की परीक्षा 6 से 20 जुलाई तक होगी। परीक्षा का समय सुबह 9 से सुबह 12 तक रखा गया है। जारी आदेश में नियमित, स्वाध्यायी, द्वितीय और चतुर्थ अवसर परीक्षा के लिए समय सारणी जारी किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव व्हीके गोयल ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड में लगभग 1,35,000 विद्यार्थी फेल हुए थे। जो विद्यार्थी दो विषय में फेल हुए हैं वो पूरक परीक्षा दे सकते हैं। वहीं जो दो विषय से अधिक विषय में फेल हुए हैं वह अवसर परीक्षा देंगे।

मेधावी छात्र कल आसमान में करेंगे हेलीकॉप्टर की सैर

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2023 की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा में

प्रावीण्य सूची में जगह बनाने वाले विद्यार्थी 10 जून को हेलीकॉप्टर से जाय राइड करेंगे। बच्चों द्वारा की गई साल भर की कड़ी मेहनत के लिए उन्हें आसमान की सैर कराई जाएगी, साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आसमान छूने की ख्वाहिश रखने वाले बच्चों के जाय राइड का हवाई रास्ता उस समय खुल गया, जब मुख्यमंत्री प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के रघुनाथ नगर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे। यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल की एक छात्रा स्मृति ने मुख्यमंत्री से हेलीकॉप्टर में बैठने की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तुम बारहवीं में टॉप करोगी तब तुम्हें हेलीकॉप्टर में बिठाएंगे। स्मृति ने उसी दिन बैठने की इच्छा मुख्यमंत्री से जाहिर की और इस बच्ची की खुशी के लिए मुख्यमंत्री ने तुरंत ही उसे जॉय राइड कराने निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने दसवीं और बारहवीं में प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर में सैर कराने की घोषणा भी की।

छग में विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बड़ी बैठक

रायपुर में केन्द्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी दो दिनों तक सभी कलेक्टर और एसपी की बैठक लेंगे

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में निर्वाचन आयोग की बैठक हुई। इसमें शामिल होने प्रदेश के सभी 33 जिलों के कलेक्टर और एसपी बैठक हिस्सा ले रहे हैं। दो दिनों तक लगातार ये बैठक होने वाली है, जिसमें चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी आज और कल दो दिनों तक बैठकें लेंगे। जिसमें डीईसी हिरदेश कुमार,अजय भादू, आरके गुप्ता, एमके साहू, एनएन बुटोलिया शामिल हैं।

10 जून से ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की होगी फर्स्ट लेवल चेकिंग : छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में चुनाव होने हैं। अक्टूबर या नवंबर महीने में चुनाव का ऐलान किया जा सकता है। लिहाजा आयोग चुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है। 10 जून से 27 जून के बीच में लगभग 1,27,444 मशीनों का सीयू, बीयू और वीवीपैट मशीन की फर्स्ट लेवल चेकिंग होगी। इसका शेड्यूल में सभी 33 जिलों के लिए जारी किया गया है।

मशीनों की चेकिंग के लिए हैदराबाद से 266 इंजीनियर बुलाए गए हैं, जिनके सहयोग से इनकी प्राथमिक जांच कराई जाएगी और ईवीएम को चुनाव के लिए तैयार किया जाएगा। इसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के ऑथराइज्ड प्रतिनिधियों के सामने प्राथमिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी 10 जून से ये प्रक्रिया शुरू होगी और एक टीम में लगभग 10 से 12 इंजीनियर शामिल रहेंगे। वे हर जिले में 6 से 7 दिन रह कर इस प्रक्रिया को पूरा करेंगे। जब फर्स्ट लेवल चेकिंग की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तब ईवीएम को स्ट्रांग रूप में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जहां इसे पूरी सुरक्षा के साथ रखा जाएगा और पूरी प्रक्रिया की वेबकास्टिंग की जाएगी। सीसीटीवी में सारी रिकॉर्डिंग होगी, जिसकी लाइव फीड सुबह 9 बजे से लेकर शाम को 7 बजे तक रोजाना 10 जून से लेकर 27 जून तक इलेक्शन कमीशन दिल्ली में सीधे ट्रांसफर किया जाएगा और बीओ और सीओ को भी यह लाइव फीड ट्रांसफर होगा ।

मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल अस्पताल में भर्ती, मिलने पहुंचे भूपेश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नन्दकुमार बघेल की तबीयत खराब है। उन्हें रायपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी अनुसार, रात 12 बजे वह निवास पर गिर गए थे, जिससे उनके बांए पैर की हड्डी फैक्चर हो गई। जिसके कारण सुबह 7 बजे उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। डाक्टरों की टीम ने जांच के बाद पाया की लेफ्ट फीमर बॉन फैक्चर है। जिसकी सर्जरी करने की सलाह दी गई। डॉक्टरों की निगरानी में बाइपोलर मॉड्यूलर हेमीआर्थोप्लास्टी का सफ्लतापूर्वक आपरेशन किया गया। डॉक्टरों की टीम तकरीबन 3 घंटे तक लगी रही, जिसके बाद यह आपरेशन सफ्ल हुआ। हॉस्पिटल में अभी नन्दकुमार बघेल को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है।

नल कनेक्शन से बराबर पानी प्राप्त हो, मॉनिटरिंग करेंगे लाइनमैन

जल संबंधी निवारण को लेकर अमृत योजना के अधिकारी एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठकर समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने आज जौन 4 में एबी डी एरिया समेत अमृत योजना के तहत डाली गई पाइप लाइनों में पानी की समस्या को लेकर वृहत समीक्षा की।

जोन आयुक्त हेमंत शर्मा कार्यपालन अभियंता लोकेश चंद्रवंशी अंशुल शर्मा अनुराग पाटेकर सहित जल विभाग के सभी अधिकारी गण मौजूद थे। बैठक में निर्देश जारी किए गए कि जिन क्षेत्रों में पुराने कनेक्शन से पानी नहीं आ रहे हैं उनके कारणों का पता लगाएं तथा जहां अमृत योजना की पाइप लाइन डाली जा चुकी है वहां जलापूर्ति एवं टेस्टिंग हो सके। लिकेज को भी तत्काल सुधारने हेतु निर्देश जारी किए गए। साथ ही एबी डी एरिया में डाले जा रहे पाइप लाइन के दौरान खुदाई से जिनके कनेक्शन प्रभावित हो रहे हैं उन्हें 12 घंटे के अंदर ठीक किए जाने हेतु कड़े निर्देश जारी किए गए हैं ,साथ ही लाइनमैन की जिम्मेदारी भी तय की गई है कि वे जानकारी दूरूस्त रखें कि कितने घरों में किन कारणों से पानी नही आ रहा।

2023 में कांग्रेस की सरकार बनेगी अब की बार 75 पार : मोहन मरकाम

संभागीय सम्मेलन, विधानसभावार प्रतिशक्षण, सरकार की योजनाओ से हमारी मजबूत जमीन तैयार

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि संभागीय सम्मेलनो से कांग्रेस की मजबूत जमीन तैयार हो रही है। अभी तक हमोर तीन संभागीय सम्मेलन बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग संभाग के हो चुके है। रायपुर और सरगुजा संभाग के बाद कांग्रेस का विधानसभावार प्रशिक्षण और संकल्प शिविर होगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनायें कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी।

भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिये कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिये अपने सरकार के गौरवशाली जनहित के काम है। हमारी सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 95 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दविहीन है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास अपनी सरकार के साढ़े चार सालों के काम की लंबी फेहरिस्त है। 400 यूनिट तक बिजली बिल आधा किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, दाई दीदी क्लिनिक, हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधा योजनाओं से प्रदेश के आम आदमी का भरोसा कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जनता, कांग्रेस सरकार बनाम भाजपा के 15 साल की तुलना कर रही है। भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था।

रमन सिंह ने साधा निशाना, बोले-कांग्रेस में अभी से डर, दबाव की राजनीति शुरू कर दी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। कांग्रेस में विधानसभा टिकट के दावेदारों की लंबी फेहरिस्त और कुमारी सैलजा से नेताओं को मिली नसीहत को लेकर पूर्व सीएम रमन सिंह ने निशाना साधा है। रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस में आज से ही भय व्याप्त हो गया है, जिस तरह दावेदारों की श्रृंखला और भीड़ दिख रही है, उसके बाद अब उन्होंने दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। दरअसल बिलासपुर में हुई बैठक में कुमारी सैलजा ने नेताओं से साफकह दिया था कि जिन्हें भी टिकट मिलेगी, वो परफॉर्मेंस के हिसाब से ही मिलेगी और जिनको टिकट नहीं मिलती वे पार्टी के लिए काम करेंगे।

कांग्रेस में इन दिनों मंत्रियों और विधायकों की रिपोर्ट कार्ड को लेकर चर्चा है, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने कहा है कि रिपोर्ट कार्ड देखना है तो मंत्रियों का क्यों मांगते हैं, मुख्यमंत्री का देखें। रिपोर्ट कार्ड मुख्यमंत्री का होता है कि कितने सड़क और पुल बने, कितने अस्पताल और कितने इंफ्रास्ट्रक्चर में काम होगा। पावर सेक्टर में कितना इन्वेस्टमेंट है। यह अगर परफॉर्मेंस देखना है तो मुख्यमंत्री के परफॉर्मेंस के आधार पर मंत्रियों और विधायकों की हालत और खराब है। कृषि के क्षेत्र में अगर देखे तो सिर्फ पाटन और दुर्ग को छोड़कर पूरे छत्तीसगढ़ में 88 विधानसभा और 88 विधानसभा में और कितने काम हुआ है, उसका हिसाब मुख्यमंत्री दें। समीक्षा अगर करनी चाहिए तो मुख्यमंत्री के विकास कामों की करनी चाहिए।

एमएसपी बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया : पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने कहा प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को हित में रखते हुए ना केवल बड़े फैसले लेते हैं, बल्कि हर बार हर साल किसानों को नई सौगात देने का काम करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा धान, मिलेट्स और अन्य कृषि उत्पादों पर समर्थन मूल्य बढ़ाने का जो काम किया है। मैं पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से देशवासियों की ओर से मोदी जी के इस निर्णय के लिए बहुत-बहुत उनको बधाई देता हूं।

चेंबर भवन में लोन मेले का हुआ आयोजन

प्रदेश स्तर पर सभी इकाइयों में मुद्रा लोन मेला लगाया जायेगा : पारवानी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चेंबर भवन में शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत लोन मेले का आयोजन किया गया।

लोन मेले में व्यापारियों एवं हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना का लाभ देने चेंबर टेक्नीकल टीम के साथ ही विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक भी शामिल हुए । लोन मेले में व्यापारियों को इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया गया । प्रदेश चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि आज चेंबर भवन में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठनो के प्रमुखों सहित व्यापारीगण शामिल हुए और इस योजना के बारे में हितग्राहियों ने विस्तार से जाना तथा लाभ उठाया । मुद्रा लोन मेला प्रदेश स्तर पर सभी इकाईयों में लगाया जायेगा। इस योजना के तहत 50 हजार से 10 लाख तक लोन, बिना गारंटी (पात्रता अनुरूप), आकर्षक ब्याज दर एवं अन्य लोन सम्बन्धी समस्याओं का समाधान किया जाना इत्यादि शामिल हैं। मेले में 9 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अपने स्टॉल लगाये तथा लगभग 150 लाभार्थी पहुंचे। कई व्यापारियों के लोन स्वीकृत हुए। श्री पारवानी जी ने आगे कहा कि चेंबर व्यवसायी एवं व्यापारियों से सम्बंधित दायित्वों को भली भांति समझता है तथा पूर्ण रूप से निभाता है।

छात्रावास-आश्रमों में बच्चों को प्राथमिकता से दें अच्छी सुविधाएं : जितेंद्र गुप्ता

सुव्यवस्थित संचालन के लिए मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों के लिए ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 10 जून तक दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण छात्रावास-आश्रमों के सुचारू संचालन के लिए दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में आज 56 छात्रावास अधीक्षक एवं 14 सहायक संचालकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विभाग द्वारा प्रदेश में 3294 छात्रावास-आश्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 2774 अनुसूचित जनजाति, 483 अनुसूचित जाति एवं 37 अन्य पिछड़ा वर्ग के है। प्री-मैट्रिक छात्रावास-आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को वर्तमान में 1000 रूपए प्रतिमाह की दर से शिष्यवृत्ति प्रदान की जा रही है। सरकार की घोषणा के अनुसार इस वित्तीय वर्ष से इस शिष्यवृत्ति को बढ़ाकर 1500 रूपए प्रतिमाह किए जाने का बजट प्रावधान किया गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करते हुए अपर संचालक जितेन्द्र गुप्ता ने कार्यशाला का महत्व बताते हुए कहा कि माता-पिता बहुत ही विश्वास के साथ अपने बच्चों को छात्रावास, आश्रमों में प्रवेश करवाते हैं, अतः छात्रावास अधीक्षकों को उन्हें बेहतर अनुशासन के साथ-साथ सभी आधारभूत सुविधाएं पूरी कर्तव्यनिष्ठता से उपलब्ध करवानी चाहिए। बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित करना, संस्था में साफ-सुथरा रसोई घर, पौष्टिक भोजन, शौचालय की साफ-सफाई, संस्था में बिजली-पानी का मितव्ययी उपयोग आदि पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावा संस्था में उपलब्ध कैश बुक, उपस्थिति पंजी सहित अन्य सभी अभिलेखों का उचित संधारण किया जाना चाहिए। संयुक्त संचालक जी.आर. मरकाम द्वारा भी अधीक्षकों द्वारा व्यक्त की गई समस्याओं और शंकाओं के समाधान हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। इसके अलावा कार्यशाला में अपर संचालक आर.एस. भोई द्वारा छात्रावास-आश्रमों में नवाचार, आदर्श छात्रावास-आश्रमों के निर्माण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। एनआईसी के सीनियर प्रोग्रामर सौरभ वर्मा, द्वारा ऑनलाईन शिष्यवृत्ति एवं ऑनलाईन छात्रावास निरीक्षण पोर्टल पर जानकारी दी गई।

तहसीलदार, नायब तहसीलदार नहीं करेंगे पटवारियों का काम

पटवारियों का काम करने से किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ने की संभावना ज्यादा

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। पटवारियों की हड़ताल के दौरान तहसीलदारों से काम करवाने की प्रशासनिक मंशा को तगड़ा झटका लगा है। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने पत्र जारी कर किसी भी तहसीलदार या फिर नायब तहसीलदार को पटवारियों का काम नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है, कि पटवारियों का काम करने से किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ने की संभावना ज्यादा है।

चूंकि वर्तमान में ज्यादातर खसरों की टुकड़ों में रजिस्ट्रियां होती हैं। पूरा-पूरा खसरा और रकबा की रजिस्ट्री होती है, तो नक्शा काटने की जरूरत नहीं होती है। जबकि टुकड़ों में रजिस्ट्री होने से बिना नक्शा काटे रिकार्ड दुरुस्तीकरण संभव नहीं है। वहीं, नक्शा काटने का काम बिना मैनुअल नक्शा देखे यह संभव नहीं है। इसकी वजह से अगर तहसीलदार से किसी प्रकार की गलती हो गई, तो सुधार के लिए एसडीएम के पास आवेदन करना होगा और फिर आदेश तहसीलदार के पास आएगा, इस पूरी प्रक्रिया में किसान को कई पेशी झेलनी पड़ेगी और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में संघ ने पटवारियों का काम करने से किनारा कर लिया है।

आरआई, भू-अभिलेख से नहीं, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को टारगेट : वर्तमान में राजस्व विभाग द्वारा सीधे तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को टारगेट किया गया है, जबकि पटवारी से ऊपर एक सर्किल में आरआइ होते हैं, उनसे भी यह कार्य करवाया जा सकता है। इसके अलावा भू-अभिलेख के सहायक संचालक सहित अन्य कई कर्मचारी हैं, जिन्हें यह कार्य दिया जा सकता है।

8 हजार से ज्यादा राजस्व मामले रायपुर में लंबित : प्रदेशभर में राजस्व न्यायालयों में लगभग 1.40 लाख मामले लंबित हैं। जिसमें सर्वाधिक मामले रायपुर जिले में 8,262 मामले हैं। वहीं, 22 जिले ऐसे हैं जहां तीन हजार से ज्यादा मामले लंबित चल रहे हैं। इसके अलावा सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में हजार से भी कम मामले लंबित पड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने कहा, शासन की योजना का किसानों को लाभ मिले हम यह चाहते हैं। अगर हम पटवारियों का काम करेंगे, तो किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ेंगी। इस वजह से हम इसका विरोध कर रहे हैं। क्योंकि इसमें कई तरह की तकनीकी दिक्कतें हैं।

हड़ताल से लौटने पर एक सप्ताह में हो जाएगा काम

पटवारियों की हड़ताल अब भी जारी है। हड़ताल को खत्म करने को लेकर सीएम के सख्त निर्देश के बाद प्रशासन की ओर से इनके खिलाफएस्मा लगा दिया गया है। इसी बीच पटवारी आंदोलन छोड़ने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती हम हड़ताल पर डटे रहेंगे।

डीएससी रिकार्ड सिर्फ पटवारी के पास

दुरुस्ती के बाद डीएससी रिकार्ड पटवारी के पास रहता है, जो कि वही कर सकते हैं। ऐसे में अगर डीएससी रिकार्ड को लाक कर तहसीलदारों को यह काम दिया जाएगा, तो नियंत्रण और पर्यवेक्षण का काम भी नहीं हो पाएगा। तहसीलदार अपनी मर्जी से ही कार्य करेगा, फिर सही और गलत जांचने की भी संभावना नहीं रहेगी।

एनएसयूआई ने किया एमिटी यूनिवर्सिटी का घेराव

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। एमिटी विश्विद्यालय में छात्र-छात्राओ की लगातार समस्या को देखते हुए एनएसयूआई ने एमिटी विश्विद्यालय में घेराव किया।

ज़िला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया की एमिटी विश्विद्यालय लगातार अपने तानाशाही रवैये से बाज नहीं आ रही है। एमिटी विश्विद्यालय निर्धारित समयावधि के एक माह पश्चात् शुल्क अदा करने पर विश्विद्यालय द्वारा 15 हज़ार रुपए विलंब शुल्क के तौर पर लिया जाता है। उन्होंने बताया कि एमिटी विश्विद्यालय द्वारा टेक्निकल कोर्स को बग़ैर एआईसीटीई के मान्यता के संचालित कर रहे है जो चिंता का विषय है।

आगामी सेमेस्टर परीक्षा होने को है, ऐसे में जो छात्र हॉस्टल के मेस की फैसिलिटी नहीं लिए है उनसे विश्विद्यालय प्रशासन द्वारा जबरन वसूली की जा रही है। एनएसयूआई ने जल्द ही उग्र प्रदर्शन की जानकारी दी है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी, प्रदेश सचिव विशाल कुकरेजा, दिव्यांश श्रीवास्तव, प्रशांत चंद्राकर, संयम सिंह, संदीप विश्वकर्मा, अंकित शर्मा, आलोक राजपूत, रूपेन्द्र, आदि झा, कृश, भूपेन्द्र साहू के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

संपादकीय

सार्वजनिक परिवहन पर राज्य सरकारें भी लें सुध

केंद्र सरकार की ओर से शहरों में सार्वजनिक परिवहन का नया ढांचा बनाने की कोशिश समय की मांग है। अच्छा होता कि इस दिशा में और पहले ध्यान दिया जाता, क्योंकि देश के अधिकतर शहरों में सार्वजनिक परिवहन का ढांचा संतोषजनक नहीं। भारत के शहर उस सूची से बाहर हैं, जहां सार्वजनिक परिवहन का ढांचा बेहतर है। उत्कृष्ट सार्वजनिक परिवहन वाले दुनिया भर के शहरों की सूची में केवल मुंबई स्थान बना सका है और वह भी 19वें स्थान पर।

अच्छा होगा कि जिस तरह केंद्र सरकार सार्वजनिक परिवहन ढांचे की सुध लेने जा रही है, उसी तरह राज्य सरकारें भी लें। वैसे भी यह उनका ही प्राथमिक दायित्व है। सार्वजनिक परिवहन का अपर्याप्त ढांचा शहरी जीवन की समस्याओं को बढ़ाने वाला ही साबित नहीं होता, बल्कि वह ट्रैफिक जाम का कारण भी बनता है। यह सही है कि हाल के वर्षों में उन शहरों की संख्या बढ़ी है, जहां मेट्रो सेवा संचालित की गई है, लेकिन राजधानी दिल्ली को छोड़कर अधिकांश शहरों में इस सेवा की उपलब्धता एक सीमित इलाके में ही है। इसके अतिरिक्त मेट्रो के विस्तार की एक सीमा है। इन स्थितियों में केंद्र सरकार की ओर से अगले पांच वर्ष में विभिन्न शहरों को दो लाख इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराए जाने की पहल स्वागतयोग्य है। शहरों में इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता शहरी आबादी के जीवन को सुगम बनाने में तो सहायक होगी ही, प्रदूषण की समस्या को दूर करने में भी मददगार सिद्ध होगी।

यह अच्छा है कि केंद्र सरकार शहरों में सार्वजनिक परिवहन को लेकर जो नई नीति लेकर आने जा रही है, उसमें इस पर विशेष बल दिया जाएगा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग हो। इससे एक लाभ यह भी होगा कि पेट्रोलियम पदार्थों पर देश की निर्भरता घटेगी। यह घटनी भी चाहिए, क्योंकि इससे एक तो विदेशी मुद्रा की बचत होगी और दूसरे, प्रदूषण के एक बड़े कारण पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी। ध्यान रहे कि भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। यह सार्वजनिक परिवहन के लचर ढांचे का ही परिणाम है कि शहरों में दोपहिया वाहनों और कारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि एक बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक परिवहन के सुगम ढांचे के अभाव में ही दैनिक जीवन में निजी वाहनों का उपयोग करते हैं। इसी कारण सड़कों का चौड़ीकरण करने और फ्लाईओवर, अंडरपास आदि का निर्माण करने के बाद भी शहरों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है।

शहरों में सुगम और वहन करने योग्य सार्वजनिक परिवहन ढांचे का विस्तार केवल शहरों के अंदर ही नहीं, बल्कि निकटवर्ती शहरों तक भी होना चाहिए, ताकि बड़े शहरों में होने वाले पलायन का सिलसिला कुछ थमे। सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिससे कम से कम लोग निजी वाहनों का उपयोग करें।

समाज के हर तबके का कल्याण ही मोदी सरकार का अहम लक्ष्य

विवेक ठाकुर

किसी भी राष्ट्र का उत्थान वहां निवासरत लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास से ही संभव है। जब तक लोगों का जीवन सुगम नहीं होगा, तब तक किसी देश की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होना असंभव है। आचार्य चाणक्य ने यथार्थ ही कहा है कि 'धर्मस्य मूलम अर्थम्' अर्थात धर्म के मूल में अर्थ है। एक लोक कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना भी इसी माध्यम से संभव है। लोक कल्याण लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रमुख आधार है। चाणक्य इस बात पर बल देते हैं कि किसी भी राज्य की उन्नति तभी संभव है, जब राज्य की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। पूर्व की सरकारों ने भी अर्थ (धन) को महत्व देते हुए लोक कल्याण और समतामूलक समाज के निर्माण का खाका तैयार किया, लेकिन तब उनमें कहीं न कहीं सकल लोक भावना का लोप दिखा।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया था कि सरकार की ओर से जनता के हित के लिए भेजा जाने वाला एक रुपया अंतिम जन तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे रह जाता है। यह आजादी के बाद कांग्रेस और उसकी गठबंधन सरकारों की वास्तविकता रही है। यही वजह है कि लोक कल्याणकारी राज्य का सपना अपने मूल स्वरूप में साकार नहीं हो सका। लोक कल्याणकारी राज्य का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है कि वह जनता के जीवन स्तर को उच्चतर बनाने की दिशा में समुचित प्रयास करे। इस मानक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार शत प्रतिशत खरी उतरी है।

खुद को समाजवादी विचारों के संवाहक कहने वाले राजनीतिक दलों ने सत्ता का स्वाद तो बहुत चखा, लेकिन उनका समाजवाद जनता का शोषण करके स्वयं का हित साधना था। उनकी नीतियां चरवाहा विद्यालय तक आकर सिमट जाती रहीं। अगर कोई योजना उनके शासनकाल में आई भी तो उसके क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और जातिवाद का बोलबाला रहा। इसके उलट मोदी सरकार ने योजनाओं का क्रियान्वयन अंतिम व्यक्ति तक शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया।

आज के दौर में जनता कथित समाजवादी दलों की असलियत को जान चुकी है। उनका समाजवाद आज परिवारवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। उनकी नीतियों ने भी देश के विकास को अपने मकड़जाल में उलझाए रखा। यही वजह थी कि देश की अर्थव्यवस्था आजादी के सात दशक बाद तक सिर्फ दो ट्रिलियन

(लाख करोड़) डालर तक पहुंच सकी।

वहीं वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद भारतीय समाज और व्यवस्था में बहुआयामी परिवर्तन परिलक्षित होने शुरू हुए। परिवर्तन का एक ऐसा दौर शुरू हुआ, जिसने समाज और देश को एक नई दिशा दी। जन आकांक्षा की पूर्ति कैसे होती है, उसकी दिशा दिखाई। रिफार्म (सुधार) और ट्रांसफार्म (कायाकल्प) के इस दौर में देश ने एक सकारात्मक बदलाव महसूस किया है। आज हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति में यह विश्वास जागृत हुआ है कि मोदी सरकार ने जिसका शिलान्यास किया है, वह उसका उद्घाटन भी करेगी।

समाज के हर तबके का कल्याण ही मोदी सरकार का अहम लक्ष्य है। मनरेगा एक समय भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका था, लेकिन मोदी सरकार ने उसे लोगों के जीवन में खुशहाली घोलने का जरिया बना दिया है। गरीबों तक बैंक की पहुंच सुनिश्चित करने का क्रांतिकारी फैसला मोदी सरकार की देन है। एक समय देश में 50 करोड़ ऐसे लोग थे, जो देश के बैंकिंग सिस्टम का हिस्सा ही नहीं थे। देश के अर्थतंत्र में उनकी कोई भूमिका ही नहीं थी, लेकिन 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद जनधन योजना के माध्यम से देश के 48.87 करोड़ लोगों के खाते खोले गए और उन्हें बैंक से जोड़ा गया। आज देश का गरीब से गरीब व्यक्ति भी बैंकिंग सिस्टम से जुड़कर डिजिटल लेनदेन में सहभागी बन रहा है।

जनधन का एक बड़ा लाभ यह भी हुआ कि अब अगर केंद्र सरकार उन्हें एक रुपया देना चाहती है तो सीधे लाभार्थी के खाते में एक रुपया पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। इसी प्रकार गरीबों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़कर मोदी सरकार ने उन्हें बेहतर स्वास्थ्य जीवन का तोहफा प्रदान किया है। एक आंकड़े के अनुसार आयुष्मान भारत योजना ने देश के गरीबों के 80 हजार करोड़ रुपये खर्च होने से बचाए हैं। गरीब और गरीबी के नाम पर समाजवाद का चोला ओढ़कर पूर्ववर्ती सरकारों के प्रतिनिधियों ने अपना घर भरने का काम किया, जबकि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को अपना आधार बनाया। सेवा, समर्पण, अंत्योदय और संकल्प से सिद्धि का मूलमंत्र लेकर मोदी सरकार ने यह साबित किया है कि उसकी नीतियां समाजवाद के बरक्स कहीं बेहतर और लोक मंगल की भावना से युक्त हैं। भाजपा नीत केंद्र सरकार की कल्याकारी नीति में लोक मंगल की भावना समाहित है। यह लोक मंगल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र से भी प्रेरित है। यहां हर वर्ग की उन्नति ही एकमात्र विकल्प है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इनोवेशन, कठिन परिश्रम और उद्यमिता को महत्व प्रदान किया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के लिए सभी को साथ लेकर चलना होता है। यही वजह है कि केंद्र सरकार निजी क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पंख लगे हैं। सिर्फ लाइसेंस राज से अर्थव्यवस्था को बेहतर और सुगम नहीं बनाया जा सकता। इसे मोदी सरकार भलीभांति समझती है। आज भारत हर मायने में तरक्की की नई इबारत लिख रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने की कवायद दिखती है। यह पीएम मोदी की दूरदृष्टि और राष्ट्रहित सर्वोपरि के सोच की वजह से संभव हुआ है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

प्रेरक प्रसंग

अवसर की पहचान

एक बार एक ग्राहक चित्रो की दुकान पर गया । उसने वहाँ पर अजीब से चित्र देखे । पहले चित्र मे चेहरा पूरी तरह बालो से ढँका हुआ था और पैरों मे पंख थे ।एक दूसरे चित्र मे सिर पीछे से गंजा था।

ग्राहक ने पूछा - यह चित्र किसका है?

दुकानदार ने कहा - अवसर का ।

ग्राहक ने पूछा ङ्क इसका चेहरा बालो से ढका क्यो है? दुकानदार ने कहा -क्योंकि अक्सर जब अवसर आता है तो मनुष्य उसे पहचानता नही है । ग्राहक ने पूछा- और इसके पैरो मे पंख क्यो है? दुकानदार ने कहा- वह इसलिये कि यह तुरंत वापस भाग जाता है, यदि इसका उपयोग न हो तो यह तुरंत उड़ जाता है । ग्राहक ने पूछा - और यह दूसरे चित्र मे पीछे से गंजा सिर किसका है?

दुकानदार ने कहा- यह भी अवसर का है । यदि अवसर को सामने से ही बालो से पकड़ लेंगे तो वह आपका है ।अगर आपने उसे थोड़ी देरी से पकड़ने की कोशिश की तो पीछे का गंजा सिर हाथ आयेगा और वो फिसलकर निकल जायेगा । वह ग्राहक इन चित्रो का रहस्य जानकर हैरान था पर अब वह बात समझ चुका था ।

दोस्तो, आपने कई बार दूसरो को ये कहते हुए सुना होगा या खुद भी कहा होगा कि 'हमे अवसर ही नही मिला' लेकिन ये अपनी जिम्मेदारी से भागने और अपनी गलती को छुपाने का बस एक बहाना है । सच मे भगवान ने हमे ढेरो अवसरो के बीच जन्म दिया है ।

धर्म-कर्म

मौसी के घर गुंडिचा मन्दिर क्यों जाते हैं भगवान जगन्नाथ? जानिए इससे जुड़ी मान्यता

उड़ीसा में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का विशेष महत्व है। रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ नगर यात्रा पर निकलते हैं और कुछ दिनों के लिए मुख्य मंदिर के निकट स्तिथि गुंडिचा देवी मंदिर में विश्राम करते हैं। बता दें कि गुंडिचा देवी को भगवान जगन्नाथ की मौसी के रूप में पूजा जाता है और रथ यात्रा के बाद कुछ दिनों तक भगवान जगन्नाथ अपने मौसी के घर रहते है। आइए जानते हैं, क्यों भगवान जाते हैं अपने मौसी के घर और क्या है इससे जुड़ी मान्यता?

इतिहासकारों के अनुसार, मुख्य मन्दिर के निर्माता की रानी का नाम गुंडिचा था और उन्हें ही प्रभु जगन्नाथ की मौसी माना जाने लगा। यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ का स्वागत अपने मौसी के घर धूमधाम से किया जाता है और उन्हें यहां कई प्रकार के भोग चढ़ाए जाते हैं। यहां जगन्नाथ भगवान, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की सेवा की जाती है और 9 दिनों के बाद तीनों पुनः यात्रा अपने घर की ओर निकल पड़ते हैं। ओडिशा के पुरी समेत देशभर में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन धूमधाम से निकली जाती है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष रथ यात्रा 20 जून 2023, मंगलवार के दिन निकाली जाएगी। धर्माचार्यों ने रथ यात्रा का समय रात्रि 10 बजकर 04 मिनट निर्धारित किया है और यात्रा का समापन 21 जून को शाम 07 बजकर 09 मिनट पर गुंडिचा मन्दिर में पहुंचकर किया जाएगा।

आंचलिक

पार्क में आने वाले लोगों को वीर चेंदरू के जीवन गाथा को करीब से देखने का मौका मिले : लखमा

चेन्दरू पार्क के पुनरोद्धार का मंत्री कवासी लखमा ने किया लोकार्पण

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर मे निवासरत विभिन्न जनजाति के ऐसे बहुत से लोग हुए जो अपनी बहादुरी के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है, उनमें से ही एक थे गढ़बेंगाल नारायणपुर के 'द टाइगर बॉय चेंदरू' जिनके बहादुरी के किस्से आज भी मशहूर हैं। 10 साल की उम्र में चेंदरू और टाइगर की दोस्ती की कहानी पर बनी मूवी का नाम 'द जंगल सागा' है जो आगे जाकर ऑस्कर विनिंग फिल्म बनी। बता दें कि चेन्दरू मण्डावी की मृत्यु साल 2013 में हुई थी।

स्व. मण्डावी के वीरगाथा को अमरत्व प्रदान करने के लिए चेन्दरू पर्यावरण पार्क का निर्माण वन विभाग के द्वारा पूर्व में ही किया गया था। उक्त पार्क के महत्व को और अधिक चिरस्थायी करने के लिए जीर्णोद्धार की आवश्यकता महसूस की गई। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वन मंडल नारायणपुर द्वारा चेंदरू पार्क में देवगुड़ी ,घोटूल ,ग्रंथालय ,सीसी रोड ,छोटी

सी डबरी, वीर चेंदरू के जीवन से संबंधित 6 मूर्तियो का निर्माण,हेंगिंग झूला ,सौर ऊर्जा चलित बोर, स्टेज का निर्माण सहित डेंटिंग पेंटिंग की गई है। वन विभाग द्वारा पार्क का जीर्णोधार कर मुख्य अतिथि श्री कवासी लखमा, छ.ग. शासन, वाणिज्यिक कर एवं आबकारी, उद्योग तथा प्रभारी मंत्री, जिला नारायणपुर, एवं विशिष्टि अतिथि श्री चंदन कश्यप, विधायक, जिला नारायणपुर एवं अध्यक्ष, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड की गरिमामय उपस्थिति में पुनः लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं वीर चेंदरू के परिवार जनों का कलेक्टर नारायणपुर अजीत वसंत ,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव , एवं आभार प्रदर्शन नारायणपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी इंद्र कुमार यादव ने किया।

इस अवसर पर श्रीमती श्यामबती नेताम, अध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर, श्रीमती सुनिता मांझी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नारायणपुर, देवनाथ उसेण्डी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर, रजनू नेताम, महामंत्री छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पण्डी राम वड्डे, अध्यक्ष, जनपद पंचायत नारायणपुर, प्रमोद नेलवाल, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नारायणपुर, श्रीमती जगोन्तीन मण्डावी, सरपंच, ग्राम पंचायत गढ़बेंगाल, जिला पंचायत सदस्य सुकू सलाम, गंगा सोरी, सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख , बोधन देवांगन, पार्षद विजय सलाम, संजय राय, मोती उसेंडी ,गजा पटेल, एसडीओ चन्द्रशेखर शंकरसिंह परदेशी प्रशिक्षु भा.व.से. एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी गुरुवेंद्र ठाकुर ,नेहरू राम बघेल, संतोष कुमेटी, सत्येंद्र कश्यप, चंद्रप्रकाश जैन, श्याम लाल कोवाची, लक्ष्मण सलाम, मनीराम नुरेटी ,मानेकर उसेंडी, कालूराम ध्रुव ,अनिल पोटाई आदि उपस्थित थे।

वनमंडलाधिकारी संदीप बलगा एवं वन कर्मचारियों, ग्राम वासियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री कवासी लखमा एवं स्थानीय विधायक चंदन कश्यप ने पार्क के नवनिर्माण पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यहां पर अन्य जरूरी सुविधाओं का विस्तार किया जाए ताकि पार्क में आने वाले लोगों को वीर चेंदरू के जीवन गाथा को करीब से देखने का मौका मिले। इस आयोजन में विशेष रुप से उपस्थित चेंदरू की पत्नी रैनी बाई मंडावी, उनके पुत्र जयराम मंडावी , पुत्रवधू श्रीमती जनकाय मंडावी ने चेंदरू पार्क के जीर्णोद्धार एव आयोजन पर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन राजू सिन्हा

चेंदरू मंडावी 'द टाइगर बॉय' की प्रतिमा का प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने किया अनावरण

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। प्रदेश के वाणिज्य कर (आबकारी) वाणिज्य एवं उद्योग तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने आज यहां नया बस स्टैंड नारायणपुर में टाइगर बॉय के नाम से प्रसिद्ध चेंदरू मंडावी की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधानसभा के विधायक चंदन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती नेताम, उपाध्यक्ष देवनाथ उसेंडी, नारायणपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष पंडीराम वड्डे, ओरछा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती नुरेटी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष प्रमोद नेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, वन मंडलाधिकारी संदीप बलगा, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, चेंदरू के परिवार जन एवं नागरीकगण उपस्थित थे।

अरुण साव एवं दीपक ताराचंद साहू का जिला साहू संघ कोण्डागांव ने भव्य स्वागत किया

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ साहू समाज के गौरव अरुण साव एवं दीपक ताराचंद साहू हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बैलाडीला प्रवास के दौरान दोपहर 12 जिला साहू संघ कोण्डागांव के महासचिव बसंत साहू के नेतृत्व में पुराना रेस्ट हाउस कोण्डागांव में सौजन्य भेंट किया। इस दौरान नगर आगमन पर जिला एवं नगर साहू समाज के सामाजिकजनों द्वारा अतिथियों का आतिशबाजी के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाज गौरव बिलासपुर सांसद अरुण साव ने जिले के सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए राजनीति से ऊपर उठकर समाज हित में सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए समाज हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। ज्ञात हो कि 07 जून की संध्या

5.30 बजे बैलाडीला में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अरूण साव सांसद बिलासपुर एवं दीपक ताराचंद साहू विशिष्ट अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। जहां भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात सामाजिक विषयों पर चर्चा करेंगे।

सौजन्य भेंट के दौरान जिला महामंत्री बसंत साहू, जिला संरक्षक संतोष साहू, जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू, कोर कमेटी के सदस्य तुलसी साहू, जिला सहसचिव विजय साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संगठन सचिव अशोक साहू, संभावित प्रवक्ता पवन साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय सदस्य राजेश साहू, पूर्व प्रांतीय संगठन सचिव गिरजा शंकर साहू, नगर अध्यक्ष प्रदीप साहू, युवा प्रकोष्ठ टाकेश्वर साहू, श्रवण साहू, नगर सचिव अमरीका साहू एवं अन्य सामाजिक जन उपस्थित रहे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी पवन कुमार साहू संभागीय प्रवक्ता साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बस्तर संभाग (छग) ने दी।

अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई सरगुजा प्रवास पर रहेंगे

कांकेर। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई तीन दिवसीय सरगुजा संभाग के दौरे पर रहेंगे। पोटाई से मिली जानकारी के अनुसार वे 8 जून को प्रातः 10 बजे कांकेर से रवाना होकर रात्रि 8 बजे अम्बिकापुर पहुंचेंगे। अम्बिकापुर में रात्रि विश्राम के बाद 09 जून को सर्किट हाउस अम्बिकापुर में वे विभिन्न सामाजिक प्रमुखों से मिलेंगे तथा उनके समस्याओं से अवगत होंगे साथ ही अत्यंत पिछड़ी कहे जाने वाली जनजाति राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों, पंडों एवं पहाड़ी कोरवा जनजाति से भी मिलेंगे। दोपहर 12 बजे श्री पोटाई सीतापुर पहुंचेंगे जहां विभिन्न सामाजिक प्रमुखों से आदिवासियों के समस्याओं के संबंध में चर्चा करेंगे तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदिवासियों के हित में चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। दोपहर 02 बजे सीतापुर में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के साथ डेन्टल क्लिनिक के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। शाम 06 बजे अ.ज.जा आयोग के सदस्य नितिन पोटाई मैनपाट पहुंचेंगे जहां रात्रि विश्राम करेंगे।

कोण्डागांव की बक्सूबाई संचेती के इच्छा अनुरूप मरणोपरांत परिवार ने उनका नेत्रदान किया

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान सच्ची मानव सेवा है, इसी भावना को अमल करते जब कोण्डागांव के धर्मनिष्ठ सुश्रावक पारसमल जी संचेती की

धर्मसहायिका श्रीमती बक्सू बाई संचेती का 06 जून मंगलवार प्रातः आकस्मिक निधन हो जाने पर संचेती परिवार द्वारा नेत्र दान कराया गया। श्रीमती बक्सू बाई का कुछ महीनों की अस्वस्थता के पश्चात मंगलवार प्रातः ज़िला अस्पताल में निधन हो गया था। जीवित रहते उन्होंने एक बार नेत्रदान की प्रबल इच्छा जताई थी। दो अंध आँखों को नई रोशनी मिले, इस नेक उद्देश्य से जैन श्री संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा उनकी नेत्रदान की भावना की याद दिलाये जाने और प्रेरणा दिये जाने पर संचेती परिवार ने अपनी स्वीकृति दे दी। इसके बाद ज़िला अस्पताल की ओर से नेत्र सहायक अधिकारी अनिल वैध, अशोक कश्यप और फागुराम मंडावी की टीम ने अविलंब आकर नेत्र दान की प्रक्रिया को पूर्ण कराया।नेत्रदान की प्रक्रिया को पूर्ण करने आये डाक्टरों ने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया जल्दी संपन्न हो जाती है, ज़रुरत केवल जागरूकता की है। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास के कारण लोग आगे नहीं आते जबकि यह सच्ची सेवा है।

►► न्यूज ब्रीफ

500 से अधिक पौधे रोपित किए गए

दुर्ग। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ छत्तीसगढ़ की विभिन्न इकाइयों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में 500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। दीया छत्तीसगढ़ की भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, अंबिकापुर, पेंड्रा, जसपुर, बालोद, बेमेतरा सहित सभी इकाइयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे लगाए गए। दीया छत्तीसगढ़ प्रांतीय संयोजक डॉक्टर पी एल साव ने बताया कि पर्यावरण को संरक्षित करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधों का रोपण बहुत आवश्यक है, और दीया छत्तीसगढ़ के द्वारा यह कार्यक्रम लोगों में जागरूकता एवं जिम्मेदारी का एहसास कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। भिलाई में यह वृक्षारोपण कार्यक्रम एंजल वैली स्कूल हुडको के प्रांगण में किया गया जहां मौलश्री, आम, अमरूद, नीम एवं अन्य छायादार पौधे लगाए गए। कोरबा से विजेंद्र जी, पेंड्रा से ओमप्रकाश बलभद्र, बिलासपुर से सौरभ पाटनवार, दुर्ग से डॉक्टर योगेंद्र कुमार, अंबिकापुर से वीणा गुप्ता, जसपुर से राकेश सहित विभिन्न जिला प्रभारियों ने बताया कि सभी जिलों में पूरे उत्साह के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस को मनाया और पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

सालाना उर्स पाक कमेटी का पुरस्कार वितरण समारोह आज, सर्वश्रेष्ठ संदल-चादर, झांकी समितियों का होगा सम्मान

दुर्ग। हजरत बाबा अब्दुर्रहमान शाह काबुली रहमतुल्लाह अलैह के 71 वें उर्स पाक के मौके पर विभिन्न कमेटियों, सामाजिक संस्थाओं द्वारा संदल-चादर, झांकियां निकाली गई थी। सालाना उर्स पाक कमेटी निर्णायक मंडल द्वारा चयनित झांकियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शुक्रवार 9 जून को चयनित झांकियों को सम्मानित करने के साथ ही विभिन्न संस्थाओं, समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सालाना उर्स पाक कमेटी द्वारा जानकारी दी गई है कि दरगाह प्रांगण में 9 जून को रात 8 बजे पुरस्कार कार्यक्रम के पहले शुक्राना की चादर दरगाह में पेश की जाएगी। कार्यक्रम में विधायक, पत्रकार बंधु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा ने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी सालाना उर्स पाक कमेटी के निर्णायक मण्डल प्रभारी हाजी इसराइल बेग शाद ने दी है।

कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाएगा तभी हमें चुनाव में सफलता प्राप्त होगी : सीएम बघेल

कांग्रेस का नारा पूरा दुर्ग संभाग हमारा जीत के लिए मैदान में जुट जाएं कार्यकर्ता : कुमारी सैलजा

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। कांग्रेस के दुर्ग संभागीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते होए कहा कि दुर्ग संभाग ऐसा संभाग है,जिसने कि वासुदेव चंद्राकर के समय किसानों के लिए अपनी पार्टी के खिलाफ जाकर भी आंदोलन छेड़ा और सफल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए निःस्वार्थ काम करेगा, वो जरूर एक दिन बड़ा नेता बनेगा। कोई भी कार्यक्रम करना हो तो ब्लॉक अध्यक्ष को पत्र देना होगा न की जिला अध्यक्ष को। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधानसभा से दावेदारी करने के लिए खुद मैं भी क्यों न होऊं, वो गृह मंत्री क्यों न हों, सभी को ब्लॉक अध्यक्ष को पत्र देना है और उनको मान समान प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की जनहितकारी योजनाओं के लाभ बताते हुए कार्यकर्ताओं से पूछा आप तक लाभ पहुंचा की नहीं?कांग्रेस की सरकार मतलब हर कार्यकर्ता की सरकार। उन्होंने अपने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के बारे में भी बताया।

उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा गोबर खरीदी के लाभ के बारे में विस्तार से बताया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जबसे हमारी सरकार बनी है, हर वर्ग के लोग खुश हैं। किसान हो या मजदूर हो या तेंदू पत्ता का काम करने वाला हो, हर कोई खुश है। कांग्रेस सरकार ने रामायण कथा राष्ट्रीय स्तर पर कराई।कांग्रेस सरकार आने के बाद से नक्सलवाद न के बराबर है। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ कार्य करना है और सभी संगठन चाहे वो कांग्रेस कमेटी हो, युवा कांग्रेस हो या एनएसयूआई सभी को पार्टी के लिए कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित सभी विंग का जयकारा लगाते हुए अपना उद्बोधन समाप्त किया।कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा नेसंबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री ने इतना बेहतर कार्य किया कि भारतीय जानता पार्टी के पास तोड़ नहीं है। इसलिए वह अभी भी सरकार बनाने में असफल होगी। भूपेश सरकार के कार्य की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ मॉडल चर्चित है। कुमारी सैलजा ने कहा कि दुर्ग भिलाई मिनी भारत है। नेहरू जी ने इसे यह स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जानता पार्टी का सोशल मिडिया नेहरू जी के नाम को खराब करता है। दुर्ग के चंदूलाल चंद्राकर जी व मोतीलाल वोरा जी बहुत सीनियर नेता थे, जो कि हर कार्यकर्ता से मुलाकात करते थे। कार्यकर्ता ही पार्टी के नेता हैं। कार्यकर्ता के सक्रिय होने से ही हमारी सरकार है और आगे भी हमारी सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनावी मैदान में पार्टी के हित में कार्य करने के लिए कहा।मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी और सभी कार्यकर्ता गण बूथ टू बूथ जाकर कैसे कांग्रेस पार्टी के लिए काम करेंगे।

मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया के द्वारा अपनी पार्टी के कार्य को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सकता है।वन मंत्री एवं दुर्ग के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भरोसे के सम्मेलन के बारे में बताया।

विद्यालय विकास में प्रधान पाठक रीढ़ की भूमिका में : डीईओ मिश्रा

साजा में शाला प्रवेशोत्सव के पूर्व हुआ आवश्यक बैठक हुई

समवेत शिखर संवाददाता

साजा। नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व ही विकासखण्ड व जिले के समस्त विद्यालयों में आवश्यक रखरखाव, मरम्मत, विद्यार्थी प्रवेश, पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण सहित मध्यान्ह भोजन का उचित क्रियान्वयन सहित प्रमुख मुद्दों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने नगर के सामुदायिक भवन में विकासखण्ड के समस्त संकुल समन्वयक व प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक ली।

डीईओ अरविंद मिश्रा ने कहा कि प्रधान पाठक यदि अपने अधीनस्थ शिक्षकों को प्रेरित कर स्वस्फूर्त होकर कार्य करे तो विद्यालय के विकास को कोई नही रोक सकता। भवन निर्माण सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी लेने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की उपस्थिति, भवन की रंगाई पोताई गोबर पेंट से कराने, शत प्रतिशत बच्चों का विदयालय में नामांकन व ठहराव, उचित दक्षता की प्राप्ति, आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

विभिन्न विषयों पर हुई सार्थक चर्चा : मास्टर्स ट्रेनर हरि केड़िया ने सुष्घर पढवाईया योजना को सविस्तार समझाया व इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। पिछले शैक्षणिक सत्र में राज्य में बेमेतरा की स्थिति सबसे बेहतर होने और शिक्षकों को इस योजना में कार्य करने के लिए बधाई दी। जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा ने शाला सिद्धि योजना के ऑनलाइन पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की साथ ही पाठ्य पुस्तक व गणवेश की ऑनलाइन एंट्री के बारे में भी प्रधान पाठकों को निर्देशित किया।

वन विभाग ने अवैध काष्ठ परिवहन करने वाले ट्रेक्टरों की जब्ती की

प्रतिबंधित कौहा काष्ठ का अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रेक्टर जब्त

समवेत शिखर संवाददाता

बालोद। वनमण्डलाधिकारी आयुष जैन के निर्देशन एवं संयुक्त वनमण्डलाधिकारी एमसी डाहिरे के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम के द्वारा जिले में लगातार अवैध काष्ठ परिवहन करने वाले ट्रेक्टरों को जब्त कर उनके विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार 07 जून को मध्य रात्रि में बालोद-डौण्डीलोहारा मुख्य सड़क मार्ग में ग्राम जुंगेरा के पास 03 ट्रेक्टरों में अवैध कौहा काष्ठ परिवहन करते हुए पाए जाने पर उक्त तीनों टेऊक्टरों की जब्ती की कार्रवाई की गई। वनमण्डालधिकारी आयुष जैन बताया कि बुधवार 07 जून को मध्य रात्रि में वन विभाग की टीम की जाँच के दौरान तीन ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 24 7591 में 2.235 घनमीटर की 20 नग कौहा एवं मिश्रित प्रजाति काष्ठ, ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 19 जी 1185 में 2.881 घनमीटर की 15 नग की कौहा काष्ठ एवं ट्रेक्टर सोल्ड में 3.756 घनमीटर 21 नग कौहा एवं मिश्रित प्रजाति का प्रतिबंधित काष्ठ भरा हुआ पाया गया। वन विभाग की टीम द्वारा अवैध परिवहन करते पाए जाने के कारण ट्रेक्टर मय काष्ठ को जप्त कर काष्ठगार बालोद लाया गया। इन तीनों ट्रेक्टरों में अवैध कौहा भरे होने के कारण वन अपराध कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि जप्त काष्ठ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ वनोपज परिवहन अधिनियम 2001 के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके पूर्व 07 मई को ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 24 5610 में 2.650 घनमीटर की 15 नग कौहा एवं मिश्रित प्रजाति काष्ठ एवं ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 07 एनए 0975 में 2.038 घनमीटर की 14 नग बबूल एवं मिश्रित प्रजाति काष्ठ को अवैध परिवहन करने के कारण इन दोनों ट्रेक्टरों को जप्त कर कार्रवाई की गई। इसी तरह 29 मई 2023 को ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 24 एल 1067 में 2.467 घनमीटर की 06 नग कौहा प्रजाति काष्ठ एवं ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 19 जी 1634 में 2.269 घनमीटर की 13 नग नीम प्रजाति काष्ठ को अवैध परिवहन करने के कारण दोनो ट्रेक्टरों को जप्त कर उनके विरूद्ध राजसात की कार्रवाई की जा रही है।

आईटीआर फॉर्म्स विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का किया गया आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाई नगर। भिलाई सीए ब्रांच की सिकासा शाखा द्वारा आईटीआर फॉर्म्स विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन सीए भवन में किया गया। सेमीनार के दौरान वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा आईटीआर ई फिलिंग और कठिनाइयों की जानकारी दी गई। सेमीनार में वक्ता के रूप में सीए दीपांकर समाद्दार और सीए प्रभजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

सेमीनार इंचार्ज पूरब बरड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि सीए छात्रों को आईटीआर फॉर्म्स की इ फिलिंग में आने वाली कठिनाइयों और बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देने इस सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें सीए दीपांकर समाद्दार ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि आईटीआर फाइल करने के लिए आवश्यक दस्तावेज होना जरूरी है। इसके अलावा नौकरीपेशा के लिए फॉर्म 16 जो कि उनकी कंपनी द्वारा दियाा जाता है और साथ ही टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट प्रूफ होना जरूरी है। सीए प्रभजीत सिंह जग्गी ने बताया कि बहुत से लोग टैक्स बचाने के लिए कुछ टैक्स सेविंग निवेश करते हैं। जो लोग ये दस्तावेज अपने नियोक्ता को तय समय में नहीं दे पाते हैं, उन्हें आयकर रिटर्न फाइल करते समय इसका प्रूफदेने की जरूरत होती है। ये टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट प्रूफ एलआईसी प्रीमियम की रसीद, पीपीएफ में निवेश की पासबुक, ईएलएसएस का सबूत, दान की रसीद, ट्यूशन फीस की रसीद आदि हो सकती है। कार्यक्रम में भिलाई व रायपुर ब्रांच के 200 से अधिक छात्र शामिल हुए। इस दौरान रायपुर सिकासा चेयरमेन सीए रश्मि भांग्ला मुख्य रूप से उपस्थित रही।

बुंदेलीकला में मुक्तिधाम में शेड निर्माण, सामुदायिक भवन का होगा निर्माण, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

समवेत शिखर संवाददाता

राजनांदगांव। ब्लॉक के बुंदेलीकला में मुक्तिधाम में शेड निर्माण, सामुदायिक भवन का भूमिपूजन क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। पूर्व में विधायक भुनेश्वर बघेल द्वारा सामुदायिक भवन का घोषणा किया गया, जिसे स्वीकृति प्रदान के पश्चात व मुक्तिधाम में शेड निर्माण की स्वीकृति जनपद गौण खनिज से स्वीकृति प्रदान किया गया है, जिनका भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि क्षेत्र का विकास हेतु आपका जो आशीर्वाद मिला है, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जा है। आने वाले दिनों में और भी बुंदेलीकला में विकास कार्य होंगे। भूमिपूजन के दौरान मंडी सदस्य भागवत वर्मा, सरपंच खिलेश्वरी साहू, पंच अजय वर्मा, भुनेश्वरी साहू पंच, राजकुमारी वर्मा पंच, अनिल यादव पंच, समलिया वर्मा टेक राम यादव, अक्षय वर्मा, रामखेलावन वर्मा, अर्जुन वर्मा, लेखू राम साहू, कुंवारिया ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

अज्ञात युवक का दाह संस्कार

राजनांदगांव। एक सप्ताह पूर्व हुए सोमनी की दुर्घटना में मृत 25 साल के अज्ञात युवक का अंतिम संस्कार बजरंग दल राजनांदगांव ने पूर्ण किया। यह अज्ञात शव पिछले एक हफ्ते से राजनांदगांव जिला अस्पताल में मरच्यूरी में था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/ /वाचक-1/व्यपवर्तन/2023 पत्थलगांव, दिनांक 02/06/2023

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम घरजियांबथान प.ह.नं. 18, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जयन्ती यादव पति स्व. चित्तुराम यादव, जाति-महकुल निवासी ग्राम घरजियांबथान, तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम घरजियांबथान प.ह.नं. 18, स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदित भूमि- ग्राम घरजियांबथान, प.ह.नं. 18, ख.नं. 36/2/ख, रकबा 0.198 हे. में से 0.040 हे. 4360 वर्गफीट, 405.20 वर्ग मी., आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण)।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 21.06.2023 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है। अतः इससे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव,
जिला-जशपुर (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/1224/वाचक-1/व्यपवर्तन/2023 पत्थलगांव, दिनांक 02/06/2023

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह प.ह.नं. 09, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रमणी पिता उमाशंकर, जाति-महकुल निवासी ग्राम घरजियांबथान, तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पालीडीह प.ह.नं. 09 स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिए व्यपवर्तन बनाये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदित भूमि- ग्राम पालीडीह, प.ह.नं. 09, ख.नं. 248/13, 248/16- योग 02, रकबा 0.020 हे., 0.020 हे. कुल 0.040 हे. 4360 वर्गफीट, 405.20 वर्ग मी., आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण)।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 21.06.2023 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है। अतः इससे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव,
जिला-जशपुर (छ.ग.)

मुहर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार

Office Phone and Fax No.:- 07727-296695
Email ID:- ee-res.abhanpur@nic.in

मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-25

क्रमांक/2529/निविदा/ग्रा.यां.से./2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 05/06/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रथम बार मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है। जीर्णोद्धार कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्य का विवरण	कुल लागत (लाख में)	डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
	विकासखंड कसडोल अंतर्गत विभिन्न शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण/ जीर्णोद्धार कार्य (ग्रुप क्रमांक 01 से 32 तक)। NIT NO.-25	कार्य की लागत राशि रु. 598.63 लाख	प्रत्येक कार्य के लिए डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.06.2023

2/ निविदा की सामन्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 06.06.2023 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बलौदाबाजार

जी-02123/4

खुर्सीटिकुल में आज मनाई जाएगी खुमान लाल साव की पुण्यतिथि

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक संगीत के पुरोधा स्व. खुमान लाल साव की पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खुर्सीटिकुल में 9 जून को मनाई जाएगी। छत्तीसगढ़वासियों के लिए गौरवान्वित करने वाली बात यह है कि चंदैनी गोंदा के संगीत सृजक स्व. खुमान लाल साव लोक कला को वैश्विक मंच पर लेकर गए। वे व्यक्ति से व्यक्तित्व बने और फिर एक सांस्कृतिक विचार बनकर कलाकारों को मार्ग प्रशस्त कर रहे है। खुर्सीटिकुल की पावन धरा ऐसे कलाकार के जन्म से धन्य हो गई है। यह गांव सांस्कृतिक तीर्थ से कम नही है। क्षेत्रीय कलाकारों के अलावा वरिष्ठ गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में एक जुट होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बेंजो वादक दिनेश साव (भिलाई इस्पात संयंत्र), मुरली शरण वैष्णव संरक्षक मंदराजी नाचा कला संस्थान राजनांदगांव, बृज लाल साहू (गायक), गोविंद साहू (साव) खुमान साव संगीत अकादमी राजनांदगांव संस्थापक-संयोजक और मिलिंद साव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। खुर्सीटिकुल पंचायत की सरपंच श्रीमती दुर्गा महानदिया, उपसरपंच मोहित साव, समस्त पंचगण उपस्थित रहेंगे।

।। कार्यालय नगर पालिक निगम दुर्ग ।।

नामांतरण सूचना विज्ञप्ति क्रमांक 09 वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नालिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भूमि/ भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।

संबंधित हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

207	207	देवेन्द्र सिंह चौहान/ स्व. रघुनन्दन सिंह चौहान	राजेन्द्र सिंह/ स्व. रघुनन्दन सिंह चौहान	वार्ड क्रं. 26 संतराबाड़ी	उपहार पत्र
208	208	सुप्ती चौधरी/ स्व. सुहास चौधरी	स्व. सुहास चौधरी/ स्व. सुबोधचंद्र चौधरी	वार्ड क्रं. 46 एल.आई.जी 474 पद्मनाभपुर दुर्ग	छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र दुर्ग का आदेश दिनांक 21.03.2014
209	209	संयोग बघेल/ स्व. दिलेश कुमार बघेल	दिलेश कुमार बघेल/ भुप सिंग बघेल	वार्ड क्रं. 18 प्लाट नं. 265 जवाहर नगर दुर्ग	तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मार्या. जवाहर नगर दुर्ग
210	210	ना.बा. अभीष देशमुख वली दादा मीलूराम देशमुख/ स्व. रविताश देशमुख	रवितास देशमुख/ मीलूराम देशमुख	वार्ड क्रं. 59 कातुलबोर्ड दुर्ग	मृत्यु प्रमाण पत्र
211	211	पल्लवी मंथा, बड़लमनी प्रभाकर, उज्जवल वड़लमनी/ वी. प्रभाकर राव	विजय तिवारी/ सच्चिदानंद तिवारी	वार्ड क्रं. 60 पी.नं. 21 विद्यविहार नेहरु नगर वेस्ट दुर्ग	पंजीकृत बयनामा,
212	212	जया भारती चन्द्राकर/ विजय कुमार	शाहीना कौशर/ अब्दुल वहीद	वार्ड क्रं. 42 कसारीडीह दुर्ग	ऋण पुस्तिका
213	213	कंचन कुमार शुक्ला, रंजन कुमार शुक्ला, नंदन कुमार शुक्ला/ स्व. नरेन्द्र देव शुक्ला	सत्यवती शुक्ला/ स्व. नरेन्द्र देव शुक्ला	वार्ड क्रं. 43 आदर्श नगर दुर्ग	मृत्यु प्रमाण पत्र
214	214	कंचन कुमार शुक्ला, रंजन कुमार शुक्ला, नंदनकुमार शुक्ला/ स्व. नरेन्द्र देव शुक्ला	सत्यवती शुक्ला/ स्व. नरेन्द्र देव शुक्ला	वार्ड क्रं. 49 विद्युत नगर दुर्ग	तहसीलदार का आदेश दिनांक 13.03.2023
215	215	अमीत कुमरी एवं विनय लक्ष्मी पील्ले	आर. बालकृष्ण पिल्ले/ स्व. रामन पिल्ले	वार्ड क्रं. 52 गणपति विहार बोरसी दुर्ग	पंजीकृत बयनामा
216	216	हिंसा राम साहू/ हीरालाल साहू	प्रेमा बाई साहू/ बलदाऊ राम साहू	वार्ड क्रं. 16 सिकोला बस्ती दुर्ग	पंजीकृत बयनामा,

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, दुर्ग

NOTICE

PUBLIC NOTICE UNDER INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

Notice is hereby given to all the concerned that **M/s STAR INDIA AIR TRAVEL & HOLIDAYS** a partnership firm has undergone the following changes:

1. That Shri Sunil Kumar Bansal has resigned from the Business of partnership w.e.f. 01.06.2023 and Shri Mahesh Bansal admitted as a Partner in the above mentioned firm w.e.f. 01.06.2023
2. Further notice is given that Pankaj Bansal and Shri Mahesh Bansal will continue the business in the above mentioned partnership firm.
3. The Administrative office of the firm is situated at A-602 & A-604, Block-A, 6th Floor, Babylon Tower, VIP Square, Telibandha, Raipur-492001 (C.G.)

For, Star India Air Travel & Holidays
(Pankaj Bansal)
Partner

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयान कंपाउंड, वेरावल, गुजरात में- 362266
शाखा कार्यालय: आदित्य बिड़ला हाउसिंह फाइनेंस, स्काईपार्क, यूनिट नं. 402 एवं 403, चौथी मंजिल, जी.ई. रोड के पास, रविनगर, रानी सती मंदिर के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001
1. एबीएचएफएल: प्राधिकृत अधिकारी दीपक पटेल, संपर्क नंबर : 8109349096
श्री बिपुल कौशिक, संपर्क : 9752097861, और चिराग लोखंडे, संपर्क नंबर : 919773758208,
2. नीलामी सेवा प्रदाता (एएसपी) : मेसर्स/ ग्लोब टेक इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड-
श्री समीर चक्रवर्ती, संपर्क नंबर: +91 9810029933, +91 1244470855,
Email ID- CARE@BestAuctionDeal.com

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस।

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई हैं, जिसका भौतिक कब्जा आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, **आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार** को नीलामी द्वारा 26-06-2023 को 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर **27,05,588.83/ रुपए (सत्ताइस लाख पांच हजार पांच सौ अट्ठ्यासी रुपए और तिरासी पैसे मात्र)** की वसूली के लिए बेचा जाएगा, और आगे का ब्याज और अन्य खर्च वसूली की तारीख तक, आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/प्रतिभूत लेनदार, अर्थात् **मोहन सोनकर, और कुंती सोनकर** के कारण।

आरक्षित मूल्य **6,07,800/- रुपए (छह लाख सात हजार आठ सौ रुपए मात्र)** होगा और बयाना राशि (ईएमडी) **60,780/- रुपए (साठ हजार सात सौ अस्सी रुपए मात्र)** होगी। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि **24-06-2023** है। उक्त संपत्ति के निरीक्षण की तिथि **20-06-2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक** निर्धारित की गई है।

अचल संपत्ति का विवरण

वह सभी हिस्सा एवं खंड खसरा नं. 515/2 प. ह. नं. 46 सुभाष वार्ड नं. 20 बगदेहीपारा, मौजा नवापारा, आर. आई. सी. नवापारा, तहसील अभनपुर और जिला रायपुर, नवापारा राजिम. एस. ओ. रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत- 493881.

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर दिए गए लिंक को देखें यानी **https://homefinance.adityabirlacapital.com /properties-for-auction-under-sarfaesi-act or https://sarfaesi.auctiontiger.net**

दिनांक: 09.06.2023
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

न्यूज ब्रीफ

सड़क हादसे में कांग्रेस नेता सुरेश द्विवेदी की मौत

महासमुंद। बीती रात सड़क दुर्घटना में जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी 50 वर्ष का निधन हो गया। वे रात्रि करीब पौने 1 बजे बरोंडा चौक की ओर से अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजे 1950 से लौट रहे थे। कचहरी चौक के पास क्लबपारा की ओर अपने घर जाने के लिए जैसे ही मुड़े वैसे ही तेज रफ्तार से नगर पालिका की ओर से आ रही अज्ञात स्कर्पियों ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे वे वही पर गिर गए। हादसे के बाद स्कार्पियों घटना स्थल से भाग खड़ा हुआ। टक्कर की आवाज से आसपास पेट्रोलिंग में मौजूद पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे और 112 के माध्यम से तुरंत मेडिकल कालेज हास्पिटल महासमुंद पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। द्विवेदी के निधन की खबर इष्ट मित्रों में फैलते ही शोक की लहर फैल गई। सभी घटना की जानकारी एक दूसरे से लेते रहे। कांग्रेस भवन में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्री द्विवेदी पार्थिव काया कांग्रेस भवन लाया गया जहां कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। दोपहर बाद स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें काफी संख्या में नागरिक, कांग्रेसजन व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन सितंबर माह से

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य के बालिका/महिला खिलाडिय़ों को खेलों के प्रति उत्साहित करने एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विकासखंड एवं जिला स्तर पर महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन सितम्बर-अक्टूबर माह में किया जाएगा। जिसमें दो आयु वर्ग 09 से 18 एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन (सिंगल, डबल्स, दलीय), कुश्ती (50 किलो ग्राम, 53 किलो ग्राम), बॉस्केटबॉल, फुटबॉल, वेट लिफ्टिंग(9 से 18 में 40 किलो ग्राम, 45 किलो ग्राम एवम् 18 से ऊपर 35 वर्ष तक 45 किलो ग्राम, 49 किलो ग्राम), रस्साकसी को सम्मिलित किया गया हैं। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि विकासखंड स्तर पर उपरोक्त खेलों का आयोजन कराया जाना है। जिसमें दोनों आयु वर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी/दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर पर आयोजित खेलों के प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी/दल एवं संबंधित खेलों के खेल संघ यदि जिले में सक्रिय हैं तो उनके दल जिला स्तरीय आयोजन में सम्मिलित हो सकेंगे। विकासखंड स्तर पर खिलाड़ियों की जानकारी निर्धारित पंजीयन प्रपत्र में प्राप्त की जाएगी। विजेता दल जो अगली प्रतियोगिता में भाग लेंगे, उनके प्रपत्र आगे की प्रतियोगिता के लिए अग्रेषित किए जाएंगे। जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के महिला खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो सकें, इसके लिए अभी से खेलों की तैयारी शुरू करने आग्रह किया गया है।

सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान का नवीन आबंटन, 21 जून तक कर सकते हैं आवेदन

महासमुंद। अनुविभाग सरायपाली के अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का समर्पण किया गया है, उक्त समर्पित ग्राम पंचायतो में शासन के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) महासमुंद द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान का नवीन आबंटन किए जाने हेतु सरायपाली विकासखंड के 20 ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय बोडेसरा, कंवरपाली, नवागढ़, मोहनमुड़ा, बिजातीपाली, सरायपाली शहरी 03, सरायपाली शहरी 04, सरायपाली शहरी 05, भीखापाली, लिमगांव, बंदलीमाल, डूमरपाली, तोषगाँव, कलेंडा, किसड़ी, छिबर्रा (गेर्रा), गेर्रा ,सानपंधी, अर्जुंडा एवं गोहेरापाली के दुकान हेतु आवेदन मंगाए गए है। इन ग्राम पंचायतों/ नगरीय निकाय में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व सहायता समूहों, ग्राम पंचायतो, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से जो उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक है, वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजो के साथ 21 जून 2023 तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय सरायपाली में कार्यालयीन अवधि में जमा कर सकते है।

निधन

ईश्वरी प्रसाद शर्मा

महासमुंद। स्थानीय क्लबपारा निवासी पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक ईश्वरी प्रसाद शर्मा 98 वर्ष का 8 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 9 जून को सुबह भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भागवत प्रसाद शर्मा, महेश शर्मा के पिता थे।

बूथ मैनेजमेंट की बारीकियों से रूबरू हुए युवा मितान क्लब के सदस्य

दिल्ली से आए ट्रेनर ने बूथ मैनेजमेंट की बारीकियां समझाई

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। दिल्ली से आए ट्रेनर राजीव साहू ने राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को बूथ मैनेजमेंट की बारीकियां समझाई। इस दौरान युवाओं को कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्रियों की जीवनी पर आधारित वीडियो प्रदर्शनी के माध्यम से उनके संघर्षों व योगदान को बताया गया। बाद इसके संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले क्लब के सदस्यों को सम्मान पत्र प्रदान किया। गुरूवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर खरोरा के सांस्कृतिक भवन में दो दिवसीय बूथ बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ।

सर्वप्रथम संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने प्रशिक्षण के महत्व के बारे में युवाओं को अवगत कराया। बाद इसके ट्रेनर राजीव साहू ने बूथ प्रबंधन को लेकर टिप्स देते हुए कहा कि सभी का ध्यान बूथ पर फोकस होना चाहिए। बूथ स्तर पर चुनावी तैयारी को बेहतर बनाते हुए लोगों के बीच पहुंचकर कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इसका प्रचार प्रसार करें। ट्रेनर श्री साहू ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास व कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्रियों की जीवनी पर आधारित वीडियो प्रदर्शनी के माध्यम से उनके संघर्षों व योगदान को बताया। प्रदेश सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल में कराए गए जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी देते हुए मार्गदर्शन भी दिया। ट्रेनर श्री साहू ने चुनाव तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए चुनाव क्षेत्र की समझइ संवाद स्थापित करने की प्रक्रियाए बूथ स्तर पर टीम और कमेटी का गठन व बूथ कमेटी के लिए कार्यकम बनाकर कार्य निर्धारित करने के गुर सिखाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, अंकित बागबाहरा, दिलीप चंद्राकर, रेखराज पटेल, व्यंकटेश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर सहित सोहन यादव, दुर्गेश चंद्राकर, जय मालेकर, मनोज बंजारे, नीरा साहू, प्रभा ठाकुर, ज्योति, सुमन तांडी, सुनीता साहू, संतोष यादव, नागेश सिंह, भोलेनाथ गंधर्व, तारेंद्र ध्रुव, हरीश ध्रुव, सहित युवा मितान क्लब के पदाधिकारी.सदस्य मौजूद रहे।

शोकसभा में दी श्रद्धांजलि

शिविर की शुरूआत के पहले संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि द्विवेदी के निधन से सभी मर्माहत हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करें। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थाना की गई।

भेंट-मुलाकात में पहुंचे संसदीय सचिव ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शहर के वार्ड नं सात व आठ में नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान नागरिकों ने अपनी मांगों की ओर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

गुरुवार को भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर शहर के वार्ड सात व आठ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैठक लेकर नागरिकों की समस्याओं से रूबरू हुए। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उनकी मांगों पर उचित पहल करने की बात कही। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि शहर के चहुंमुखी विकास के लिए भूपेश सरकार कटिबद्ध है। शहरी क्षेत्रों में भी प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नागरिकों की मांग के आधार पर विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराई जा रही है संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि शहर में विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं आएगी। शहर के चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से आवेज खान, कमल प्रजापति, उमा ठाकुर, मीना बरिहा, हेमिन बाई, सुमित्रा बाई, लता मानिकपुरी, केजाई मानिकपुरी, बुसाही सिन्हा, मनीषा मानिकपुरी, रमा राय, कौशिल्या बाई, चित्ररेखा, जमुना यादव, कुतुला राय, निरूपा, वैशाली, ज्योति जगत, बनिता हरपाल, मुंगा बाई यादव, मीना बाई, निरूपा बाई, तिलोजनी बाई, ज्योति राय, पूजा राय, सविता यादव, बिंदा यादव, परवीन खान, मुनी अंसारी, गौरीबाई सोनी, अंकुश बंछोर, सूरज सोनी, मीना बंछोर, सुमित्रा सोनी, रेणुका सोनी, अजय यादव सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

स्कूल परिसर में प्राचार्य व स्टॉफ ने रोपे पौधे, जागरूक करने की अपील

अभनपुर। शासकीय हाई स्कूल गोड़पारा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में स्कूल की प्राचार्य डॉ. भारती अग्रवाल व स्टॉफ ने पौधरोपण किया। वहीं बेनर पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम प्लॉस्टिक उन्मूलन के लिए पॉलीथिन का उपयोग कम करने व कागज के लिफाफो का निर्माण करने पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी कटिबद्धता का प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख (प्राचार्य) डॉ. भारती अग्रवाल ने परिसर में पौधरोपण किया एवं अन्य तरीकों से पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर विचार व्यक्त की। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के भूख व प्यास मिटाने पेड़ों में सकोरे लगाने की अपील की, वहीं उन्होंने जीवों के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान स्कूल के वरिष्ठ व्या याताओं ने भी पौधरोपण किया।

जिला जेल में मानसिक तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुन्द में मानसिक तनाव प्रबंधन कार्य शाला का आयोजन किया गया। डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रोहित कुमार वर्मा डीपीएमएनएचएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के निर्देशन पर कार्य शाला आयोजित किया गया। बंदियों को तनाव कम करने की विधि बताई गई। सुबह समय पर उठकर हल्का व्यायाम करे।साथ ही नियमित योग व ध्यान करे व खानपान पर ध्यान दे।आपसी समन्वय बना कर रखे और वार्तालाप करे।अनावश्यक विवाद में ना पड़े, भाईचारे से रहे, जब तक रहे अपना घर परिवार के समान रहे, सुख दुख में सहभागिता निभाए, अधिक से अधिक मनोरंजन के साधन को अपनाये, मनो सामाजिक देख भाल के विभिन्न पहलू को समझाया गया। इसके अलावा आत्महत्या जैसे संकेतों को भी बताया गया कि किसी भी व्यक्ति का आसमान्य व्यवहार दिखता है तो अपने साथी के माध्यम से संस्था प्रमुख को सूचित करें। डीप ब्रिथिंग, बलून के माध्यम से एक्सर साइज कराया गया। बंदियों को बारी बारी से बुला कर मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। कार्यशाला में 125 बंदियों और स्टॉफ ने भाग लिया।जिला जेल अधीक्षक यूके पटेल और समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता व टीम उपस्थित थे।

प्रबुद्धजनों का लोकसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर भाजपाइयों की हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। स्थानीय भाजपा कार्यालय में 6 जून को महाजनसंपर्क अभियान के तहत प्रबुध्द जनो के लोकसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर बैठक हुई।

बैठक में प्रबुध्दजन सम्मेलन के लोकसभा प्रभारी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपडा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्मेलन की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम महाजनसंपर्क अभियान के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को लेकर दीवान, खल्लारी कौशल चंद साहू, लोकसभा स्तरीय प्रभारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई। जिसमें त्रिलोचन पटेल,धमतरी रविताश, प्रबुध्दजन सम्मेलन के लिए 5 कुरूद रामस्वरूप साहू, राजिम चम्पेश्वर सदस्यों की लोकसभा स्तरीय समिति गिरी, बिन्द्रावनगढ, योगेश शर्मा विधान का गठन किया गया है। जिसमें सभा प्रभारी है। डॉ विमल चोपडा ने लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक प्रबुध्दजन सम्मेलन के लिए कार्यक्रम चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक निर्धारित किया गया है। डॉ विमल चोपडा, सहप्रभारी श्रीमति प्रबुध्दजन सम्मेलन में सामाजिक, अर्चना चौबे सहित श्वेता शर्मा राजनीति और अन्य क्षेत्रो में विशेष ,चन्द्रहास चन्द्राकर, छत्तर सिंग उपलब्धि लोगो का विचारधारा और नायक को लोकसभा स्तर का प्रभार अनुभवो से जनकल्याण के कार्यो के सौपा गया है। महासमुंद लोकसभा के प्रति जन जागरूकता लाने के दृष्टिकोण 8 विधानसभा में महासमुंद से संदीप से इस सम्मेलन में आवश्यक मार्गदर्शन वरिष्ठ पदाधिकारीयो द्वारा प्रदान किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता पुरन्दर मिश्रा, संदीप दीवान ,डॉ एन के अग्रवाल, रामस्वरूप साहू, जगदीश प्रधान,नारेन्द्र गिरी ,मीना वर्मा माथामनी बढई ,भोलाराम साहू, भारत भूषण ,देवेन्द्र साहू ,दुर्गेश यादव, नरेन्द्र साहू ,विजय पटेल सहित बडी संख्या में कार्यक्रम के प्रभारी सदस्य उपस्थित थे।

गोठान में निर्मित गोबर पेंट से शुरू हुई सरकारी भवनों की पुताई

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के अनुरूप महासमुंद स्थानीय गोठानों में निर्मित गोबर पेंट से सरकारी भवनों की पुताई का काम लगातार शुरू है। महासमुंद के बिरकोनी गौठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रिपा अंतर्गत स्थापित गोबर से डिस्टेंपर पेंट बनाने का काम चल रहा है। पहले सिरपुर . बांसकुड़ा में शासकीय उचित मूल्य और आँगनवाडी केंद्र में पुताई गोबर पेंट से की जा चुकी है।

पिछले माह छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के बांसकुड़ा आगमन पर इसकी काफी सराहना हुई। अब लोक निर्माण द्वारा निर्मित महासमुंद के बाल संप्रेक्षण गृह के अहाता का गोबर डिस्टेम्पर पेंट से किया जा रहा है। लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता एसआर चंद्राकर ने बताया कि इसमें लगभग 200 लीटर गोबर पेंट लगेगा। गोबर पेंट की कीमत 160 रुपये प्रति लीटर है। कुल कीमत 32000 होगी। जिले के नवीन निर्मित निर्माण में अब गोबर पेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने हाल ही में रिपा को 1000 लीटर गोबर पेंट का ऑर्डर दिया है। गोबर पेंट की कीमत बाजार में उपलब्ध रासायनिक पेंट से कम है, साथ ही गोबर से निर्मित होने के कारण रासायनिक पेंट की तुलना में इसमें महक भी नहीं आती है। गांवो के गोठान में संचालित रिपा में महिला समूहों द्वारा तैयार किया गया गोबर पेंट अब मल्टी नेशनल कंपनियों के पेंट को टक्कर दे रहा है। पेंट निर्माण में मल्टी नेशनल कंपनियां के पेंट बाजार में देखने को मिलते है। लेकिन अब ग्रामीण महिलाएं भी गोबर पेंट का उत्पादन कर मजबूती से कदम रख रही हैं। जिले में संचालित बिरकोनी गोठानों में रिपा में समूह की महिलाओं द्वारा अब तक लगभग 4000 लीटर पेंट तैयार कर लिया गया है। जिसमें से एक लाख 44 हजार रुपए का पेंट विक्रय कर लिया गया है। गोबर पेंट से ही महिलाओं को 28 हजार 900 रुपए की आय हुई है। पेंट कार्य से जुडी श्रीमती चितरेखा, रामकली यादव, खिलेश्वरी साहू ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित करने के कारण गोबर पेंट बनाने का कार्य जारी है। विभिन्न विभागों से लगातार ऑर्डर भी प्राप्त हो रहा है। गोबर पेंट वास्तव में आजीविका का एक नए साधन के रूप में हमें रोजगार प्रदान कर रहा है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है अपितु यह पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी फायदेमंद है।

मद्रासी पारा आमाबेड़ा चौक में रानी दुर्गावती, वीर गैंद सिंह और गुंडाधुर की मूर्ति का मंत्री लखमा ने किया अनावरण

विधायक नाग ने कहा- एक ही स्थान पर तीनों महान वीरों की मूर्ति स्थापित होने से बढ़ी चौक की गरिमा

समवेत शिखर संवाददाता

कांकेर। गुरुवार को अंतागढ़ स्थित मद्रासी पारा आमाबेड़ा चौक पर प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा के मुख्य आतिथ्य एवं अंतागढ़ विधायक श्री अनूप नाग की अध्यक्षता में वीरांगना रानी दुर्गावती, शहीद वीर गैंद सिंह एवं शहीद गुंडाधुर की मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री कवासी लखमा, अध्यक्षता कर रहे विधायक अनूप नाग और विशिष्ठ अतिथि कांति नाग समेत अन्य अतिथियों ने वीरांगना रानी दुर्गावती, शहीद वीर गैंद सिंह एवं शहीद गुंडाधुर को याद करते हुए उनके अमर कहानी पर प्रकाश डाला।

मंत्री श्री लखमा ने इस दौरान कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती सरीखे महान देशभक्तों का स्मरण करते ही जीवन में रोमांच भर जाता है। रानी दुर्गावती के रास्ते पर चलकर जीवन में देश की मिट्टी के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने का जज्बा लेकर कार्य करने का प्रण हम सभी लोगों को अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती न सिर्फ आदिवासी समाज का बल्कि पूरे राष्ट्र का गौरव है। उन्होंने आदिवासी समाज के लोगां में देश की मिट्टी के प्रति प्रेम एवं समर्पण के भाव के साथ जीवन में अपने कर्तव्यों का सहज निर्वहन करने के कार्यो की जमकर सराहना भी की।

न्यूज ब्रीफ

भूपेश सरकार की बेहतर पहल, शराबबंदी के बजाय हो नशाबंदी : आशीष शर्मा

कुरूद। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हमारे प्रदेश के

यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच हमेशा से ही दूरदर्शी रही है। आज उन्होंने शराबबंदी को लेकर बहुत ही सकारात्मक बयान दिया है। जैसा कि उन्होंने आज कहा कि आज से शराब बंद हैं, इतना कहने में कितना समय लगता है।मैं व्यक्तिगत तौर पर चाहता हूं कि शराब बंद हो,लेकिन शराब बंदी की जगह नशाबंदी होना चाहिए।इस बयान का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद स्वागत करती है। श्री आशीष ने कहा कि मैं भी मुख्यमंत्री जी की इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि शराबबंदी के स्थान पर लोगो के मन-मस्तिष्क से नशे की लत को जड़ से उखाड़ना होगा। इसके लिए हम सभी को विशेष प्रयास करना होगा।अतः हम सभी को इस विषय पर गम्भीरता से सोचते हुए लोगो के बीच जाकर नशाखोरी के बूरे परिणाम बताकर उसे दूर करने के लिये योजनाओं को कार्य मे लाना होगा।

पालिका कार्यालय के सामने भाजपा का धरना प्रदर्शन आज

नवापारा राजिम । नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव ने नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा प्रशासन द्वारा भाजपा पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाएजाने व पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं की मुद्दों को लेकर पालिका कार्यलय के सामने धरना प्रदर्शन को लेकर नवापारा तहसीलदार को आवेदन सौंपा है. धरना प्रदर्शन को लेकर उक्त आवेदन में मंडल अध्यक्ष ने कहा है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों से संबंधित वार्ड में नागरिको का मूलभूत सुविधा खासकर जल की समस्या को लेकर भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाने, नगर में हो रहे अनेकों अव्यवस्था एवं अवैध निर्माण कार्यों के विषय, ग्राम कुर्रा से राजिम पुल तक नाली एवं सड़क निर्माण कार्य हो रही अनियमितता एवं लोगो को होने वाली समस्या की बाते शामिल है। उन्होंने कहाकि इन तमाम विषयों को लेकर भारतीय जनता पार्टी नवापारा मंडल के समस्त जनप्रतिनिधिगण 9 जून शुक्रवार को 11बजे से 2 बजे तक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन नगर पालिका कार्यालय के सामने करेंगी और पारदर्शिता के साथ काम करने की मांग करेगी. उक्त धरना प्रदर्शन आवेदन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी गोबरा नवापारा व मुख्य नगर पालिकाधिकारी को भी दी गई है।

उमेश यादव का सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन

नवापारा राजिम । नवापारा नगर के शीतला पारा के रहने वाले चंद्रशेखर (राजू) रजक को तर्री स्थित कुलेश्वरनाथ

महादेव शासकीय महाविद्यालय कि जनभागीदारी समिति के सामान्य परिषद में सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन किया गया है. उक्त मनोनयन रायपुर सांसद सुनील सोनी व नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव कि अनुशंसा पर की गई। ज्ञात हो कि युवा के प्रेरणास्रोत राजू रजक इसी शैक्षणिक संस्था में आप एक विद्यार्थी रहे उसी जगह एक बड़े दायित्व प्रदान किया गया है बड़े सम्मान की बात है। जीवन से ही छात्रहित पर कार्य करते आ रहे है। अपने कुशल कार्यशैली, छात्र हित में तत्परता से कार्य करने, उनके मुद्दे उठाने में राजू रजक कि सहभागिता देखने को मिलती है। अपने नियुक्ति पर राजू रजक ने रायपुर सांसद सुनील सोनी, मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव सहित सभी शीर्षस्थ नेताओं का हृदय से आभार जताया है। और कहाकि उन्हें जो जिम्मेदारी पार्टी संघठन और सांसद द्वारा दी गई है उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। उनकी नियुक्ति पर पार्षद योगेन्द्र कंसारी ने छात्रहित पर अच्छे से अच्छे कार्य करने प्रेरित किए।

गरियाबंद नगर के गली-मोहल्ले में डामरीकरण

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। नगर में धूल और प्रदूषण मुक्त स्वच्छ नगर बनाने की मुहिम के तहत डामरीकरण का कार्य नगर के हर गली मोहल्ले में किया जा रहा है।ज्ञात हो कि नगर वासियों के स्वास्थ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और नगरपालिका प्रशासन के द्वारा गरियाबंद नगर विभिन्न गली मोहल्ले चौक चौराहों में लगभग एक करोड़ की राशि स्वीकृत कराते हुए नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फ मेमन द्वारा अपनी निगरानी में सड़को में डामरीकरण का कार्य कराय जा रहा है।इसका शुरुवात शनिवार को नगर के स्टेडियम के समीप नगरपालिका के अध्यक्ष गफ्फुमेमन,उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके,सीएमओ टामसन रात्रे, सभापति आसिफ मेमन वार्ड पार्षद रितिक सिन्हा,सांसद प्रतिनिधि प्रह्लाद सिंह ठाकुर, इंजीनियर केशनाथ साहू ,अश्वनी वर्मा भूपेंद्र कश्यप और निर्मल यादव की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर किया गया।

जिसमे स्टेडियम से लेकर मुख्य मार्ग तक की सड़क का नगर पालिका द्वारा डामरीकरण का शुरुवात आज किया गया।इस सड़क की लंबाई करीब 200 मीटर है वही इसकी चौड़ाई 7 मीटर हैं।ज्ञात हो कि नगरपालिका चुनाव के बाद गफ्फुमेमन द्वारा नगर को स्वच्छ और प्रदुषण रहित नगर बनाने का वादा किया गया था।वही उस अभियान को पूरा करने अध्यक्ष के द्वारा सतत प्रयास करते हुए,लगातार उच्चाधिकारियों और मंत्रियों तक सम्पर्क बनाते हुए नगर के विकास के लिए राशि की मांग किया गया।उसी के परिणाम स्वरूप आज नगर का विकास सभी ओर दिखने लगा है।इस विकास के तहत नगर के हर वार्ड में एलइडी स्ट्रीट लाइट वार्ड के चौक में हाई मास्क झूमर लाइट कुछ वार्डों में लोगों के मनोरंजन के लिए गार्डन फौवारा और अब गली मोहल्लों में डामरीकरण और मोटरसाइकिल के साथ अन्य वाहनों के गति नियंत्रण के लिए अपनी निगरानी में फाइवर ब्रेकर लगाया लगाया जा रहा है ताकि वाहनों की गति में नियंत्रण हो और दुर्घटना की आशंका भी कम रहे।अध्यक्ष के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो को देखकर नगर सहित आसपास के नागरिकों को विकास की उम्मीद जागी है।वही नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फुमेमन ने कहा कि विकास की गति और तेज होगी अभी तो नगर का विकास देखने को मिल रहा है ,मौका मिलेगा तो इससे बेहतर पूरे क्षेत्र का विकास करूंगा।

युवक-युवती ने लगाई फांसी

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। जिला मुख्यालय में स्थित साईं मंदिर के पहाड़ के ऊपर एक युवक और युवती के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए।घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक ,थाना प्रभारी राकेश मिश्रा पुलिस टीम मौक़े पर पहुची और मृतकों के परिजनो को घटना स्थल में लेकर आए।घटना के विषय मे थाना प्रभारी राकेश मिश्र ने बताया की आज गुरुवार को साईं मंदिर में भक्तों की भीड़ ज्यादा होती है ,इसी दौरान दर्शन करने आए कुछ लोग साईं मंदिर से प्रसाद लेकर ऊपर पहाड़ के ऊपर घूमने गए उन्होंने देखा कि युवक युवती फँसी ओर लटके हुए है।इसकी जानकारी शाम छै बजे सिटी कोतवाली को दिए ,और जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके ओर पहुच गए।वही परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक

गरियाबंद के शिक्षक नगर का निवासी है ,और युवती उसी से लगे ग्राम आमदी के है ,दोनो नाबालिग है।आत्महत्या के कारणों की जांच किया जा रहा है।

झरिया यादव समाज आनंद खरसेल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। दो दिवसीय झरिया यादव समाज का वार्षिक आमसभा हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न।समापन सभा मे चारगढ़ सभापति भी रहे उपस्थित।

समाज उत्थान के लिए विभिन्न एजेंडाओ एवं नियमावली पर दोनों दिन चर्चा जारी रही। तथा समाज मे महिलाओं को कदम से कदम मिला कर चलने के साथ मुख्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।अंत मे सर्वसम्मति से निर्विरोध आनंद राम खरशेल जी (बिरिघाट) को नवीन सभापति के रूप में चुना गया।साथ ही साथ कार्यकारणी का भी गठन किया जिसमे उपसभापति के रूप में वेणुराम खरशेल व तीर्थो भैसाल, महासचिव प्रवीण साहड़, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहड़, सचिव मिलाप राम ग्वाल, सहसचिव बीरेंद्र भैसाल, संगठनमंत्री पीताम्बर भैसाल, महामंत्री बंशीलाल ग्वाल, सलाहकार नन्हे खरसेल,प्रवक्ता मानसिंह गुवाल तथा कार्यकारणी सदस्य के रूप में मेघनाथ सहड़, चितेश्वर, गाड़ाराम रनदुल्ला, प्रहलाद यादव, शुभम यादव को भी निर्विरोध निर्वाचित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिराम सहड़ जी,बिहारी ग्वाल, होरी लाल खरशेल, लच्छीराम खरसेल, रमेश पांडे, संतोष रतिया, अशोक, शिबो, रोशन, प्रीतम अन्य समाज के सदस्य उपस्तिथ रहे।

कबीर प्राकट्य दिवस पर भंडारा प्रसाद, खीर-पूरी सब्जी, आइसक्रीम शीतल पेय का वितरण किया

बाबूजी फाउंडेशन द्वारा कबीर प्राकट्य दिवस जयंती पर विविध आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। सेवा सद्भावना से श्री सदगुरु कबीर साहेब 626 वी प्राकट्य दिवस मनाया गया। उनके पावन प्राकट्य दिवस पर सुबह-शोभायत्रा पर आजाद चौक पर आइसक्रीम व शीतल पेय कीसेवा भाव,भक्ति, प्रेम, दया, करुणा, के सागर सदगुरु कबीर साहेब ने सबको समान नजरों से देखें ऊंच नीच जात पात पंथ संप्रदाय इन सबसे न्यारे थे।

कबीर साहब कहते हैं इस चराचर में मुझे कहां ढूंढता है मैं तो तेरे ह्रदय में हूं परमात्मा कहीं नहीं हमारे अंदर ही स्थित है।

बाबू तोरण साहू ने बताया हर मानव में परमात्मा है मानव सेवा ही सदगुरु परमात्मा का सेवा है। आरती कर संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक खीर, पुड़ी, सब्जी, शीतल पेय का आयोजन किया गया।उपस्थित भंवर सिंह साहू, तेज प्रकाश जैन, बाबू तोरण साहू,उर्वशी साहू, दुर्गेश साहू, दिलीप साहू, तिलक साहू,संतोष साहू,आर्यन साहू,सोमेंद्र साहू, रामकुमार साहू, नारायण साहू,मनीराम साहू, एल सी साव, ए आर साहू, चंद्रप्रकाश साहू, आदि का सहयोग रहा।

किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी चाहिए

फसलों की दामों में मामूली बढ़ोतरी नाकाफी है : तेजराम विद्रोही

समवेत शिखर संवाददाता

फिंगेश्वर। केंद्र सरकार की कैबिनेट ने खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के लिए खरीफ फसलों के दामों में मामूली वृद्धि किया है। दरअसल यह एक रीति है जैसे हर साल महंगाई दर बढ़ती है सरकार भी मजदूरी दर में वृद्धि करती है उसी प्रकार कृषि उत्पाद के दामों में भी थोड़ी वृद्धि कर दी जाती है जो कि यह नाकाफी है।

अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सचिव व छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संचालक मंडल सदस्य तेजराम विद्रोही ने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किसी भी फसल का लागत से डेढ़ गुणा न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहा है और न ही जो मूल्य सरकार तय करती है वह भी

किसानों को उनके उपज का पूरे साल भर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके इसके लिए कोई कानूनी गारंटी दे रहा है। फसलों की दामो में मामूली वृद्धि से किसान संतुष्ट नहीं है किसानों को उनके सभी फसलों के लिए बारहों माह न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मिल सके यह कानून चाहिए और न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप लागत से डेढ़ गुणा होनी चाहिए।

समाज श्रेष्ठ मानव बनाने का प्रयोगशाला है : नीलकंठ ठाकुर

गुजरा और छुरा सर्कल ध्रुव समाज की संयुक्त समन्वय बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

छुरा। आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सर्कल छुरा और गुजरा सर्कल जिला गरियाबंद के संयुक्त समन्वय बैठक आश्रित ग्राम कोसमबुड़ा में रखी गयी थी।

सामाजिक बैठक के मुख्य अतिथि छ ग सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व ध्रुव गोड़ समाज के संरक्षक नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। सभापति गुजरा सर्कल के अध्यक्ष बाला राम ध्रुव उपसभापति छुरा सर्कल के अध्यक्ष कोमल सिंह ध्रुव ने किया। विशेष अतिथि बतौर दोनों सर्कल के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव सलाहकार प्रमुख रुप से उपस्थित थे। सभा का संचालन समाजिक युवा नेता उत्तम ध्रुव ने किया।मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि समाज समरसता स्थापित करने के लिए है। धन गया तो कुछ गया, शरीर गया तो बहुत कुछ गया और चरित्र गया तो सब कुछ गया। इस लिए समाज अच्छे मानव निर्माण करने का फैक्टरी है। समाज बनाने का काम करती है न कि बिगाड़ने का । स्थिति और परिस्थिति के अनुसार निर्णय लेकर

फैसला लेती हैं। जिसमे उनका भविष्य छुपा होता है।रास्ता बटने वालों को सही दिशा देने का का काम करती है समाज ,कहा। सचिव मोती राम ध्रुव ने दोनो सर्कल के युवक युवती के मध्य उपजे वैचारिक मत भेद को पढ़कर सुनाया। समाज गंगा के द्वारा गहन चिंतन मनन कर दोनों पक्षों को समझा बुझा कर एक सूत्र में पिरोया और दाम्पत्य सुखमय जीवन के लिए आशीवांद दिया गया। अध्यक्ष कोमल सिंह ध्रुव ,और बाला राम ध्रुव ने नव दाम्पत्य जोडे को मार्ग दर्शन देकर आशीवांद दिया। सभा का संचालक उपाध्यक्ष रमेश ध्रुव ने किया। आभार का प्रदर्शन जिला सास्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी गिरिवर ध्रुव ने किया। इस मौके पर समाज के प्रमुख जनों में उद्धो राम ध्रुव, सेवक राम ध्रुव, बृजलाल, देवनारायण ध्रुव, राम प्रसाद, जगदेव, रेवा राम ध्रुव, रामजी ध्रुव, हेमू,रमेश, साधु राम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में दोनो सर्कल के समाजिक पदधारी एवं स्वजाति बंधुगण उपस्थित थे।

पटवारी और सहकारिता कर्मियों की हड़ताल से कार्य प्रभावित

प्रदेश सरकार जल्द ही माँगे पूर्ण करें : चंद्रशेखर साहू

फिंगेश्वर। प्रदेशभर में छग राजस्व पटवारी संघ द्वारा आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से चल रहे हड़ताल के बाद अब सहकारी समिति के कर्मचारियों ने भी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। मामले को लेकर भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जल्द ही विभिन्न कर्मचारी संघों की मांग पर त्वरित विचार कर मांगों को पूर्ण करने की मांग की है। उन्होंने अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण नहीं किए जाने पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इसे वादाखिलाफी करार दिया और कहा कि प्रदेश की सरकार सबके लिए न्याय की बात करती है लेकिन दूसरी ओर कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए हड़ताल करनी पड़ रही है।

उन्होंने आगे कहा कि पटवारियों और सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से पूरी तरह से कार्य ठप पड़ गया है। पटवारियों के हड़ताल से जहाँ स्कूली छात्रों के आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं वहीं बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता का फार्म भरने में कठिनाई हो रही है,

सरकार को अपने चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप सहकारी समिति के कर्मचारियों को नियमितीकरण करना चाहिए,

जब भी किसी कर्मचारी संघ की हड़ताल होती है तो प्रदेश सरकार उसके निराकरण के लिए कमिटी बनाने की बात कहकर सिर्फकोरे आश्वासन देती है लेकिन उस कमिटी की रिपोर्ट कभी नहीं आती या जानबूझकर सरकार लीपापोती करने का काम करती है। अगर प्रदेश की सरकार कर्मचारियों से इसी तरह वादाखिलाफी करती रहेगी तो आने वाले समय में उन्हें इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

जिले में कला जत्था के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी कला जत्था के माध्यम से जिले में दिया जा रहा हैं।

कला जत्था द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में किए जा रहे कार्यक्रम का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।कलेक्टर के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग के द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के चिन्हांकित किए गांवों और साप्ताहिक हाट-बाजार में कला जत्था की टीम द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार सामाग्री का

वितरण भी किया जा रहा है।

जिले में लोक नाट्य दल के कलाकार द्वारा विभिन्न गांवों में प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसी क्रम में जिले के ग्राम धुरसा, कौंदकेरा, बासीन, बेलटुकरी, लफंदी, कोपरा, जेंजरा, पोंड, सहित विभिन्न गांवों में कला जत्था द्वारा मनोरंजक ढंग से कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया। सरल, सहज और सरस तरीके से छत्तीसगढ़ी एवं स्थानीय बोली के माध्यम से इन प्रस्तुतियों के द्वारा राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्ज माफी, धान खरीदी, ब्याजमुक्त कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल, धनवंतरी मेडिकल जेनेरिक स्टोर्स तथा नरवा, गरवा, घुरवा, बारी जैसी अनेक अयोनाओं की जानकारी कला-जत्था दल द्वारा लोगों को दी जा रही है।

संसार में परिभ्रमण का मुख्य कारण कषाय है

समवेत शिखर न्यूज

अहमदाबाद। संसार में परिभ्रमण का मुख्य कारण कषाय है। मन के भीतर क्रोध की आग जबान के द्वारा बाहर निकलती है और झगड़ा प्रारंभ हो जाता है। कहते है जब जबान पर से नियंत्रण हट जाता है तब व्यक्ति नहीं बोलने वाले शब्द भी बोलने लग जाता है। और वहां कलह का स्वरुप धारण कर लेता है। अठारह पाप स्थानकों में 12 वां पाप स्थानक कलह है। इस कलह का मूल ही मन के भीतर रहा हुआ क्रोध है। मन जब क्रोधावेश में आ जाता है तब वाग्युद्ध प्रारंब हो जाता है और उसके साथ ही आसपास का सारा वातावरण अशांत बन जाता है। तथा तन मन के सभी सुख समाप्त हो जाते हैं। इस कलहवृत्ति से मन कलुषित हो जाता है। यह कलह वैर की परंपरा को पैदा करता है।

सोला रोड में बिराजित प्रखर प्रवचनकार संत मनीषि गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ.देव राजयश सूरीश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते है झघड़े की वृत्ति से मैत्री का संबंध टूट जाता है और परस्पर मैत्री के बदले शत्रुता पैदा हो जाती है। कहते है इस कलहवृत्ति से मित्र भी दुश्मन बन जाते है। चित्त में से जब विवेक चला जाता है तभी झघड़े खड़े होते है और झघड़ों से मन असमाधिग्रस्त बन जाता है। जहां झघड़े का वातावरण होगा, वहां समाधि भाव, चित्त की प्रसन्नता टिक ही नहीं सकती है। कलह से घर में रही लक्ष्मी भी चली जाती है क्योंकि जहां संप अर्थात् शांति होगी वहीं पर लक्ष्मी का वास होगा।

एक बार लक्ष्मीदेवी ने रात में आकर सेठ को कहा, मैं दो दिन बाद आपके घर से चली जाऊंगी अतः जो कुछ मांगना हो वह कल मांग लेना। सुबह उठकर सेठ अपनी चारों पुत्रवधुओं को बुलाता है और उन्हें कहता है तुम लोगों को जो वरदान मांगना है मांग लेना। एक पुत्रवधू आलीशान कपड़ों की मांग की दूसरी

पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

पुत्रवधू ने सोने के जेवर की मांग की। तीसरी पुत्रवधू ने हीरे जडित आभूषण मांगे। सेठ की चौथी पुत्रवधू खूब होशियार थी उसने कहा, मैं एकांत में कहूंगी। सेठ ने उसे एकांत में पूछा तो उसने कहा, मुझे अन्य कोई वस्तु नहीं चाहिए। लक्ष्मीदेवी वरदान दे ही रही है तो उनसे मांगो कि अपने घर में कलह (झघड़ा) न हो। दूसरे दिन रात्रि से जब सेठ ने लक्ष्मी के पास चारों पुत्रवधूओं के अलग-अलग वरदान की बात कही तो लक्ष्मी देवी ने कहा, कलह के कारण ही मैं तुम्हारे घर से जा रही थी। जब चौथी वधू ने कलह के अभाव का ही वर मांगा है तो मैं अब यही रहूंगी।

कहने का तात्पर्य यह है कि जहां कलह होगा, वहां लक्ष्मी नहीं रहेगी। पू. महोपाध्याय श्री यशो विजयजी म. ने कलह पापस्थानक की सज्झाय में कहा है कि कलह, वह बारहवां पाप स्थानक है जो दुर्गति की प्राप्ति कराता है। कलह से गुणों की हानि होती है और दोषों की वृद्धि होती है।

कई लोगों के जीवन में नारद वृत्ति होती है। वे इधर की बात उधर और उधर की बात इधर करते रहते है। परस्पर एक दूसरे को लडाना ही उनका काम होता है। महासती द्रौपदी ने नारदजी का यशोचित सत्कार नहीं किया तो रूष्ट हुए नारदजी ने द्रौपदी को आपत्ति में डालने की योजना बनाई।

नारदजी ने पद्मोत्तर राजा को द्रौपदी का चित्र बताया। पद्मोत्तर राजा कामविह्वल हो गया। किसी देव की सहायता से अपने द्रौपदी का अपहरण करवा दिया। इधर द्रौपदी के अपहरण के बाद सभी लोग परेशान हो गए तो उन्हें द्रौपदी का पता भी नारदजी ने ही बताया। इस प्रकार पद्मोत्तर राजा और पांडवो के बीच युद्ध में निमित्त नारदजी ही बने थे। यह नारद वृत्ति अच्छी नहीं है इससे आत्मा व्यर्थ में ही भयंकर पाप कर्मो का बंध करती है दुर्गति की मुलाकात से बचना हो तो कलह छोड़ो परस्पर स्नेह का व्यवहार रखकर शीघ्र आत्मा से परमात्मा बनें।

ड्राइंग की रचनात्मकता से बच्चे मोह रहे मन

समवेत शिखर संवाददाता

कुरूद। कहा जाता है कि ग्रीष्मावकाश छोटे बच्चों के खेलने का समय होता है। जब वे पढाई का सत्र सम्पन्न करके अपने नानी-नानी के घर गर्मी छुट्टी बिताने जाते है।पर आजकल इसकी परिभाषा बदल गई है।खेलकूद का स्थान मोबाइल ने ले लिया है।इसी तरह बच्चों की रचनात्मक गतिविधिया या भी लगभग मोबाइल युग मे खत्म सी हो गई है।इन्ही खत्म हुई चीजों को पुनः वापस लाने व बच्चों में रचनात्मक गतिविधियों की अलख जगाने विगत दिनों नगर के शिक्षक मुकेश कश्यप ने किरण पब्लिक स्कूल कुरुद में लगभग एक महीने तक समर आर्ट क्लास लगाया,जहां बच्चों की एक्टिविटी को मंच देने डांस, ड्राइंग,रंगोली आदि-आदि गतिविधियों के द्वारा कुरुद के सभी स्कूल के बच्चों को एक ही स्थान पर दो घण्टे प्रतिदिन सिखाने की गतिविधियों को पूरा किया।जिसका पालकों, नगर के आमजनों सहित विद्याथी वर्ग ने काफी प्रशंसा की।अब जब समर आर्ट क्लास समाप्त हो चुका है,फिर भी मुकेश कश्यप नही रुके है।वे समर आर्ट क्लास

वाहट्सप ग्रुप द्वारा प्रतिदिन विभिन्न टॉपिक पर ड्राइंग वर्क देकर बच्चों में रचनात्मक गतिविधियों को लगातार बनाएं रखने की कोशिश कर रहे है,जिसका बच्चों द्वारा अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।बच्चे प्रतिदिन टॉपिक मिलते ही ड्राइंग बनाने एक्टिव हो जाते है और कुछ घण्टे भर में ही ग्रुप में ड्राइंग बनाकर शेयर करते है।शिक्षक मुकेश कश्यप का बच्चों के लिए समय निकालना ,बच्चों को समर्पण भाव से सिखाना व उन्हें आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित करना उनकी उच्चतम शिक्षण कार्यप्रणाली व एक बेहतर शिक्षक होने का प्रमाण देती है।

धर्मांतरण को छूट दे रखी है, सनातन को खत्म किया जा रहा : गिरिराज सिंह

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे पर आए हैं। वे गुरुवार को संभागीय मुख्यालय जगदलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यहां के कका नहीं बल्कि खाका हैं, जो भारत के पैसे को खा गए हैं। बस्तर में धर्मांतरण को छूट दे रखे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि, कांग्रेस छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में सनातन धर्म को खत्म करने का प्रयास कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश चल रही है। बस्तर में धर्मांतरण हो रहे हैं। चर्च बन रहे हैं। भारत के सनातनियों को खत्म कर भारत पर कब्जा करने की योजना बनाई जा रही है। जिस तरह से मराठाओ ने बाबर और औरंगजेब को कबूल नहीं किया, उसी तरह हम भी यह कबूल नहीं करेंगे। आदिवासी समाज को क्रिश्चन बनाने का काम किया जा रहा है। इससे देश खोखला होगा।

गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। कहा कि, नरेंद्र मोदी खुद जमीन पर उतरकर काम देखते हैं। ओडिशा में हुए रेल हादसे के पीड़ितों से वे मिलने पहुंचे थे। अपने मंत्रियों के कामों को वे बारीकी से देखते हैं। नरेंद्र मोदी और भाजपा के कामों की बदौलत आज आदिवासी समाज के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि, उन्हें हम पर विश्वास है। हम काम करते हैं। भारत की संस्कृति आदिवासियों और सनातनियों के साथ जुड़ी हुई है। इसी से पहचान बनती है। गिरिराज सिंह ने जगदलपुर के टाउन क्लब मैदान में आम सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। साथ ही दावा किया कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। केंद्रीय मंत्री गुरुवार शाम भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली। उन्हें जीत का मंत्र देंगे।

एक दिन पहले कांकेर दौरे पर थे

दरअसल, 7 जून को गिरिराज सिंह बस्तर के कांकेर पहुंच गए थे। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा था कि, मैं अपने दौरे में अधिकारियों की बैठक के साथ जांच पड़ताल भी करते चल रहा हूं। इस सरकार के पास अगर भारत सरकार का पैसा न आए, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती विकास मंत्रालय का पैसा न आए, तो बत्ती गुल हो जाएगी। कर्मचारियों को पैसा देने के लिए नहीं रहेगा। उन्होंने राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे।

पांच, दस व बीस रुपए के नोटों की भारी किल्लत

स्टेट बैंक की सबसे पुरानी ब्रांच से चेस्ट सुविधा हटाना निंदनीय

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। शहर मे 67 वर्ष पुरानी भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा से चेस्ट सुविधा हटाये जाने के बाद से आम नागरिको के साथ साथ व्यवसायियो को नये नोट नहीं मिल पा रहे है खासकर शहर मे इन दिनो पांच, दस, व बीस रूपये के नोटो की भारी किल्लत मची हुई है।

सब्जी बाजार, हटरी बाजार व सदर बाजार के तमाम दुकानो मे लोगों को पांच, दस व बीस रूपये के नोट की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। दुकानदारो के पास छोटे बडे जो भी ग्राहक पहुंच रहे है वे सभी दो सौ रूपये एवं पांच सौ रूपये के नोट लेकर पहुंच रहे है जिससे आये दिन कहा सुनी की नौबत ग्राहक व दुकानदारो के बीच उत्पन्न हो रहीं है खासकर चिल्हर नोट न होने की वजह से ग्राहको को न चाहते हुये भी अनावश्यक सामाग्री का क्रय करना पड़ रहा है इसी तरह के हालात सब्जी बाजार मे भी उत्पन्न हो गये है जहां चिल्हर नोट नहीं होने की वजह से लोगों को धनिया, मिर्ची, अदरक, लहसून व नीबू सहित अन्य सामान लेकर राउंड फिगर मे नोटो के लेन देन के आंकडे को बिठाना पड़ रहा है। इसी प्रकार की स्थिति किराना दुकानो, होटल, ढाबा, पान ठेला एवं अन्य दुकानो व संस्थानो मे उत्पन्न हो गई है। अनेक दुकानो मे तो छोटे चिल्हर नोट न होने की वजह से बच्चों की चॉकलेट, पीपरमेंट व कहीं कहीं गुटखा देकर एडजस्टमेंट करने का सिलसिला चल रहा है। पिछले कुछ समय से नगर मे छोटे नोटो की किल्लत बनी हुई है जिससे अनेक दुकानदार वस्तु विनिमय पद्धति अपनाकर बडे नोटो का लेन देन बिठा रहे है। नगर के स्टेट बैंक की सबसे पुरानी शाखा से चेस्ट सुविधा समाप्ति के बाद नये नोटो का आगमन भाटापारा मे नहीं हो रहा है जिससे लोग हलाकान है यह ताजूब का विषय है कि प्रदेश के सातवे सबसे बडे नगर भाटापारा मे जहां प्रदेश की सबसे बडी व्यवसायिक मंडी है वहीं प्रदेश का सबसे बड़ा किराना, सब्जी, मनिहारी व कपड़ा एवं राईस, दाल व पोहा मिल सहित अन्य व्यवसाय संचालित है वहां पर चेस्ट सुविधा की समाप्ति आश्चर्य जनक व लोगों को परेशान करने वाला विषय है इस दिशा मे चेम्बर ऑफकामर्स व व्यापारिक संगठनो ने रायपुर स्तर तक बात नहीं उठाई है जिससे समूचे नगर मे छोटे नोटो की किल्लत बनी हुई है व लोग परेशानी से जूझ रहे है। छोटे नोट के अभाव मे रेल व बस यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अच्छी खासी परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है आम नागरिको की परेशानी को देखते हुये भाटापारा मे पुनः चेस्ट की वापसी जरूरी है वहीं समूचे बाजार मे छोटे नोटो का वितरण विभिन्न बैंको द्वारा कराने की दिशा मे प्रशासन को पहल करना चाहिये ताकि समस्याओं से लोगों को मुक्ति मिल सके।

सात दिनों में सड़क मरम्मत ना होने पर भाजपा देगी धरना : सुब्रतो

उपनपाल, नगरनार के आगे भेजापदर के पास रोड की मरम्मत सात दिवस में नहीं होने पर भाजपा करेगी धरना

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। भाजपा नगरनार मण्डल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास के नेतृत्व मे भाजपा प्रतिनिधिमंडल जिसमे रघुराम सेठिया, मोहन, सेठिया, गन्नापूजारी, कमलू राम , रूपेश समरथ, फूलसिह नायर, पन्दरे, दयाराम बघेल, जुगल सेठिया, खगेश्वर देवांगन, गणेश सेठिया , मुरली मनोहर, जयराम नाम, महेश नाग, राजेन्द्र नाग, बली नाग, पुनीत साहू, सुरेश ठाकुर, जितेन्द्र बाकडा, , जगदीश बघेल, अस्तु भारती, टीन्कू जीराम, अजय नेताम ने जगदलपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौतम पाटिल से मिलकर कलेक्टर बस्तर के नाम ज्ञापन सौपा।

कुम्हराकोट चौक से माडपाल होते भेजापदर रोड की मरम्मत की मांग की ।उपनपाल जहा अनेक जगह गहरे गड्ढे है।जिसके कारण लोगो को तकलीफका सामना करना पड रहा है । कई दुर्घटनाऐ हो रही है। भेजापदर, नगरनार, कस्तुरी, करनपुर, उपनपाल, माडपाल, कलचा, गरावण्ड खुरद, खम्हारगाव, भाटागुडा, तूरेनार, धुरगुडा के साथ - साथ बकावण्ड के चितालूर, डोगरीगुडा, के अलावा उडिसा के अनेक लोग करते है।

भाजपा के वरिष्ठजनों की परिचर्चा बैठक व मोर्चा संगठनों की बैठक में मिशन 2023 पर हुई चर्चा

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। भाजपा के सभी सात मोर्चा के विधानसभा पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक एवं वरिष्ठ जनों की परिचर्चा बैठक बारी बारी से भाजपा कार्यालय गोविंद सारंग स्मृति परिसर में हुई। सर्वप्रथम वरिष्ठ जनों का कार्यक्रम संम्पन हुआ तदुपरान्त दोपहर में में सभी सात मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अपनी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया और आगामी समय के लिए पार्टी कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। वक्ताओं ने पार्टी पदाधिकारियों में जोश भरते हुए चुनाव मैदान में उतरने की अपील की

देश में भ्रष्टाचार के प्रतीक है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल-बृजमोहन अग्रवाल

भाजपा वरिष्ठ नेता,विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अगर आप मैदान पर आएं तो एक भूपेश तो क्या 10 भूपेश आ जाएं, भाजपा को हरा नहीं सकते। हमारे पास मतदान केंद्र तक कार्यकर्ताओं की मजबूत फौज है। हमारे कार्यकर्ता समर्पित, संघर्षशील और आम जनता से सीधे जुड़े हुए हैं। कार्यकर्ता भाजपा की शक्ति हैं। अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी छत्तीसगढ़ की जनता के लिए जो पैसा देते हैं, वह कांग्रेस सरकार के चहेते अफसरों के घर से निकलता है।

बृजमोहन अग्रवाल ने आगे कहा कि देश में भ्रष्टाचार के प्रतीक है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल । छत्तीसगढ़ की जनता को अब एहसास हो गया है कि यह भूपेश नहीं ठगेश है जो छल पूर्वक झूठे वादे करके, सत्ता पर काबिज हुए हैं। ऐसे में अब उन्होंने कांग्रेस को ठिकाने लगाने और भाजपा सरकार को वापस लाने का मन बना लिया है।

मोर्चा ऐसा काम करे कि हर वर्ग में जागे भरोसाः-सुनील सोनी

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि समाज के हर तबके तक पहुंचने के लिए मोर्चा की रचना हुई है। समाज के हर व्यक्ति तक हमारी पहुंच और योजना होनी चाहिए। बड़ी और सुविधाजनक जगहों के साथ छोटी-छोटी जगह पर भी कार्यक्रम हो। हर मोर्चे में अपनी योजनाओं और क्षेत्र के अनुसार नवाचार हो। उन्होंने मंत्र दिया कि सभी मोर्चा अपने अपने कार्य क्षेत्र में इस तरह कार्य करें कि वह छत्तीसगढ़ के हर वर्ग के बीच विश्वास हासिल करें। जनता तक यह संदेश पहुंचाएं कि भाजपा ही सबका विकास कर सकती है।

कांग्रेस वादाखिलाफी की राजनीति करती है, और विश्वास की राजनीति करती है भाजपा

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास के जितने काम हुए हैं, वे सभी भाजपा शासन काल में हुए हैं। कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ का विकास रुक गया है। जनता के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए, आम जनता की खुशहाली के लिए सभी कार्य भाजपा की सरकार ने किए हैं। महिलाओं को पंचायती राज में 50 फीसदी आरक्षण दिया। गरीबों को एक रुपये किलो चावल दिया, एसटी-एएसी वर्ग की बेहतरी के लिए काम किया। शिवरतन शर्मा ने भाजपा सरकार में 15 साल हुए काम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चा जनता को बताएं कि वादाखिलाफी करने वाली कांग्रेस और विकास की, विश्वास की राजनीति करने वाली भाजपा में क्या फर्क है। उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी,मोहन बांधे, सुनील यदु,अनिल पांडेय,,पूनम मारकंडेय, विजय केशरवानी,महाबल बघेल,आनंद यादव,सहित विधानसभा में निवासरत जिला पदाधिकारी,चारो मंडल अध्यक्ष -पदाधिकारी एवं सातों मोर्चा के अध्यक्ष व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रदेश सरकार की योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बनी : विधायक

आजीविका मिशन बिहान के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुई विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा

समवेत शिखर संवाददाता

धरसींवा। छत्तीसगढ़ आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत धरसीवा के मंगल भवन परिसर में वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बिहान समूह के समस्त कलस्टर के महिलाओं ने अपने कार्यो का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और आगामी कार्य योजना बनाई और इस अवसर में दो महिला समूहों को बैंक के द्वारा चेक वितरण भी किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा उपस्थित रहीं और कहा लगातार हमारी सरकार के द्वारा जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है जिसमें आज गांव गांव में गौठान और बाड़ी योजना के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनी है और लगातार विभिन्न अन्य योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

आज कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच वहीदा सुल्ताना, उपसरपंच साहिल खान, रोशन पुरी गोस्वामी, रवि लहरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी सहित भारी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

निषाद समाज को आगे बढ़ाना मुख्य लक्ष्य : भुनेश्वर

समवेत शिखर संवाददाता

फिंगेश्वर। गरियाबंद जिला निषाद समाज का चुनाव निषाद समाज सामुदायिक भवन मजरकटा में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ ।

चुनाव को लेकर पूरे जिले में व्यापक रूप से तैयारी की गई थी सुबह से ही प्रत्याशी एवं मतदाताओं के बीच काफी खुशी एवं उत्साह देखने को मिला मुख्य मुकाबला अध्यक्ष पद को लेकर था जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष दानसिंग निषाद एवं पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर निषाद के बीच रहा जिसमें सरकडा निवासी भुनेश्वर निषाद ने अपने प्रतिद्वंद्वी बरभाठा निवासी दानसिंग निषाद को करीबी अंतर से हराते हुए अध्यक्ष पद पर पहिली बार निर्वाचित हुए । अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर भुनेश्वर निषाद जिलाध्यक्ष ने कहा निषाद समाज को अन्य समाज की तरह विकास की मुख्य धारा से जोडना पहली प्राथमिकता है निषाद समाज अब पहले से भी ज्यादा जागरूक एवं आत्मनिर्भर के रूप में एक पहचान मिली है जिसको और ऊंचाई तक ले जाना हम सभी का दायित्व है ऐसा तभी होगा जब सबका साथ एवं सहयोग मिलेगा । निषाद समाज में सभी वर्गों को ध्यान में रखकर पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक अपने - अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आगे बढ़ाना मुख्य लक्ष्य है समाज में महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ते हुए पुरूषों के समान उनका अधिकार दिलाना समाज में व्याप्त कुरूतियो जैसे पिछड़ापन ,अशिक्षा , नशा को जड़ से उखाड़ फेंकना युवाओं को जागरूक करते हुए समाज के मुख्य धारा से जोडना शामिल हैं।

इस अवसर पर पूरे निषाद समाज में खुशी एवं हर्ष का माहौल है सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मिला मृत पौधों का ढेर, पौधारोपण में जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही उजागर

समवेत शिखर संवाददाता

रायगढ़। मनरेगा योजना के सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इस योजना से ग्रामीण मजदूर बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं, लेकिन कई कार्यो के क्रियान्वयन को लेकर जमीनी स्तर की हकीकत न केवल चौंकाने वाली हैं बल्कि निराशाजनक भी हैं। एक ओर इस योजना के तहत कराए जा रहे या कराए गए विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, वहीं कुछ जिम्मेदारों की लापरवाही बरतने और निजी लाभ के उद्देश्य से किए जा रहे कारनामों के कारण कथित विकास मानो कागजों पर सिमट कर रह गया है।

हाल ही में बीते 5 जून को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जगह जगह पौधे रोपे गए। ठीक इसी बीच जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत छाल में मनरेगा योजना के तहत कराए गए पौधरोपण कार्य में गंभीर अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम पंचायत छाल के जिला प्रशिक्षण केंद्र परिसर में पौधरोपण व उसके संरक्षण के लिए करीब पांच लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर दी गई, लेकिन मौके पर लगे कुछ अशोक के पौधों को खर्च किए गए 5 लाख रुपए की उपयोगिता का पैमाना बताकर जिम्मेदार अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

अब इस मामले में एक और हैरतअंगेज खुलासा हुआ है। जहां लाखों खर्च कर सैकड़ों पौधों को लगाए जाने का दावा किया जा रहा है, वहां पर विभिन्न प्रजातियों के मरे हुए पौधे कूड़े के ढेर की तरह मिले हैं। छाल के जिला प्रशिक्षण केंद्र भवन के परिसर में बिना रोपे ही पौधों के कई ढेर पड़े हुए मिले हैं, जो अनदेखी और लापरवाही के कारण मृत हो चुके हैं। यह अस्वाभाविक है कि जिस स्थान पर लाखों रुपए खर्च कर पौधरोपण का दावा रोजगार सहायक कर रहे हैं, वहां पर सैकड़ों बिना रोपे हुए पौधे अपने जीवन की आस लगाए कूड़े के ढेर में तब्दील हो गए और जिम्मेदार विकास का ढिंढोरा पीटते रहे। वहीं रोजगार सहायक के द्वारा वहां लगे अशोक प्रजाति के करीब दर्जन भर से कम पौधों को इस कार्य का हिस्सा बताया गया। अन्य पौधे नहीं लगे होने के सवाल पर रोजगार सहायक ने मवेशियों के सर पर ठीकरा फोड़ते हुए उन्हें इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया तो छाल के जिस जिला प्रशिक्षण भवन परिसर में लाखों ख़र्च कर पौधरोपण कराया गया है, जिसमें रोजगार सहायक 5 लाख रुपए से अशोक के कुछेक पौधों को संरक्षित करने का दावा करते हैं, अब उसी जगह पर सैकड़ों पौधे गमले सहित मृत अवस्था में पड़े मिले हैं। यह स्थिति एक बड़ी गड़बड़ी की ओर इशारा करती है और निष्पक्ष जांच की मांग भी। इसके अलावा इस मामले में जिस तरह की अन्य अनियमितताएं बरती गई हैं, इस पूरे मामले पर हमने मनरेगा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एके सोनकर से संबंधित तस्वीरों को साझा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने कहा कि वे जल्द ही कार्यस्थल पर जाकर निरीक्षण करेंगे और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

भतीजे ने चाचा पर कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र में बीते मंगलवार की देर शाम एक नाबालिक लड़के ने अपने ही चाचा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के द्वारा नाबालिक को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिचनार निवासी सन्नू कर्मा बीते मंगलवार की देर शाम करीबन 7 बजे अपने भाई मंगलू कर्मा से मिलने उसके घर पहुंचा हुआ था। घर में पहुंचने के बाद सन्नू कर्मा का उसके भाई मंगलू के नाबालिक बेटे के साथ शराब पीने को लेकर विवाद हो शुरू हो गया। सूत्रों के द्वारा बताया गया कि सन्नू का नाबालिक भतीजा धीरे धीरे शराब का आदि होने लगा था। जिसे लेकर अक्सर सन्नू अपने भतीजे को समझाईश देता रहता था। उस शाम भी शराब को लेकर चाचा और भतीजे में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आपस में हाथापाई करने लगे। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने दोनों को समझाने की कोशिश करते हुए बीच बचाओ करने लगे। इसी दौरान नाबालिक भतीजे ने आवेश में आकर घर में रखे डंडे से अपने चाचा की पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद नाबालिक ने घर में ही रखे कुल्हाड़ी से अपने चाचा के सर पर दो बार वार कर दिया। जिसकी वजह से सन्नू कर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने नाबालिक को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद परिजनों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाबालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाबालिक के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में शामिल कुल्हाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

न्यूज ब्रीफ

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच 10 जून से

जगदलपुर। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 10 जून से 27 जून 2023 तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच की जाएगी। इसके तहत जिले में उपलब्ध 2126 बैलेट यूनिट 1265 कंट्रोल यूनिट एवं 1450 वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग हैदराबाद के 07 इंजीनियरों का दल उपस्थित रहेगा। समस्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की जांच की जाएगी जांच का कार्य प्रतिदिन सुबह 10.00 बजे प्रारंभ किया जाएगा। आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की जांच का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जांच के दौरान आवश्यक सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

सोलर पंप लगने से खेती करने में हो रही है किसानों को सुविधा

कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की सौर सुजला योजना के बेहतर क्रियान्वयन से दूरस्थ एवं विद्युत रहित ग्रामों के लोगों को सूरज से शीतलता और हरियाली की सौगात मिल रही है। अंदरूनी क्षेत्र के गांवों में विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के अभाव में कृषकों को खेत तक पानी पहुंचाने की समस्या का सामना करना पड़ता था। अब विद्युतविहीन खेतों में सोलर पम्प लगने से खेती किसानी करने में सुविधा हो रही है। जिले के कृषक शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तकनीकों से उन्नत खेती कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की सौर सुजला योजना प्रदेष के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम चवेला निवासी शम्भूराम निषाद ने बताया कि पूर्व में सिंचाई की व्यवस्था के अभाव के कारण खेत बंजर रहता था और कृषि कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्रेडा विभाग द्वारा सोलर पंप लगाये जाने अब खेतों में धान के अलावा अन्य साग-सब्जी की खेती भी हो रही है, जिससे उन्हें प्रति एकड़ 30 से 40 हजार रूपये की आय प्राप्त हो रही है। राज्य शासन द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत स्थापित की जाने वाली सोलर पंप का मुख्य उद्देष्य प्रदेष के कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। सौर सुजला योजना से किसानों को बड़ी राहत मिली है और आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे हैं। सोलर पंप स्थापना से शासन के करोड़ों रुपए की बिजली की बचत भी हो रही है।

बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को दिया जा रहा विभिन्न रोजगारमूलक कलाओं का प्रशिक्षण

युवाओं ने लिया स्व-रोजगार स्थापना का संकल्प

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत बेरोजगार युवक-युवतियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर अपने भविष्य निर्माण के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से युवा बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के साथ उन्हें सक्षम बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ऐसे युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिसके तहत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले जिले के 2935 युवाओं में से 55 को रोजगारमूलक कलाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिसमें से जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ग्राम सिंगारपुरी में रहने वाली जयबत्ती मरकाम को भी छत्तीसगढ़ सरकार की बेरोजगारी भत्ता प्रदाय योजना से बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जयबत्ती ने बताया कि वे बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा हैं और अपने अंतिम परीक्षा के परिणामों का इंतजार कर रही हैं। माता-पिता के अभाव में जयबत्ती के घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है और उन्हें अपने छोटे भाई बहनों की जिम्मेदारी भी उठानी पड़ती है। ऐसे में राज्य शासन के द्वारा बनायी गयी बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए पात्र होने पर जयबत्ती को नई उम्मीद मिली। जिस पर उन्होने बेरोजगारी भत्ता के साथ आजीविकामूलक गतिविधियों को सिखने में भी रूचि दिखायी। जिस पर उनकी रुचि अनुसार अधिकारियों द्वारा उन्हें सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षण हेतु आयोजित हो रहे लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया गया।

जयबत्ती प्रशिक्षण के लिए हर रोज अपने गांव से 30 किलोमीटर बस से सफर करके प्रशिक्षण के लिए आती है क्योंकि उन्हें घर का भी कामकाज भी देखना होता है जयबत्ती कहती हैं कि मैं सरकार के बेरोजगारी भत्ता योजना से बहुत खुश हूं क्योंकि मुझे हर महीने 2500 रुपये मिल रहे हैं और मेरे रुचि अनुसार मुझे सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वे कहती है कि मैं सिलाई कढ़ाई की प्रशिक्षण लेकर आने वाले समय में खुद से ही सिलाई कढ़ाई की दुकान खोलूंगी। जयबत्ती की ही तरह मनाय मरकाम भी जयबत्ती के साथ सिलाई कढ़ाई की प्रशिक्षण ले रही है।

मनाय कहती है कि मुझे सरकार के बेरोजगारी भत्ता योजना से काफी लाभ हो रहा है मैं इस राशि का उपयोग घरेलू जरूरत के लिए करने के साथ ही यहाँ पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हूं। लॉइवलीवुड कॉलेज से ऑटोमोबाइल का प्रशिक्षण ले रहे जैतपुरी के अशोक कुमार नेताम ने बताया कि मेरे घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगारी भत्ता जैसी योजना को लाकर शासन ने हम जैसे युवाओं के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है।

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का किया निरीक्षण

ग्रामीणों से बात कर कहा कि प्लांट खुलने पर हर किसी को मिलेगा रोजगार

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बुधवार को निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी के साथ प्लांट का भ्रमण करते हुए प्लांट निर्माण से जुड़े अधिकारियों से चर्चा कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली। जिसमें अधिकारियों ने बताया कि प्लांट का कार्य निर्माण का कार्य द्रुत गति से संचालित किया जा रहा है। साइलो हेतु आवश्यक उपकरणों को मंगाया गया है साथ ही फर्मेंटेशन टैंक, स्टोरेज टैंक, एमसीसी रुम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पावर प्लांट का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। सभी आवश्यक उपकरण मंगा लिए गए हैं जिनकी स्थापना जल्द से जल्द कर ली जाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि इस प्लांट के खुल जाने से गांव के हर व्यक्ति को रोजगार प्राप्त होगा। कुछ लोगों को प्रत्यक्ष तथा कुछ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि प्लांट निर्माण के पूर्व यहां ज्यादा ऑटो चालकों का आना जाना नहीं हुआ करता था परंतु प्लांट बनने के साथ क्षेत्र के लोगों ने भी ऑटो खरीद ली है और उन्हें लाभ हो रहा है। जिस पर उद्योग मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार प्लांट बनने के साथ अप्रत्यक्ष रोजगार जैसे गाड़ियों का सर्विस सेंटर, भोजन नाश्ता की दुकानों, किराना दुकानों आदि का व्यवसाय भी खुलेगा।

दुकान ले जाने के बहाने जंगल ले जाकर नाबालिग लड़की का ब्लात्कार, चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। जिले के थाना क्षेत्र विश्रामपुरी में एक नाबालिग लड़की से अनाचार करने में मामलें में आरोपी को चंद ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मामले में मिली जानकारी के मुताबिक प्राथीर्या ने बुधवार 07 जून को थाना उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना 06 जून के रात्रि आरोपी बिरेन्द्र कश्यप के द्वारा नाबालिक लड़की को दुकान ले जाने का बहाना बनाकर जोर जबरदस्ती करते हुए मोटसाइकिल से बैठाकर ग्राम आमाडिही जंगल ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया।

इस रिपोर्ट पर को थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 43/2023 धारा 363, 506, 376, 376 (3) भादवि. 04 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना के दौरान आरोपी बिरेन्द्र कश्यप पिता स्व. हरिराम कश्यप जाति कलार उम्र 18 वर साकिन रोगाडिही थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव को उसके सकुनत से पुलिस हिरासत में लेकर तत्काल गिरफ्तार कर बुधवार 07 जून को ही को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी पॉक्सो न्यायालय कोण्डागांव में पेश कर रिमांड पर भेजा। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार भा.पु.से के निदेर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि शंकर ध्रुव, उप निरीक्षक प्रेम शंकर ठाकुर, सउनि. नरेश कुमार साहू, प्र.आर. 224 रामकृष्ण सोम, आर. 480 भोजेन्द्र पटेल, 956 बिरेन्द्र मरकाम, 971 गोविंद नेताम का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

बासनवाही में जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

कांकेर। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कांकेर अंतर्गत कांकेर जिले के तेरहवें बैच के आठ ग्रामों की जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला पंचायत भवन बासनवाही में सरपंच ग्राम पंचायत मुसुरपुट्ठा श्रीमती आरती मरकाम की अध्यक्षता एवं जिला नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन कांकेर नवीन कुमार साहू की उपस्थिति में आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत मुसुरपुट्ठा के सरपंच श्रीमती आरती मरकाम द्वारा जल बहिनियों को उनकी भूमिकाओं से अवगत कराते हुए ग्राम के प्रत्येक जल स्रोत के जल का परीक्षण करने एवं लोगों को जल गुणवत्ता के प्रति जागरूक करने एवं लोगों को शुद्ध पेयजल पीने के लिए प्रोत्साहित करने कहा ताकि विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सके।

जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे जल बहिनियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन में जल बहिनियों की जल गुणवत्ता परीक्षण करने, ग्राम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान है, साथ ही जल बहिनियों को जल जीवन मिशन में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

जिला समन्वयक सुश्री ज्योति शांडिल्य द्वारा जल बहिनियों को जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देते ग्राम के जल स्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना सिखाया व अशुद्ध जल से होने हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों से बचने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला समन्वयक सुश्री निशा वामन ने जल जीवन मिशन के अवयवों को रेखांकित किया जैसे ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बहिनियों के दायित्व, पंप ऑपरेटर की भूमिका, योजना के रखरखाव, अंशदान, रजिस्टर मेंटेन करना आदि की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला समन्वयक छत्रपाल साहू, उपखण्ड कांकेर के जल नमूना संग्रहणकर्ता शत्रुघ्न सिन्हा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, देवकरण मंडावी, आईएसए एनजीओ अर्शिल शिक्षण संस्थान के सदस्य डामेश दास, चंद्रकांत यादव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

खेल-व्यापार-मनोरंजन

एशिया कप : चीनी ताइपे को 11-0 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

काकामिगाहारा (ए)। 52वां), रूतुजा दादोसा पिसल (12वां), नीलम (19वां) मंजू चौरसिया(33वां) , सुनेलिता टोप्पो (43वां और 57वां) , दीपिका सोरेंग (46वां) और मुमताज खान (55वां) ने गोल दागे। भारतीयोंने पहले ही मिनट से अपना दबदबा बना लिया और लगातार गोल करते रहे। वैष्णवी ने पहला फील्ड गोल किया जिसके बाद दीपिका ने पेनल्टी को तब्दील किया।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चीनी ताइपे को आखिरी पूल मैच में 11 . 0 से हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ पूल ए में भारत शीर्ष पर बरकरार है। भारत टूर्नामेंट में तीन जीत और एक ड्रॉ खेलकर अपराजेय रहा। भारत के लिये वैष्णवी विट्ठल फाल्के (पहला मिनट), दीपिका (तीसरा), अन्नु (10वां और

ट्रेविस हेड के शानदार शतक से भारत पहले दिन लड़खड़ाया, आस्ट्रेलिया के तीन विकेट पर 327 रन



लंदन (ए)। ट्रेविस हेड के तेज तर्रार शतक से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण धारहीन दिखायी दिया जिससे आस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 327 रन बनाकर शानदार शुरुआत की। रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश में नहीं चुनने का फैसला फिर भारी पड़ा क्योंकि न तो उमेश यादव और न ही शार्दुल ठाकुर दमदार दिखे जिससे भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह बेदम दिखा। भारत ने अश्विन की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को चुना जिससे भी टीम को कोई मदद नहीं मिली क्योंकि हेड (146 रन बनाकर खेल रहे) और स्मिथ (95 रन बनाकर खेल रहे) ने चौथे विकेट लिये 370 गेंद में 251 रन की नाबाद साझेदारी से आस्ट्रेलिया को तीन विकेट पर 73 रन के स्कोर से उबारने में मदद की।

मार्नस लाबुशेन (26 रन) का विकेट 25वें ओवर में गिरा था जिसके बाद स्मिथ और हेड ने दोपहर और शाम के सत्र में बल्लेबाजी के मुफीद पिच का फायदा उठाया। अभी तक 44 चौके और एक छक्का लग चुका है जिससे भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का लचर प्रदर्शन साफ दिखता है। हेड का यह विदेशी सरजमीं पर पहला और कुल छठा शतक है। भारतीयगेंदबाजों में मोहम्मद सिराज को दूसरे दिन काफी काम करना होगा। सिराज ने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर की तरह उनमें निरंतरता की कमी दिखी। मैच के बचे हुए दिनों में अश्विन को अंतिम एकादश से बाहर रखने को लेकर बहस जारी रहेगी। पर पहले दिन गेंद इतनी टर्न नहीं ले रही थी जिससे रविंद्र जडेजा को ज्यादा फायदा नहीं हुआ जिन्होंने 14 ओवर फेंके लेकिन विकेट नहीं झटक सके। हेड ने अपने 36 टेस्ट के करियर में चिर परिचित अंदाज में खेलते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता बरती जबकि इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम लंच के बाद लाबुशेन के आउट होने से दबाव में आ गयी थी। फुल लेंथ गेंद से उन्हें जरा भी परेशानी नहीं हुई। मोहम्मद शमी हालांकि सुबह के सत्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं कर सकेथे लेकिन उन्होंने लंच के बाद पहली खूबसूरत गेंद पर लाबुशेन के ऑफ स्टंप उखाड़ दिये।

'इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3' में फराह खान ने आरडी बर्मन के बारे में बताया एक दिलचस्प किस्सा!

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3' में इस वीकेंड, सिनेमा के जादू से सराबोर होने के लिए तैयार हो जाइए, जहां इस शो में 'सिनेमा के 110 साल, बेमिसाल' का जश्न मनाया जाएगा। भारत में मोशन पिक्चर्स के शानदार सफर को ट्रिब्यूट देते हुए कंटेस्टेंट्स और उनके कोरियोग्राफर्स राज कपूर, किशोर कुमार, शम्मी कपूर, आर.डी. बर्मन और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के अलावा धर्मेंद्र-हेमा मालिनी, ऋषि कपूर-नीतू सिंह जैसी बॉलीवुड की कुछ यादगार जोड़ियों के गानों पर परफॉर्म करेंगे। इस सेलिब्रेशन को और शानदार बनाएंगी जानी-मानी फिल्ममेकर एवं कोरियोग्राफर फराह खान, जो बीते कई सालों से भारतीय सिनेमा का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इस दौरान लेजेंडरी म्यूज़िक डायरेक्टर आर. डी. बर्मन को एक खूबसूरत ट्रिब्यूट देते हुए कंटेस्टेंट अक्षय पाल और कोरियोग्राफर वर्तिका झा उनके गानों की मैडली पर परफॉर्म करेंगे। इस एक्ट के जरिए फराह खान और सोनाली बेंद्रे दोनों ही पुरानी यादों से बंध जाएंगी, और हिंदी म्यूज़िक इंडस्ट्री के सबसे सफल म्यूज़िक डायरेक्टर्स में से एक आर.डी. बर्मन को याद करेंगी। इस म्यूज़िकल लेजेंड की समर्पित फैन फराह खान उनके काम की तारीफ करते हुए कहेंगी, ÷जाने जां गाना, जिस पर अक्षय ने परफॉर्म किया, वो सोनाली के ससुर की यादगार फिल्म का गाना है। मैं आज भी आर. डी. बर्मन की बड़ी फैन हूं! जब हम फिल्म मैं हूं ना बना रहे थे, तब हमने अपनी फिल्म में यह छोटे-छोटे गाने इस्तेमाल किए थे।

कटोरी अम्मा यानी हिमानी शिवपुरी ने बताया उनके लिए सफलता के क्या मायने हैं

मुंबई। हिमानी शिवपुरी फिलहाल एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रही हैं। उन्हें कई रिकॉर्डतोड़ ब्लॉकबस्टर्स फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं के लिये जाना जाता है। अपनी बेजोड़ प्रतिभा से उन्होंने दुनियाभर के दर्शकों को आकर्षित किया है। उनके उम्दा अभिनय कौशल ने कईयों को उनकी अदाकारी का मुरीद बनाया है और उन्होंने करोड़ों प्रशंसकों के दिल जीते हैं। एक बेबाक बातचीत में उन्होंने अभिनय की कला से अपने गहरे लगाव और एक कलाकार के तौर पर अपने लिये सफलता के मायनों पर खुलकर बात की। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के कुछ प्रमुख अंशः उत्तराखण्ड के दून स्कूल में पढ़ते वक्त ड्रामा के लिये मेरा जुनून बढ़ने लगा था और मैं थियेटर की गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेती थी। केमिस्ट्री में एमएससी करने के दौरान, हमारे कॉलेज में नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा (एनएसडी) का एक वर्कशॉप हुआ। उस पल मुझे लगा कि ऐक्टिंग ही मेरा रास्ता है और मैंने उसमें कॅरियर बनाने का फैसला किया और मैं यही चाहती थी। मैं प्रतिष्ठित नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में गई और इस तरह एक्टर के तौर पर मेरे सफर की शुरूआत हुई।

एचडीएफसी बैंक ने ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स की शुरुआत की

मुंबई (ए)। एचडीएफसी बैंक के रिटेल ट्रेड एंड फॉरेक्स फंक्शन ने अपने ग्राहकों की इस विषय को लेकर जानकारी बढ़ाने के लिए 'ग्लोबल ट्रेड एंड फॉरेक्स टॉक्स' (जीटीएफटी) नामक एक नई लर्निंग और सहभागिता पहल शुरू की है। ये प्रोग्राम प्रतिष्ठित इस सेक्टर के एक्सपर्ट्स को एक कॉमन प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जहां वे वैश्विक व्यापार और विदेशी मुद्रा की दुनिया को शामिल करने वाले विभिन्न विषयों पर ज्ञान और विशेषज्ञता साझा कर सकते हैं। जीटीएफटी नॉलेज प्रदान करने और भारत भर में ग्लोबल ट्रेड और फॉरेन एक्सचेंज की समझ को आसान और समृद्ध बनाने के तरीकों की पहचान करने के लिए वर्चुअल और जमीनी स्तर पर विभिन्न प्रोग्रामों की एक विस्तृत सीरीज़ का आयोजन करेगा।

जीटीएफटी के उद्घाटन सेशन में गेस्ट स्पीकर्स माननीय संतोष कुमार सारंगी (आईएएस), विदेश व्यापार महानिदेशक, भारत सरकार, अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक और श्री जतिंदर गुप्ता, बिजनेस हेड, रिटेल ट्रेड एंड फॉरेक्स, एचडीएफसी बैंक ने भारत की विदेश व्यापार नीति 2023 (एफटीपी) से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और कई उपयोगी बिंदु सामने रखे।

ये सेशन इस बात पर केंद्रित था कि कैसे एफ़टीपी 2023 निर्यात को बढ़ावा देने और भारत को निर्यात सेक्टर में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरने में मदद करने का रोडमैप है। एफ़टीपी का उद्देश्य अपनी टेक्नोलॉजी क्षमताओं का लाभ उठाना और एक अनुकूल ईकोसिस्टम का निर्माण करना है जो भारत के जमीनी स्तर पर ट्रेड डेवलपमेंट को तेजी प्रदान कर सके।

एफटीपी चार कंस्ट्रक्टिव स्तंभों के माध्यम से भारत के एक्सपोर्ट सेक्टर का विस्तार करना जारी रखेगा, यानि छूट के लिए इंसेंटिव, सहभागिता के माध्यम से निर्यात को प्रोत्साहन, व्यापार करने में आसानी और नए उभरते क्षेत्रों की पहचान कर उनको आगे बढ़ाया जाएगा। ये नीति एक सहयोगी कल्चर, एक मजबूत एक्सपोर्ट कंट्रोल व्यवस्था, कम शुल्क स्ट्रक्चर, व्यापार करने में आसानी, और कस्टमाइज्ड निर्यात योजनाओं को बढ़ावा देती है जो समय की उभरती जरूरतों के प्रति प्रतिक्रिया देती है। इस अवसर पर श्री अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड-रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ÷एचडीएफसी बैंक में हम सभी के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि हम नीति निर्माताओं से ग्लोबल ट्रेड और फॉरेन एक्सचेंज को लेकर देश की प्रोग्रेसिव मानसिकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

सीएनएच इंडस्ट्रियल ने छत्तीसगढ़ में फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 'सस्टेनेबल एनवायरमेंट सॉल्यूशन' लांच किया

भिलाई। कृषि और निर्माण उपकरण में दुनिया में अग्रणी, सीएनएच इंडस्ट्रियल ने अपना कार्यक्रम 'सस्टेनेबल एनवायरनमेंट सॉल्यूशन' लॉन्च किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फसल अवशेषों को जलाने से रोकना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह पहल फसल अवशेष प्रबंधन तकनीकों का लाभ उठाने पर केंद्रित है, ताकि एक्स-सीटू प्रबंधन सहित स्थायी विकल्प तलाशे जा सकें और फसल अवशेषों को जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में इंडियन सोसाइटी फॉर एग्रीबिजनेस प्रोफेशनल्स (आईएसएपी) के साथ, कंपनी इस तीन साल की पहल के दौरान छत्तीसगढ़ से शुरू करते हुए आठ स्थानों को लक्षित कर रही है। इसे धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार में स्थित अन्य स्थानों तक बढ़ाया जाएगा। सीएनएच इंडस्ट्रियल के कंट्री मैनेजर और प्रबंध निदेशक ङ्क कृषि व्यवसाय (भारत और सार्क), नरिंदर मित्तल ने कहा, सीएनएच इंडस्ट्रियल में हम टिकाऊ कृषि पद्धतियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं, और यह पहल कृषि उद्योग में सकारात्मक स्थायी परिवर्तन लाने के लिए नवीनतम है।

प्रशासन तुंहर द्वार अभियानः ग्राम पंचायत सरहर में शिविर का हुआ आयोजन

शिविर में 68 आवेदनों का किया गया त्वरित निराकरण

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर चांपा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोंगो के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। आज जिले बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत सरहर में जिला स्तरीय प्रशासन तुहंर द्वार अभियान शिविर आयोजन किया गया।

प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 95 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों में 68 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में महिला बाल विकास विभाग अन्तर्गत उपस्थित जनप्रतिनिधियों से गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधा वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोची पेंटी का वितरण किया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राठौर, कार्यक्रम में श्री गुलजार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ आराध्या राहुल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

भिलौनी में 15 जून को होगा प्रशासन तुंहर द्वार शिविर आयोजन - इसी प्रकार 15 जून को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भिलौनी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 22 जून को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में, 28 जून को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खोखरा में, 6 जूलाई को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत चारपारा में, 13 जूलाई को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत बिर्रा में, 20 जुलाई को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रसौटा में, 27 जुलाई को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तरौद में, 3 अगस्त को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में, 10 अगस्त को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर में, 17 अगस्त को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत चोरिया में, 24 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसला में और 31 अगस्त को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुवा में प्रशासन तुहंर द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के नागरिकों से शिविर में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गई है।

धू-धूकर जलने लगा कैंपर वाहन

ड्राइवर जैसे ही पास के दुकान में गया, शॉर्ट सर्किट से गाड़ी में लग गई भीषण आग

समवेत शिखर संवाददाता

कोरबा। कोरबा जिले के दीपका बस स्टैंड पर खड़ा कैंपर वाहन गुरुवार को धू-धूकर जलने लगा। प्राइवेट कंपनी का ये कैंपर वाहन शॉर्ट सर्किट के कारण आग की चपेट में आ गया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी, लेकिन जब तक दमकलकर्मी पहुंचते, तब तक वाहन का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। मामला दीपका थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को बस स्टैंड के पास सड़क किनारे कैंपर गाड़ी खड़ी थी। भीषण गर्मी में वाहन से निकलकर ड्राइवर एक दुकान में चला गया। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से गाड़ी में आग लग गई। घटना के चलते वहां आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। शोर सुनकर ड्राइवर ने देखा, तो उसकी गाड़ी धू-धूकर जलती हुई दिखाई दी।

आग की लपटों से घिरी गाड़ी को देख ड्राइवर के होश उड़ गए। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इधर स्थानीय लोगों ने भी पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन इसमें नाकाम रहे। बाद में दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग से वाहन जलकर खाक हो गया। घटना के वक्त बस स्टैंड पर काफी भीड़ थी, ऐसे में कोई बड़ा हादसा हो सकता था। यहां लाइन से गाड़ियां खड़ी रहती हैं। बहरहाल आग बुझ जाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

अजब संयोग : एक ही गांव के दो रिश्तेदार दोनों के नाम भी एक

खाते से दूसरे व्यक्ति द्वारा रकम निकासी की भनक न तो वास्तविक खातेदार को लग पाया और ना ही बैंक कर्मचारी भी इस हेराफेरी को समझ पाए

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। बैंक के खाता में एक ही नाम के दो खातेदार में से एक ने दुसरे के पासबुक और एटीएम का उपयोग कर लाखो की निकासी कर ली,सबसे मजेदार पहलु यह है की 5 हजार से 10 हजार रूपये रकम निकलने का खेल पुरे दस साल तक चलता रहा अपने खाते से दुसरे व्यक्ति द्वारा रकम निकासी की भनक न तो वास्तविक खातेदार को लग पाया न ही बैंक कर्मचारी भी इस हेराफेरी को समझ पाए बीते दिनों जब खातेदार ने एकमुस्त 50 हजार की राशी निकाली तो वस्तविक खातेदार का बैलेंश शून्य हो जाने पर खातेदार ने इसकी शिकायत बैंक में की तो पूरा खेल उजागर हो गया, मामला पत्थलगांव पंजाब नेशनल बैंक का है दरअसल इस पुरे खेल में दोनों खातेदारो के एक ही नाम एव एक ही गाँव इतना ही नहीं दोनों खातेदारों के बैंक खाता में नोमनी भी एक ही जैसे नाम दर्ज होने से बैंक कर्मचारी भी इस खेल को समझ नहीं पाए,संयोग से दोनों ही खातेदार आपस में रिश्तेदार भी है मामला पत्थलगांव पंजाब नेशनल बैंक के ग्राम पंचायत डुडुंगजोर के दो खातेदार जिनमें नाम रामचंद्र राठिया पिता गणेश राम दुसरे खातेदार का नाम रामचंद्र राठिया पिता गेंदाराम है वही दोनों खाते में नामनी का नाम में एक में नामिनी रामचंद्र का पुत्र घांसी है , वही दुसरे में नामनी रामचंद्र का भाई घासी का नाम दर्ज है अब इसे बैंक की भूल कहे या खातेदारों के हमनाम होने की वजह से खाते की अदला बदली लेकिन इस खेल में फिलहाल दोनों खातेदार आपस में उलझ से गए है मिली जानकारी के मुताबिक़ एक आहरण करता रहा इस अवधी में खातेदार रामचंद्र राठिया पिता गणेश राम को दुसरे खातेदार रामचंद्र राठिया पिता गेंदाराम के नाम से एटीएम भी प्राप्त हो गया फिर उसने एटीएम से भी निकासी करनी शुरू कर दी, इस तरह रकम निकलने का खेल पुरे दस साल तक चलता रहा अपने खाते से दुसरे व्यक्ति खातेदार रामचंद्र राठिया पिता गणेश राम द्वारा दुसरे खातेदार रामचंद्र राठिया पिता गेंदाराम के खाते से विगत दस वर्षों से छोटे छोटे रकम द्वारा रकम निकासी की भनक न तो वास्तविक खातेदार को लग पाया न ही बैंक कर्मचारी भी इस हेराफेरी को समझ पाए बीते दिनों जब खातेदार ने एकमुस्त 50 हजार की राशी निकाली तो वस्तविक खातेदार का बैलेंश शून्य हो जाने पर खातेदार ने इसकी शिकायत बैंक में की तो गरीब किसान की पूरी जिन्दगी की मेहनत की कमाई कूल 1 लाख 21 हजार रूपये निकासी किये जाने का पूरा खेल उजागर हो गया,अब बैंक वास्तविक खातेदार को उसके खाते से निकाले गए रकम को वापस दिलाने प्रयासरत है इस मामले में दोनों ही खातेदारों के मध्य बैठक कराकर पैसे वापस दिलाने के प्रयास जारी है फिलहाल पहला खातेदार अज्ञानतावस खाते से पैसे आहरण किये जाने की बात कह रहा है तो पीड़ित खातेदार ने जानबुझकर उसके खाते का उपयोग किये

महिला सब इंजीनियर की फरियाद सुनने राष्ट्रीय आयोग पहुंचा रायगढ़

इंसाफ देने के बजाए पुलिस व जेलर ने पीटा, संस्पेंड किया और जेल भेजा

समवेत शिखर संवाददाता

रायगढ़। कांग्रेस सरकार के राज में पिछले चार साल से आरईएस की एक सब इंजीनियर सोनल जैन को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग से की थी। इस पर तीन सदस्यी टीम जांच के लिए कल रायगढ़ पहुंची, जिसने सोनल जैन का बयान दर्ज किया है।

सोनल पिछले दिनों उस समय मीडिया की सुर्खियों में आई थी, जब उसने रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के प्रतिनिधि अरुण शर्मा की बदतमीजी को लेकर प्रकाश नायक से कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन उसे इंसाफ मिलने की बजाए एस्ट्रोसीटी एक्ट में फंसा कर जेल भेज दिया गया और एसपीटीआई व जेलर के इशारे पर उससे जेल में मारपीट की गई। जबकि जेल मेनुवल में इस तरह किसी महिला कैदी के साथ मारपीट नहीं की जा सकती। लेकिन रायगढ़ में सारे कायदे कानून सोनल जैन को सबक सिखाने के लिए ताक पर रख दिए गए।

एक महिलाकर्मी पर हुए इस अत्याचार को लेकर किसी ने भी उसका साथ नहीं दिया, क्योंकि विधायक एवं उसके करिंदो से कोई भी बैर मोल लेना नहीं चाहता था। रसूख व प्रभाव के दबाव में पुलिस ने उसकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की। इन सारे दबाव के सामने भी जब सोनल जैन ने घुटने नहीं टेके तो पुलिस ने उस पर फर्जी केश थोप दिया और बिना किसी आधार के नौकरी से संस्पेंड भी कर दिया गया, जिसमे सोनल को कोर्ट के जरिए राहत मिली। कोर्ट ने एस्ट्रोसीटी के मामले में उसे बरी करते हुए नौकरी में भी बहाल कर दिया और फर्जी केस दर्ज करने वाले टीआई के खिलाफ कार्यवाही किए जाने का आदेश रायगढ़ एस ।पी को दिया। लेकिन आज तक किसी एसपी ने उस टीआई पर कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं की। जबकि इस दौरान तीन एसपी बदल गए।

इधर राजनैतिक दबाव में उसे प्रताड़ित करने का सिलसिला नहीं रुका। संस्पेंडशन खत्म होने के बाद उसे जनपद पंचायत में अटैच कर दिया गया। यहां भी अधिकारियों ने उसे प्रताड़ित किया। जिस प्रोजेक्ट का काम उसको दिया गया, उस से बिना कोई कारण बताए हटा दिया गया। जब कारण पूछा गया तो सीईओ और ईई ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

इस तरह चार साल से विधायक एवं उसके करिंदे से एक महिला अधिकारी अपने दम पर लड़ रही है और बात-बात पर जुलूस व प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी संघों एवं एक्टिविस्टों को सांप सूंघ गया है। किसी ने साथ देना तो दूर उसे नैतिक समर्थन तक नहीं दिया। चार साल बाद इस पीड़िता की आवाज राष्ट्रीय महिला आयोग ने सुनी है और उसके संज्ञान के बाद अब कहीं जा कर पुलिस ने उसकी एफआईआर दर्ज की है। इस बीच सोनल जैन का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमे वह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इंसाफ की गुहार लगा रही है। इस मार्मिक अपील में उसने कहा है कि सीएम से यह उसकी आखरी फरियाद है, आखरी उम्मीद है। यदि 30 मई

परिवारवाद की परिक्रमा करने वाले प्राकृतिक बदलाव की व्यवस्था से अनभिज्ञः गोमती साय

प्रदेश प्रभारी ओम माथुर को बदले जाने मुख्यमंत्री के बयान पर सांसद गोमती की प्रतिक्रिया

समवेत शिखर संवाददाता

रायगढ़। परिवार वाद की परिक्रमा से मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल करने वाले भूपेश बघेल बदलाव की प्राकृतिक व्यवस्था से अनभिज्ञ हैं। यह बयान क्षेत्र की सांसद गोमती साय ने मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव आते आते भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर को बदले जाने के बयान पर दी है। सांसद गोमती साय ने कहा भाजपा समय के साथ बदलाव की प्राकृतिक व्यवस्था का अनुसरण करती है, लेकिन कांग्रेस से जुड़े नेता आजादी के सत्तर वर्ष बाद भी गांधी परिवार की चरण वंदना को अपना सौभाग्य समझते हैं। ढाई-ढाई साल के समझौते के मुख्यमंत्री की कुर्सी पाने वाले भूपेश बघेल को अपनी कुर्सी पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है, इसलिए वे भाजपा में हो रहे बदलावों को देख इसलिए वे भाजपा में हो रहे बदलाव को लेकर समीक्षा करने में व्यस्त है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अहंकारी निरूपित करते हुए सांसद गोमती साय ने कहा वक्त के बदलाव जो समय रहते स्वीकार नहीं करता उसे समय के साथ देश की जनता स्वयं बदलाव करती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दस जनपथ का थोपा हुआ मुख्यमंत्री निरूपित करते हुए सांसद में कहा विधानसभा चुनाव के छः महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव के दौरान ग्यारह में से नौ सीटो में भाजपा को जीता कर छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी सरकार बनाने अहम भूमिका निभाई थी। लोकसभा के चुनाव भूपेश बघेल के नेतृत्व में हुए इसलिए इस हार का नैतिक दायित्व लेते हुए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए था। आने वाले विधान सभा चुनाव में भूपेश बघेल को अपनी हार नजर आने लगी है, इसलिए वे भाजपा में हो रहे बदलावों को देख चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की जमीनी कार्यशैली से भूपेश बघेल भयभीत हो गए हैं। प्रदेश में लगातार भाजपा प्रवेश को लेकर अब भूपेश बघेल को यह समझ जाना चाहिए कि कांग्रेस के जहाज में छेद हो चुका है और डूबने के पहले इस जहाज से उतरने की होड़ मची हुई है। शराब घोटाले एवं गौठान घोटाले में गले का आकंठ तक डूबी भूपेश सरकार से प्रदेश की जनता तंग आ चुकी है। प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और इसकी विदाई तय है। राम महोत्सव के दौरान जिले के मंत्री उमेश पटेल ने मंच में मौजूद सिर्फ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम लेते हुए उन्हें लोकप्रिय बताया जबकि उन्होंने मंच में मौजूद अन्य आदिवासी मंत्रियों का नाम तक लेने से परहेज किया। भूपेश बघेल के मंत्री उमेश पटेल को सांसद गोमती ने भयभीत मंत्री निरूपित किया।

स्कूटी और बाइक में टक्कर, एक की मौत, 3 घायल

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर-चांपा। जिले के भदरा गांव में गुरुवार को स्कूटी और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। वहीं छात्रा और बाइक पर सवार 2 अन्य युवक घायल हो गए हैं। हादसा पामगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, मुड़पार निवासी पूर्वा खांडेकर (15 वर्ष) अपनी स्कूटी से ट्यूशन पढ़ने के लिए पामगढ़ जा रही थी। वहीं पामगढ़ से काम खत्म कर एक बाइक पर सवार होकर 3 युवक सागर कश्यप (20 वर्ष), बजना कश्यप (20 वर्ष) और चंद्रमणि कश्यप (22 वर्ष) अपने घर कुटरा जा रहे थे। ग्राम भदरा में छात्रा की स्कूटी के साथ युवकों की बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के चलते बाइक और स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के चलते बाइक और स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद दोनों गाड़ी पर सवार छात्रा और तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। वहीं बाइक और स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। लोगों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों युवकों और छात्रा को इलाज के लिए पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। यहां डॉक्टरों ने बाइक चला रहे एक युवक सागर कश्यप को मृत घोषित कर दिया। कुटरा निवासी सागर पामगढ़ में एक दुकान में काम करता था।

वहीं छात्रा पूर्वा खांडेकर के सिर पर गंभीर चोट आई है। पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। बाकी के 2 युवकों का इलाज पामगढ़ सीएचसी में जारी है। पुलिस ने मृत युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया गया है।

सुनील टैगोर ने बताया कि पामगढ़ से जांजगीर जाने वाले मुख्य मार्ग ग्राम भदरा में हादसा हुआ है। घायलों और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

तमनार के एनआरसी केंद्र में कुपोषित बच्चों को मिलेगा नया जीवन

विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार ने किया तमनार में एनआरसी केन्द्र का उद्घाटन

समवेत शिखर संवाददाता

रायगढ़। कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में विधायक लैलूंगा श्री चक्रधर सिंह सिदार के मुख्य आतिथ्य में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी)का उद्घाटन हुआ। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा कुपोषित बच्चों में कुपोषण की रोकथाम एवं उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र चलाया जा रहा है। इस दिशा में कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर डीएमएफ मद से सीएचसी तमनार में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की गयी है। जहां तमनार एवं घरघोड़ा विकासखण्ड के कुपोषित बच्चों को नया जीवन मिलेगा। वर्तमान में यहां 10 बेड की सुविधाएं उपलब्ध है। साथ ही सुपोषित आहार की उत्तम व्यवस्था है और इसी के साथ रसोई एवं शौचालय की सुविधा भी मौजूद है। यहां बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद की समुचित व्यवस्था की गई है। इस केंद्र में कुपोषित बच्चों को उनके माताओं सहित समस्त सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री सिन्हा द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना ब्लॉक स्तर पर की जा रही है। जहां चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को एक निश्चित दिन तक रखकर विशेष निगरानी में उन्हें पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण मुक्ति की दिशा में सतत् प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि सीएचसी तमनार के एनआरसी केन्द्र में तमनार एवं घरघोड़ा सहित दूरस्थ इलाकों से आने वाले कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उनका चिकित्सा अधिकारियों के देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

यहाँ गंभीर कुपोषित बच्चों को 6 माह से 5 साल तक प्राथमिक रूप से 15 दिन तक भर्ती कराकर उन्हें पोषण युक्त आहार देकर डॉक्टरों की टीम की देखरेख में उनका इलाज किया जाएगा। अति गंभीर कुपोषित होने पर बच्चों को 21 दिन तक भी रखा जाता है। इस दौरान भर्ती किये जाने वाले बच्चों को 15 दिन तक एनआरसी में रखकर उनका इलाज व स्पेशल डाइट चार्ट तैयार किया जाएगा। जिसमें सही मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज तत्व युक्त भोजन आहार विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया जाता है। साथ ही यहां उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान किया जाएगा।

प्रतिदिन बच्चों का वजन कर उसी के हिसाब से उनको भोजन एवं दवाइयाँ दी जाएगी। एनआरसी से बच्चे की छुट्टी होने के बाद बच्चे का प्रत्येक 15 दिन में कुल 4 बार फॉलोअप भी किया जाएगा। बच्चे के साथ एनआरसी आने वाली उनकी माता या उनके साथ आने वाले परिजनों को भी दिन में 2 समय भोजन और प्रतिदिन 150 रुपया के हिसाब से 2250 रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है।

भाजपा सांसद की गिरफ्तारी को लेकर युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा। महिला यौन उत्पीड़न आरोपो से घिरे भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर आज जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व में नगर के कचहरी चौक में रावणरूपी बृजभूषण शरण सिंह के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुये आरोप लगाया।

कि देश के ओलम्पिक मेडल प्राप्त महिला पहलवानों द्वारा गत 23 अप्रैल से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे होने के बावजूद देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, खेलमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री चुप्पी साधे बैठे हुये है महिला उत्पीड़न के विरूद्ध जीरो टालरेन्स और बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का राग अलापने वाली भाजपा सरकार देश का सम्मान पूरे विश्व में बढाने वाली महिला पहलवानों द्वारा लगाए गये यौन शोषण के गंभीर मामले पर बेटी बचाओ को दरकिनार कर बृजभूषण को बचाओ अभियान में लगे हुये है देश में महिला उत्पीड़न मामलो में भाजपा से जुड़े मंत्री एवं पदाधिकारियों की सनलीप्तता और उनके विरुद्ध सरकार द्वारा कार्यवाही न कर संरक्षण देने के लगातार आ रहे मामलों से स्पष्ट है कि भाजपा को बेटियों के सम्मान से कोई लेना देना नहीं है लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करती जब तक देश की शान महिला पहलवानों के सम्मान नहीं मिलता तब तक कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई में उनका साथ देंगे।

इस दौरान प्रमुख रूप से जिले के वरिष्ठ इंका नेता दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, अजा आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, इंजी. रवि पाण्डेय, जिला कांग्रेस उपाध्यक्षद्वय विवेक सिंह सिसोदिया व रफीक सिद्धिकी, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, युंका विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू अजीत सिंह राणा, हीरा उपाध्याय, पार्षदगण रामविलास राठौर, राजू शर्मा, प्रीतम कश्यप, श्रीमती हेमलता राठौर, श्रीमती मुस्कान परवीन, निशा राठौर, राजा सिद्धिकी, भोलू यादव, बबला तिवारी, गुड्डू पठान, नरसिम्हा यादव, महेश राठौर, अनिल राठौर, अजय निर्मलकर, दिनेश महंत, अविनाश साहू, शुभांकर सिंह, दिलीप कश्यप, सौरभ यादव, पवन कश्यप, मिथुन राठौर, आशुतोष सिंह, आकाश सिंह, संस्कार राठौर, जयसेवायक, लाला चौहान, अतीक कुरैशी, विनोद कुम्हार, पुष्पेन्द्र गढ़वाल, राघव कुर्रे, टिकेश यादव, सितेश कंवर, बुक्कु देवांगन, शांति साहू, शाहरूख खान, जितेश देवांगन, पवन देवांगन, अखिलेश मिश्रा, आयुष खाण्डेकर, अमर कर्ष, आशीष कश्यप, भोला राठौर, वीरेन्द्र श्रीवास, राकेश कहरा आदित्य कश्यप, सतीष कश्यप, आकाश मसीह, जयंत कुमार, अखिल गढ़वाल, बादल गढ़वाल, पप्पू गढ़वाल, हेमन्त कुमार, समीर सोनवान, श्रवण कुमार, बिट्टू गढ़वाल सहित सैकड़ों की तादात में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

दयाशंकर और अवध नारायण बने भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी

खरसिया। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए लगभग 5 महीने बचे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने विभानसभा एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति की है। वहीं दयाशंकर दर्शन एवं अवध नारायण सोनी को खरसिया विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी चयनित किया गया है।ओपी चौधरी के खासम खास दयाशंकर दर्शन और अवध नारायण सोनी के विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी बनने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर देखी जा रही है। दोनों ही शख्स भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अब सोशल मीडिया पर अलग ही रौनक बिखरेगी। वहीं यह प्रभार मिलते ही प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, पूर्व नपाध्यक्ष कमल गर्ग सहित अनेकों ने बधाई प्रेषित की है।